* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

शनिवार 24 फरवरी 2024 ● माघ पूर्णिमा , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 307

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 29.1 | 26.6 |
| जमशेदपुर | 30.9 | 19.0 |
| डालटनगंज | 28.0 | 13.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.



**झारखंड विस का बजट सत्र**

# सदन से राजभवन तक जेएसएससी-जेएसएससी

सत्य शरण मिश्रा। रांची


जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक के मामले पर आंदोलन, प्रदर्शन और राजनीति जारी है. राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा जेएसएससी पेपर लीक मामले को लेकर सरकार पर आक्रामक है. सदन से राजभवन तक सिर्फ जेएसएससी की ही गूंज है.

शुक्रवार को भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर और अंदर पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन और हंगामा किया. कहा कि एसआईटी जांच सिर्फ आईवॉश है, सरकार इसकी सीबीआई से जांच कराए. उधर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल राजभवन पहुंचा और राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की. इस बीच, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी सदन के बाहर पेपर लीक मामले पर बयान दिया और कहा थोड़ा इंतजार करिए.

- सदन में भाजपा विधायकों ने जेएसएससी पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग उठाई
- पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग लेकर राजभवन पहुंचा भाजयुमो का प्रतिनिधिमंडल

**मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा- थोड़ा इंतजार करिए**





### महोदय जेएसएससी का क्या हुआ, जनता पूछ रही है

विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही शुरू होते ही विधायक अमित मंडल ने स्पीकर से कहा- महोदय जेएसएससी मामले का क्या हुआ. राज्य की जनता पूछ रही है. स्पीकर ने कहा, सदन में हमलोग अभी कई दिन रहेंगे. सभी मुद्दों पर बात होगी. इसके बाद भाजपा के विधायक हाथों में स्लोगन लिखे कागज लेकर वेल में पहुंच गये और मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की.

### बुल्डोजर बाबा के राज में भी लीक हुआ था प्रश्नपत्र

विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि जेएसएसी परीक्षा में गड़बड़ी की यह पहली घटना नहीं है. यह परीक्षा में पेपर लीक की देश में 43वीं घटना है. अभी हाल ही में बुल्डोजर बाबा के राज उत्तर प्रदेश में पुलिस बहाली की परीक्षा का भी प्रश्न पत्र लीक हुआ था. इसलिए सिर्फ झारखंड के पेपर लीक के मामले की ही नहीं, देश में जहां-जहां प्रश्न पत्र लीक हुए हैं, उन सभी की जांच होनी चाहिए.

### लाखों में बिके प्रश्नपत्र अब सड़क पर हैं अभ्यर्थी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि जेएसएससी परीक्षा के पेपर लीक का मामला गंभीर है. अभ्यर्थी सड़क पर उतरे हैं. परीक्षा के प्रश्न पत्र लाखों में बिके हैं. इसी सदन से कदाचार रोकने का कानून बनाया गया था. इसलिए सरकार को पेपर लीक मामले की भी सीबीआई से जांच करानी चाहिए.

### तेजी से चल रही एसआईटी की जांच : चंपाई सोरेन

विधानसभा की कार्यवाही खत्म होने के बाद सदन से बाहर निकल कर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि जेएसएसी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद हमलोगों ने मजबूती के साथ एसआईटी का गठन किया है. एसआईटी की जांच तेजी से चल रही है. उसी में हमलोग इसका रास्ता निकाल लेंगे. सीएम ने कहा कि पेपर लीक की समस्या सिर्फ झारखंड में ही नहीं है. इसलिए थोड़ा इंतजार करिए.



**छात्रों के भविष्य से खेलने वालों को चैन से नहीं रहने देंगे :** भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात कर पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की. शशांक राज ने कहा कि पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने को लेकर हम सड़क पर संघर्ष करते रहेंगे.



**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,200 |
| चांदी (किलो) | 73,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### पीएम मोदी एक मार्च को धनबाद आएंगे

**धनबाद।** पीएम नरेंद्र मोदी के एक मार्च को धनबाद आएंगे. यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने दी. राय ने बताया कि पीएम मोदी सिंदरी स्थित हर्ल कंपनी का उद्घाटन करेंगे. इसके साथ हीं एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे. जनसभा के लिए स्थल का निर्णय नहीं किया गया है. यहीं से पीएम लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकेंगे. पीएम के संभावित कार्यक्रम को लेकर शनिवार को भाजपा ने एक बैठक बुलाई है. जिसमें प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा शामिल होंगे. इसके साथ ही भाजपा के सभी विधायक एवं सांसद के साथ जिला पदाधिकारी मौजूद रहेंगे.

### सेक्स रैकेट चलाने के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

**हावड़ा।** भाजपा के एक स्थानीय नेता और 10 अन्य लोगों को हावड़ा जिले के एक होटल में देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि भाजपा नेता सब्यसाची घोष और उनके 10 सहयोगियों को संकरेल इलाके के एक होटल पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया.

### भाजपा को मिले चंदे की जांच हो: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को सरकार पर जांच एजेंसियों के माध्यम से 30 कंपनियों को ब्लैकमेल करके भाजपा को 335 करोड़ रुपए का चंदा दिलवाने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच होनी चाहिए तथा वित्त मंत्री को एक और श्वेत पत्र लाना चाहिए.

### लोस के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का निधन

**मुंबई।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का शुक्रवार को मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में निधन हो गया. मनोहर जोशी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री भी रहे थे. उनके निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पक्ष-विपक्ष के तमाम नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है.

### छात्रों के आंदोलन को मिला अखिलेश-प्रियंका का समर्थन

**प्रयागराज/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा का



प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के विरोध में प्रतियोगी छात्रों का आंदोलन यहां उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के गेट के सामने शुक्रवार को जारी रहा. इस बीच, समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भी अपना समर्थन दिया है.

## हेमंत सोरेन के दो बड़े फैसले पर चंपाई ने लगाई मुहर

# मास्टर स्ट्रोक मंजूर

**कैबिनेट की बैठक**

कौशल आनंद। रांची

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की दो और मास्टर स्ट्रोक घोषणाओं को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की कैबिनेट से हरी झंडी मिल गयी है. राज्य के 29.15 लाख कंज्यूमरों को अब 125 यूनिट तक बिजली फ्री मिलेगी. इससे जुड़े प्रस्ताव को शुक्रवार को चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में हरी झंडी मिल गयी. अभी 21 लाख कंज्यूमर 100 यूनिट फ्री बिजली स्कीम से लाभान्वित हो रहे हैं. मगर 100 की जगह 125 यूनिट का दायरा बढ़ाने के बाद इसका लाभ अब 29.15 लाख कंज्यूमरों को मिलेगा. 100 यूनिट फ्री बिजली में सरकार पर जहां मासिक 100 करोड़ रुपए का बोझ पड़ता था, जो अब बढ़ कर 175 करोड़ हो जाएगा. यह राशि सरकार जेबीवीएनएल को मासिक के रूप में देगी. बतातें चलें कि दिसंबर माह में ही पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने अपनी सरकार की चौथे वर्षगांठ पर इसकी घोषणा की थी. जिसे वर्तमान चंपाई सोरेन सरकार ने हरी झंडी दे दी.

**42,664 सहियाओं को मिलेगा टैब :** चंपाई सोरेन सरकार ने हेमंत सोरेन की एक अन्य अहम घोषणा को हरी झंडी प्रदान कर दी है. सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत्त सहियाओं को जल्द ही टैब देगी. इसका लाभ राज्य भर की 42,664 सहियाओं को मिलेगा. उन्हें सरकार की योजनाओं में काम करने के लिए अधिक सुविधा मिल पाएगी. इसकी मांग सहियाओं के द्वारा वर्षों से की जा रही थी. जिसको लेकर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने भरोसा दिया था. मालूम हो कि हेल्थ मिशन के तहत सहिया केंद्र और राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग के स्कीम को ग्रास रूट तक पहुंचाने और उसे उतारने का काम करती हैं. सहियाओं की आर्थिक स्थिति वैसी नहीं होती हैं कि हर सहिया स्मार्ट फोन एफोर्ड कर सके. इतना ही नहीं सरकार के एक अहम निर्णय के अनुसार समेकित बाल विकास परियोजना के तहत कार्यरत महिला सुरवाइजर एवं सक्षम आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्ट फोन के लिए अब 8 हजार के बदले 10 हजार रुपए प्रदान किया जाएगा.

**कैबिनेट के बड़े फैसले**

**29.15** लाख कंज्यूमर्स को मिलेगी **125** यूनिट फ्री बिजली

**42 हजार सहियाओं को सरकार की तरफ से मिलेगा टैब**

- सुपरवाइजर और सेविकाओं को अब स्मार्ट फोन के लिए मिलेंगे 10 हजार
- पीडीएस दुकानों की पॉश मशीन टू जी से बदलेगी फोर जी में

### राशन नहीं मिलने की शिकायतें होंगी दूर



सरकार ने एक अन्य फैसला लेते हुए जनवितरण प्रणाली सिस्टम में सुधार का निर्णय लिया है. अक्सर यह शिकायतें आती थीं कि राशन वितरण के समय अंगूठा लगाने वाली पॉश मशीन का सर्वर काम नहीं करता है. जिससे राशन दुकान के साथ-साथ लाभुक भी परेशान होते थे. इसका मुख्य कारण थी पुरानी टेक्नोलॉजी. अब सरकार ने राज्य के 27 हजार से अधिक जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को टूजी पॉश मशीन के बदले 4 जी पॉश मशीन देगी. इससे लाभुकों और राशन दुकानदार दोनों को सुविधा होगी और राशन नहीं मिलने की समस्या दूर होगी.

### रोड चौड़ीकरण या मास्टर प्लान में ली जानेवाली सीएनटी-एसपीटी जमीन अब दान या हस्तांरित नहीं, सरेंडर होगी

सरकार ने एक अहम फैसला लिया है. सरकार ने सीएनटी-एसपीटी एक्ट के दायरे में आने वाले एसटी-एससी और ओबीसी बिल्डिंग बॉयलॉज में संशोधन किया है. सरकार ने फैसला लिया है कि वर्तमान में जहां पर मास्टर प्लान या रोड चौड़ीकरण के दौरान सीएनटी-एसपीटी एक्ट के दायरे में आने वाली जमीन संबंधित निगम या एजेंसी को दान या हस्तांतरित करते थे, मगर इसके कारण इन्हें बाद में अपने मकान का नक्शा पास कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था. इसलिए सरकार ने यह निर्णय लिया है कि अब ऐसी जमीन दान या हस्तांरित नहीं होगी, बल्कि म्यूनिसिपल या आरआरडीए को सरेंडर कर देना होगा, ताकि भविष्य में उस जमीन पर किसी भी प्रकार का दावा संबंधित व्यक्ति का न हो और संबंधित एजेंसी या जमीन मालिक के बीच किसी भी तरह का विवाद उत्पन्न न हो एवं उसका नक्शा पास कराने में किसी प्रकार की दिक्कते न हो. मालूम हो कि सीएनटी-एसपीटी के दायरे में आने वाली जमीन का हस्तांतरण नहीं होता है, इसलिए सरकार ने इसका रास्ता निकालने का प्रयास किया है. जिससे सरकार को मास्टर प्लान या रोड चौड़ीकरण के दौरान जमीन लेने में दिक्कतें उत्पन्न न हों. यह मांग झारखंड में कई वर्षों से हो रही थी.

## हेमंत की याचिका पर हाईकोर्ट में अब सोमवार को होगी सुनवाई


संवाददाता। रांची



झारखंड हाईकोर्ट में आज शुक्रवार को पूर्व सीएम और बरहेट के विधायक हेमंत सोरेन की याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई. जिसके बाद न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच ने सुनवाई की अगली तारीख 26 फरवरी सोमवार को निर्धारित कर दी. बता दें कि रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने बीते गुरुवार को हेमंत सोरेन को बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था. जिसके बाद हेमंत सोरेन ने रांची पीएमएलए कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से अधिवक्ता पियूष चित्रेश और श्रेय मिश्रा ने बहस की.

### प्रेम प्रकाश की बेल पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री करने के आरोपी प्रेम



प्रकाश की जमानत याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच ने सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया.

### हाईकोर्ट ने साहिबगंज में अवैध खनन की सीबीआई जांच पर लगी रोक हटायी

**रांची।** साहिबगंज के नींबू पहाड़ में अवैध खनन के मामले में चल रही सीबीआई की जांच पर लगी रोक हाईकोर्ट ने हटा दी है. दरअसल नींबू पहाड़ में अवैध खनन मामले की जांच सीबीआई कर रही थी. इस संबंध में सीबीआई ने कांड संख्या 06/23 दर्ज किया है. सरकार ने सीबीआई जांच के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. जिसपर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 19 जनवरी को सीबीआई जांच के आदेश पर रोक लगा दी थी. राज्य सरकार की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल, महाधिवक्ता राजीव रंजन और पीयूष चित्रेश ने बहस की. सीबीआई की ओर से एएसजीआई (एडिशनल सॉलिसिटर जनरल) अनिल कुमार ने बहस की. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच में हुई.

## खनौरी बॉर्डर पर किसानों ने की पत्थरबाजी, पुलिस का लाठीचार्ज

# किसान आंदोलन अब और तेज होगा

कुमार माधवन

एमएसपी और अन्य मांगों को लेकर किसान आंदोलन उग्र होता जा रहा है. शुक्रवार को यहां हिसार पुलिस के द्वारा किसानों पर आंसू गैस के गोले दागे गए, जिसके जवाब में हजारों किसान खेड़ी चौपटा बॉर्डर पर जमा हो गए हैं. बता दें कि किसान खनौरी बॉर्डर पर पंजाब के किसानों से मिलना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया. आंसू गैस के गोले छोड़े. यह देख किसानों ने पथराव कर दिया. इसमें थाना नारनौंद के एसएचओ चंद्रभान और कई किसान घायल हैं. सुरेश कोथ समेत कुछ किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और हिसार पुलिस ने बॉर्डर पर अतिरिक्त फोर्स तैनात की है.



**सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल :** किसान आंदोलन पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके सरकार को यह आदेश देने की मांग की गई है कि किसानों पर बल प्रयोग न किया जाए. साथ ही कोर्ट सरकार को निर्देश दे कि किसानों को दिल्ली आने दें, क्योंकि **'प्रदर्शन करना उनका अधिकार'** है.

**खनौरी सीमा पर एक किसान की हृदयाघात से मौत :** फसलों के दिल्ली चलो आंदोलन के तहत खनौरी में डेरा डाले एक किसान की हृदयाघात से मौत हो गई. किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने बताया कि बठिंडा के दर्शन सिंह की मौत हो गई. इससे पहले झड़प में 21 वर्षीय शुभकरण की मौत हो गई थी.

**दो टूक** कश्मीरी पत्रकार याना मीर ने देश की छवि खराब करने वालों पर साधा निशाना

# मैं मलाला नहीं हूं, मैं भारत में पूरी तरह सुरक्षित हूं

एजेंसी। नयी दिल्ली

कश्मीरी पत्रकार याना मीर ने ब्रिटेन की संसद में पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई है. उनका कहना है कि वह पाक एक्टिविस्ट मलाला यूसुफजई नहीं हैं. इसलिए उनकी तुलना मलाला से नहीं की जाए. वह अपने देश (भारत) में सुरक्षित हैं. मीर का कहना है कश्मीर हमेशा से ही भारत का अभिन्न अंग रहा है. आगे भी रहेगा. उन्होंने कश्मीर के युवाओं के विकास में भारतीय सेना के प्रयासों की भी सराहना की. याना को यूके पार्लियामेंट द्वारा आयोजित संकल्प दिवस में सम्मिलित होने को बुलाया गया था. यहां उन्हें डायवर्सिटी एबेंसडर पुरस्कार दिया गया. इस कार्यक्रम में ब्रिटेन के सांसदों सहित अन्य देशों की 100 बड़ी हस्तियों ने भाग लिया था. इनमें से एक याना भी थीं. याना ने इस दौरान न सिर्फ भारत का शानदार तरीके से प्रतिनिधित्व किया, बल्कि पाक समेत उन सभी लोगों को भी मुंहतोड़ जवाब दिया, जो भारत की छवि खराब करते हैं. यूके की ससंद में याना का भाषण सुन कर वहां मौजूद लोगों ने याना के लिए जम कर तालियां बजाईं.

**मैं अपने देश भारत से प्यार करती हूं**

अपने भाषण में याना ने कहा, मैं मलाला यूसुफ़ज़ई नहीं हूं. क्योंकि मैं स्वतंत्र हूं और मैं अपने देश, भारत, मातृभूमि कश्मीर, जो भारत का हिस्सा है, में सुरक्षित हूं. मुझे कभी भी अपनी मातृभूमि से भाग कर आपके देश यूके में शरण लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी. मैं कभी भी मलाला यूसुफ़ज़ई नहीं बनूंगी. लेकिन मुझे मलाला यूसुफजई द्वारा मेरे देश, मेरी प्रगतिशील मातृभूमि को उत्पीड़ित कह कर बदनाम करने पर आपत्ति है. मुझे सोशल मीडिया और विदेशी मीडिया पर मौजूद ऐसे सभी टूलकिट सदस्यों से आपत्ति है, जिन्होंने कभी भी भारतीय कश्मीर का दौरा करने की परवाह नहीं की, लेकिन वहां उत्पीड़न की कहानियां गढ़ीं.



**धर्म के आधार पर हमारा ध्रुवीकरण न करें**

याना मीर ने कहा कि मैं आप सभी से आग्रह करती हूं कि धर्म के आधार पर भारतीयों का ध्रुवीकरण करना बंद करें. इस साल संकल्प दिवस पर हम आपको हमें तोड़ने नहीं देंगे. मुझे बस यही उम्मीद है कि ब्रिटेन और पाकिस्तान में अपराधी, मीडिया, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार मंचों पर मेरे देश को बदनाम करना बंद कर देंगे. अवांछित, चयनात्मक आक्रोश बंद करें. यूके में अपने आरामदायक लिविंग रूम से बैठ कर दूर भारतीय समाज का ध्रुवीकरण करने की कोशिश करना बंद करें. आतंकवाद के इस अंधेरे वाले गड्ढे के कारण हजारों कश्मीरी माताएं पहले ही अपने बेटों को खो चुकी हैं. हमारे पीछे मत पड़ो. मेरे कश्मीरी समुदाय को शांति से रहने दो. धन्यवाद और जय हिंद.

**भारतीय सेना की भी याना ने की तारीफ :** याना मीर ने यूके की संसद में भारतीय सेना की भी जम कर तारीफ की. याना ने कहा कि भारतीय सेना जम्मू और कश्मीर में अच्छा काम कर रही है. साथ ही याना ने अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू और कश्मीर में आए सकारात्मक बदलाव की भी तारीफ की. उन्होंने कहा कि आप सब दुआ कीजिए कि मेरा देश खूब तरक्की करे और आगे बढ़े.

## मोदी जी नानी को ननिहाल का हाल सुना रहे : राहुल

एजेंसी। नयी दिल्ली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी के हमले को लेकर उन पर पलटवार करके आरोप लगाया कि यूपी में पेपर लीक के मुद्दे पर युवा सड़कों पर हैं, लेकिन मोदी युवाओं को बरगलाने का काम कर रहे हैं. उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, मोदी जी, नानी को ननिहाल का हाल सुना रहे हैं. राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, लखनऊ से प्रयागराज तक पेपर लीक को लेकर युवा सड़कों पर हैं. वहां से 100 किमी दूर वाराणसी में पीएम युवाओं के नाम पर युवाओं को ही बरगला रहे हैं. ठेठ बनारसी अंदाज में कहें, तो मोदी जी नानी को ननिहाल का हाल सुना रहे हैं.

**क्या बोले थे मोदी :** इससे पहले, पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा था कि जो लोग खुद होश में नहीं हैं, वे युवाओं को नशेड़ी कह रहे हैं. मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के करखियाव अमूल प्लांट परिसर में 13,000 करोड़ रुपए से अधिक की 35 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता गांधी का नाम लिए बिना कहा, कांग्रेस के शाही परिवार के युवराज का कहना है, जिसे सुन कर आप चौंक जाएंगे, युवराज यहां काशी की धरती पर आकर कह रहे हैं कि काशी के नौजवान, उत्तर प्रदेश के नौजवान नशेड़ी हैं. यह कैसी भाषा है भाई?

**यूजीसी का निर्देश : गृह मंत्रालय को भेजी जाएगी विश्वविद्यालयों की गतिविधियों की जानकारी**

# उच्च शिक्षण संस्थानों में नए आपराधिक कानूनों का प्रचार करने का निर्देश

- कानून से जुड़े मिथकों को दूर करने का यूजीसी ने दिया निर्देश

**विशेष संवाददाता। रांची**

देश भर के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को नये आपराधिक कानूनों का प्रचार करने और उनसे जुड़े ''मिथकों'' को दूर करने का निर्देश विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने दिया है. वहीं कहा है कि नये कानून की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय कार्यक्रमों का आयोजन करायें. शिक्षा मंत्रालय के साथ अयोजन या गतिविधियों का विवरण साझा करने को कहा गया है. वहीं यूजीसी ने बताया है कि गतिविधियों का विवरण गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा.

यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने उच्च शिक्षण संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे भारतीय न्याय संहिता, 2023 को फ्लायर्स में निहित विषयों के आसपास प्रचारित करें. और कटआउट, स्टैंडीज और प्रदर्शन के माध्यम से अभियान चलाकर व फ्लायर्स वितरित कर छात्रों को जानकारी उपलब्ध करायें. सेवारत और सेवानिवृत्त न्यायाधीश, वकीलों द्वारा सेमिनार और वार्ता आयोजित कर नए कानून को प्रचारित करें.

### ये भी निर्देश

- नये आपराधिक कानूनों का प्रचार करने और उनसे जुड़े 'मिथकों' को दूर करने का निर्देश
- सेवारत व सेवानिवृत्त न्यायाधीश, वकीलों द्वारा सेमिनार और वार्ता आयोजित कर नए कानून को प्रचारित करें.

### अपने फ्लायर्स में यूजीसी ने निम्न "मिथकों" का उल्लेख किया है

नए आपराधिक कानून व्यक्तिगत स्वतंत्रता को खतरे में डालते हैं.

उनका उद्देश्य एक पुलिस राज्य स्थापित करना है.

मौजूदा कठोर प्रावधानों की पुनरावृत्ति मात्र हैं.

हिरासत का विस्तार 15 से 90 दिनों तक है.

नए आपराधिक कानून पुलिस उत्पीड़न को सक्षम करने वाला प्रावधान है.

राजद्रोह खत्म हो गया है, लेकिन भारतीय न्याय संहिता 2023 में 'देशद्रोह' के रूप में सामने आया है.

भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत हिट-एंड-रन मामलों में कठोर सजा दी जाएगी.

### यूजीसी ने कहा : छात्रों को कानून की जानकारी देना जरूरी है

यूजीसी ने विवि को भेजे गए निर्देश में बताया है कि नए कानून की जानकरी छात्रों को उपलब्ध कराना जरूरी है. बीएनएस में 20 नए अपराध जोड़े गए हैं, आईपीसी में मौजूद 19 प्रावधानों को हटा दिया गया है. 33 अपराधों में कारावास की सजा बढ़ा दी गई है, 83 में जुर्माने की सजा बढ़ा दी गई है, जबकि 23 में अनिवार्य न्यूनतम सजा शुरू की गई है और छह अपराधों में 'सामुदायिक सेवा' की सजा शुरू की गई है.

### जानिए नए कानून में क्या हुए हैं प्रमुख बदलाव

नए आपराधिक कानूनों में प्रस्तावित प्रमुख बदलावों में बच्चे की परिभाषा शामिल करना, 'लिंग' की परिभाषा में ट्रांसजेंडर को शामिल करना, दस्तावेज की परिभाषा में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड को शामिल करना और हर विवरण की संपत्ति को शामिल करने के लिए 'चल' की परिभाषा का विस्तार करना शामिल हैं.

**महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध पर नए अध्याय पेश किए गए हैं, जबकि भीख मांगने को तस्करी के लिए शोषण के एक रूप में पेश किया गया है.**



नए अपराध जैसे संगठित अपराध, आतंकवादी कृत्य, छोटे संगठित अपराध, हिट-एंड-रन, मॉब लिंचिंग, अपराध करने के लिए बच्चे को काम पर रखना, धोखे से महिलाओं का यौन शोषण, भारत की अखंडता और एकता को खतरे में डालने वाले कार्य करना, झूठी या फर्जी खबरों का प्रकाशन आदि शुरू किया गया है.

### कानून से संबंधित मिथकों को बताया जाना जरूरी

विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अपने संदेश में यूजीसी ने नए कानून से संबंधित मिथकों और सच्चाइयों का उल्लेख करते हुए फ्लायर्स भी भेजने को कहा है. मिथकों में कुछ मिथक यह है कि नए कानून व्यक्तिगत स्वतंत्रता के लिए "खतरा" हैं और इनका उद्देश्य "पुलिस राज्य" स्थापित करना है. इन नियमों में देशद्रोह के प्रावधानों को 'देशद्रोह' के तहत बरकरार रखा गया है और ये कानून "पुलिस यातना" को लीगल बनाते हैं.

## यंग इंडिया रैली को सीएम ने दिया समर्थन



**रांची।** झारखंड के विभिन्न मुद्दे समेत विपक्षियों पार्टियों द्वारा 10 साल का हिसाब दो नारे के साथ 28 फरवरी को जंतर मंतर दिल्ली में यंग इंडिया रैली आयोजित करने जा रही है. यह रैली भाजपा विरोधी पार्टियों के छात्र युवा संगठनों ने तय किया है. इसी कड़ी में शुक्रवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से भाकपा माले विधायक विनोद सिंह, आइसा राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ व छुटूराम महतो ने मुख्यमंत्री से मिलकर रैली को समर्थन देने और आगामी लोकसभा चुनाव में छात्र -युवाओं के एजेंडे पर इसके लिए यंग इंडिया चार्टर 2024 सौंपा. मुख्यमंत्री ने रैली का समर्थन दिया और उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में छात्र युवाओं का मुद्दा उनकी पार्टी का प्रमुख एजेंडा बनाएगी.

**पेयजल में अभियंता प्रमुख व भवन विभाग में मुख्य अभियंता का पद खाली**

# शिकायत सीएमओ तक पहुंची फाइल भी लौटायी गयी

**खास बातें**

- 31 जनवरी से मुख्य अभियंता का पद रिक्त
- रघुनंदन शर्मा के नाम की जोरों से चर्चा चल रही थी

**विशेष संवाददाता। रांची**

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में एक जनवरी से अभियंता प्रमुख और भवन निर्माण विभाग में 31 जनवरी से मुख्य अभियंता का पद रिक्त है. पथ निर्माण विभाग से मुख्य अभियंता स्तर के इंजीनियर को भवन निर्माण विभाग में भेजा जाना है. सरकारी प्रक्रिया पूरी नहीं होने की वजह से दोनों विभाग के महत्वपूर्ण पदों पर इंजीनियरों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है. इस वजह से करोड़ों की योजनाओं का काम और वेंडरों को बकाये का भुगतान से संबंधित कार्य प्रभावित है.

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में 31 दिसंबर 2023 को तत्कालीन अभियंता प्रमुख रघुनंदन शर्मा सेवानिवृत्त हो गए.उसके बाद से अभियंता प्रमुख की कुर्सी खाली है. विभाग में चर्चा थी कि रघुनंदन शर्मा को एक्सटेंशन मिलेगा. एक्सटेशन को लेकर संचिका का मूवमेंट भी हुआ, मगर अचानक एक्सटेंशन की प्रक्रिया रुक गई. अभी स्थाई अभियंता प्रमुख पद पर तैनाती के लिए विभागीय कार्रवाई चल रही है. पेयजल विभाग में दुमका प्रक्षेत्र के मुख्य अभियंता ब्रजनंदन कुमार को अभियंता प्रमुख बनाने की प्रक्रिया चल रही है. इससे संबंधित संचिका मुख्यमंत्री सचिवालय भेजी गयी थी, लेकिन उस संचिका पर अंतिम निर्णय नहीं हो सका.

### पेयजल विभाग के पूर्व अभियंता प्रमुख की शिकायत सीएमओ तक पहुंची

**जेजेएम डायरेक्टर बनने से पहले पहुंच गई शिकायत**

पेयजल विभाग में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के डायरेक्टर के पद पर पूर्व अभियंता प्रमुख रघुनंदन शर्मा को बैठाने की तैयारी थी. अभियंता प्रमुख की संचिका के साथ जेजेएम डायरेक्टर से संबंधित संचिका भी सीएमओ भेजी गई थी. तभी सीएमओ को पूर्व अभियंता प्रमुख रघुनंदन शर्मा से संबंधित शिकायत मिल गई. उनके कार्यकाल में हुए टेंडर पर सवाल उठ रहे हैं. उनके द्वारा कई कंपनियों को फर्जी दस्तावेज पर करोड़ों का कार्य आवंटित किया गया है, ऐसी जानकारी मिलने के बाद सीएमओ ने पेयजल विभाग की संचिकाओं को लौटा दिया.

**मामले में सीएमओ भी सवाल खड़े कर चुका है**

जानकारी के अनुसार रघुनंदन शर्मा को पेयजल विभाग के किसी भी प्रमुख कुर्सी पर बैठाने की तैयारी चल रही थी. पहले एक्सटेंशन की प्रक्रिया शुरू हुई, फिर जेजेएम डायरेक्टर बनाने की तैयारी हुई. मगर रघुनंदन शर्मा के कार्यकाल में हुई अनियमितता की वजह से सीएमओ ने सवाल खड़े कर दिए, जिसके बाद से रघुनंदन शर्मा के लिए प्रयासरत सिंडिकेट के सदस्यों ने चुप्पी साध ली है. सिर्फ अभियंता प्रमुख पद से संबंधित संचिका पेयजल विभाग से सीएमओ भेजने की तैयारी चल रही है.

## कुड़मी हुंकार महारैली 25 को, तैयारियां पूरी

**रांची।** टोटेमिक कुड़मी/कुरमी (महतो) समाज की हुंकार महारैली को लेकर शुक्रवार को मीडिया से बात. इस मौके पर संयोजक शीतल ओहदार ने कहा कि टोटेमिक कुड़मी/कुरमी महतो जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करने और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग 25 फरवरी को रांची के मोरहाबादी मैदान से हुंकार महारैली की जाएगी. इसमें राज्यभर के हजारों लोग शामिल होंगे. मौके पर केंद्रीय प्रधान महासचिव रामपोदो महतो, केंद्रीय मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश महतो,केंद्रीय महासचिव कपिलदेव महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष हेमलाल महतो, केंद्रीय कोषाध्यक्ष सखिचंद महतो, रांची जिला अध्यक्ष सोनालाल महतो समेत अन्य शामिल थे.

## 27 का अधिकार मार्च अहम होगा : राजेंद्र

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों के विभिन्न मांगों को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा ने मूलवासी सदानों की उपेक्षा से नाराज होकर 27 फरवरी को मोरहाबादी स्थित गांधी प्रतिमा से राजभवन तक अधिकार मार्च निकलने का निर्णय लिया है. वे शुक्रवार को होटल गंगा आश्रम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि इस अधिकार मार्च के बाद गुमला और संताल परगना में एक विशाल मार्च रैली का आयोजन किया जायेगा. उन्होंने कहा कि रैली में तय किया जायेगा की मूलवासी सदान किस दल को सरकार की बागडोर सौंपेंगे. मार्च इस उद्देश्य के लिए आयोजित की गई है. मूलवासी सदानों को हक अधिकार मिलना चाहिए,

**भाजपा युवा मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मिलकर सौंपा ज्ञापन**

# जेएसएससी पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच करायी जाए



**खास बातें**

- भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष शशांक राज ने किया नेतृत्व
- एसआईटी जांच को मोर्चा ने एक सिरे से खारिज किया

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

भाजपा युवा मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की. मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज के नेतृत्व में पहुंचे नेताओं ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर जेएसएसी पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच करने की मांग की. शशांक राज ने कहा कि भाजयुमो को इस मामले सीबीआई जांच से कम कुछ भी मंजूर नहीं है.

कहा कि राज्य सरकार एसआईटी जांच के नाम पर पूरे मामले की लीपापोती करना चाहती है. भाजयुमो ने अपने ज्ञापन में कहा कि राज्य में महागठबंधन की सरकार पिछले 4 साल में जेएसएसी सीजीएल की परीक्षा का सफल संचालन नहीं करा सकी. जब 28 जनवरी को परीक्षा हुई तो पेपर लीक का मामला उजागर हुआ और महज 4 घंटे में आयोग को परीक्षा रद्द करनी पड़ी.

### पांच बार परीक्षा स्थगित कर चुका है आयोग

मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि राज्य सरकार ने 2020 में ही जेएसएससी के जरिये 2025 पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया था. 2020 से 2024 के बीच 3 बार अभ्यर्थियों से आवेदन लिया गया. 5 बार एक्जाम का तारीखें घोषित हुई. सबसे पहले अप्रैल-मई 2021 में परीक्षा की संभावित तारीख निर्धारित की गई. यह स्थगित हो गया तो 21 अगस्त 2022 को परीक्षा की तारीख निर्धारित की गई। यह परीक्षा भी रद्द कर दी गई. फिर मई 2023 में परीक्षा होनी थी, लेकिन यह भी स्थगित हो गई। अगस्त 2023 में फिर से परीक्षा की तारीख घोषित हुई, लेकिन इसे भी रद्द कर दिया गया. इसके बाद 16 और 17 दिसंबर को होने वाली परीक्षा भी अपरिहार्य कारणों का हवाला देकर स्थगित कर दिया गया.

### आयोग के चेयरमैन का इस्तीफा संदेह पैदा करता है

शशांक राज ने कहा कि जेएसएससी ने जिस एजेंसी को परीक्षा कराने की जिम्मेवारी दी थी उसे बिहार में बैन किया गया है. इसके बावजूद झारखंड में उसे काम दिया गया. कहा कि एसआईटी जांच के बीच आयोग के चेयरमैन का इस्तीफा भी संदेह पैदा करता है। राज्य सरकार और राज्य कर्मचारी चयन आयोग के रवैये के कारण प्रदेश के युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है. बार-बार परीक्षाओं में गड़बड़ी और परीक्षा रद्द होने से छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है. इसलिए इस पूरे मामले की सीबीआई से जांच होनी चाहिए.

# 19,349 छात्रों मिलेगी साइकिल

**संवाददाता। रांची**



रांची जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति व अल्पसंख्यक जाति के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण के लिए सभी प्रखंड से प्राप्त 19349 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण करने की स्वीकृति दी गई. शुक्रवार को रांची डीसी सह अध्यक्ष जिला स्तरीय गठित साइकिल वितरण अनुमोदन व अनुश्रवण समिति राहुल कुमार सिन्हा ने समाहरणालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 में साइकिल वितरण अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय गठित साइकिल वितरण अनुमोदन व अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की. बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए ने बताया कि सरकार से प्राप्त निदेश के आलोक में जिलांतर्गत सरकारी विद्यालयों में वर्ग - 8 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति/अल्पसंख्यक एवं पिछड़ी जाति के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण का अनुमोदन जिला स्तरीय गठित साइकिल वितरण अनुमोदन व अनुश्रवण समिति द्वारा की जानी है, जिसपर डीसी ने 19349 छात्र/छात्राओं का अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय गठित साइकिल वितरण अनुमोदन व अनुश्रवण समिति की बैठक में करने का निर्णय लिया गया. डीसी ने कहा कि साइकिल वितरण से उन्हें विद्यालय आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी.

आयोजित बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए रांची संजय कुमार भगत, जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची मिथलेश केरकेट्टा, जिला कल्याण पदाधिकारी रांची व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

## अतिक्रमण को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** राज्यभर के धार्मिक और सांस्कृतिक जमीन पर भाजपा, आरएसएस और गैर आदिवासी संगठनों द्वारा अवैध रूप से कब्जे करने को लेकर आदिवासी समन्वय समिति ने शुक्रवार को सीएम के नाम पर ज्ञापन सौंपा. मौके पर समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि राज्य के सभी जिलों के गांव, वनों, पहाड़, सार्वजनिक और सामुदायिक स्थानों पर योजनाबद्ध तरीके अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा है और राज्य के अधिकतर जिले के पांचवीं अनुसूची क्षेत्र के अंतर्गत आता है और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है. आदिवासियों की आस्था पर ठेस पहुंचायी जा रही है.

**मौसम अलर्ट** **झारखंड में एकबार फिर बदलेगा मौसम का मिजाज**

# 27 को ओलावृष्टि और बारिश के आसार

**संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य के मौसम में आने वाले दिनों में ओलावृष्टि, तेज बारिश और थंडरिंग का असर देखा जा सकता है. इसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है. मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो शनिवार को राज्य के दक्षिणी हिस्से में बारिश होगी. बारिश से हल्के से मध्यम दर्जे की होगी. इसमें पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, सिमडेगा जिले शामिल है. वहीं रविवार को राज्य के पश्चिमी, दक्षिणी और मध्य भाग में बारिश होगी. इसमें पलामू, लातेहार, गढ़वा, चतरा, लोहरदगा, गुमला, रांची, खूंटी, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग जिले शामिल हैं.



### 28 फरवरी के बाद से होने लगेगा गर्मी का एहसास

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 28 फरवरी से राज्य का मौसम साफ होगा. इसके साथ ही लोगों को गर्मी का एहसास होना शुरू हो जाएगा. तापमान की बात करें तो, आने वाले 27 फरवरी तक राज्य का औसत न्यूनतम तापमान 16 डिग्री और अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जाएगा.

### इन जिलों में होगी ओलावृष्टि

वहीं, सोमवार 26 फरवरी को राज्य के पश्चिमी, दक्षिणी और मध्य हिस्से में ओलावृष्टि होगी. इसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है. इन हिस्सों में ओलावृष्टि के साथ ही तेज हवाएं और थंडरिंग भी होगी. इस दौरान पश्चिमी हिस्से में ओलावृष्टि की प्रबल संभावना है. जिसमें पलामू, लातेहार, गढ़वा, चतरा, लोहरदगा, गुमला जिले शामिल हैं. यही नहीं 27 फरवरी को राज्य के कुछ हिस्सों में तेज बारिश होगी. इस दौरान राज्य भर में तेज हवाओं का असर देखा जाएगा. जो 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंट की रफ्तार से चलेगी. इस दौरान थंडरिंग की भी संभावना है.

CLASSIFIED





















राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | शनिवार, 24 फरवरी 2024 ● माघ पूर्णिमा संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~3~~ ● वर्ष : 1, अंक : 307 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**अच्छी खबर :** डॉमेस्टिक में सर्वाधिक 75 लाख के पैकेज पर छात्र हुए लॉक, प्लेसमेंट में जमशेदपुर और दिल्ली कैंपस के छात्रों ने की शिरकत

# एक्सएलआरआई में इस साल 100% प्लेसमेंट, 154 कंपनियों ने दिए ऑफर

आनंद मिश्रा। जमशेदपुर

एक्सएलआरआई के शैक्षणिक सत्र 2022-2024 के विद्यार्थियों का रिकॉर्ड प्लेसमेंट हुआ. दो वर्ष के पीजीडीएम ( बिजनेस मैनेजमेंट व ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट) बैच के सभी 509 छात्र-छात्राएं लॉक हो गए. इस बार भी एक्सएलआरआई के जमशेदपुर और दिल्ली एनसीआर कैंपस के 100 फीसदी विद्यार्थी लॉक हो गये. इस बार रिक्रूटमेंट की प्रक्रिया में कुल 154 कंपनियों ने हिस्सा लिया. उन्होंने संस्थान के जमशेदपुर व दिल्ली कैंपस के कुल 509 विद्यार्थियों के बीच 419 स्वदेश में जबकि एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑफर दिया. इसमें 65 ऐसे नये रिक्रूटर थे जिन्होंने पहली बार एक्सलर्स को लॉक किया.

इस बार प्लेसमेंट में खास बात यह रही कि फाइनल प्लेसमेंट में चुने गये कुल 33.39 प्रतिशत विद्यार्थियों को उनके समर प्लेसमेंट में उनके द्वारा बेहतर कार्य करने की वजह से प्री प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) मिल चुका था. प्लेसमेंट प्रक्रिया में जमशेदपुर और दिल्ली दोनों ही कैंपस के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया.



## दो चरणों में हुआ फाइनल प्लेसमेंट

- **प्रथम चरण :** लेटरल रिक्रूटमेंट प्रोसेस (एलआरपी) – जनवरी 2024 में एक सप्ताह के लिए आयोजित किया गया था, जहां पूर्व कार्य अनुभव वाले छात्रों का साक्षात्कार लिया गया था और उन्हें प्रवेश स्तर के पदों से ऊपर की पेशकश की गयी थी.
- **द्वितीय चरण :** कैंपस रिक्रूटमेंट प्रोसेस (सीआरपी) – फरवरी 2024 में एक ही दिन में आयोजित किया गया, जहां कार्य अनुभव का कोई अलग आधार नहीं था. सभी विद्यार्थियों का इंटरव्यू के आधार पर चयन किया गया. प्लेसमेंट प्रक्रिया में जमशेदपुर और दिल्ली कैंपस के छात्रों ने हिस्सा लिया.

## बाजार की कठिन परिस्थिति के बावजूद रहा शानदार प्लेसमेंट : डायरेक्टर

एक्सएलआरआई के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने इस उपलब्धि के लिए सभी छात्रों को बधाई दी और उनकी सराहना की. कहा कि संस्थान के ये छात्र कल से रिस्पांसिबल लीडर बनेंगे जो देश के विकास में बड़ी भूमिका निभाएंगे. कहा कि एक्सएलआरआइ ने इस साल बाजार की कठिन परिस्थितियों के बीच रिकॉर्ड समय सीमा में 100 प्रतिशत प्लेसमेंट की उपलब्धि हासिल की है. उन्होंने सभी रिक्रूटरों की भी सराहना की.

## फाइनल प्लेसमेंट 2024 की मुख्य बातें

- इस बैच को दिया जाने वाला औसत वेतन 28.0 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा, जिसमें शीर्ष 10 विद्यार्थियों का औसत पैकेज 51.66 लाख जबकि शीर्ष 25 पर्सेंटाइल वाले विद्यार्थियों तक का औसत पैकेज 42.98 लाख रुपए प्रति वर्ष था.
- औसत वेतन 29.89 लाख प्रति वर्ष दिया गया.
- बीएफएसआई क्षेत्र से प्रति वर्ष 75 लाख रुपए का हाइयेस्ट डोमेस्टिक ऑफर दिया गया
- नये रिक्रूटरों की संख्या : 65
- सबसे ज्यादा कंसल्टिंग, सेल्स एंड मार्केटिंग व आइटीईएस सेक्टर से ऑफर दिये गये.
- एक्सेंचर स्ट्रेटेजी, अमेजॉन, बैन एंड कंपनी, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, एचयूएल, आईटीसी,एशियन पेंट्स, रिलायंस, टाटा स्टील, ओला और पीडब्ल्यूसी ने नियमित भर्ती करने वालों में सबसे ज्यादा ऑफर दिये
- 33.39 छात्रों को प्री–प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुए
- नये रिक्रूटरों में एयर इंडिया, श्री सीमेंट, गोदरेज, टाटा इलेक्ट्रॉनिक जैसी कंपनियां शामिल हैं.

## सेक्टर वाइज प्लेसमेंट

एक्सलर्स को दिये गये ऑफर में सबसे ज्यादा कंसल्टिंग, आईटीईएस, ई–कॉमर्स, सेल्स एंड मार्केटिंग व जेनरल मैनेजमेंट थे. कंसल्टिंग फर्मों ने 26 प्रतिशत उम्मीदवारों को ऑफर दिया. आईटीईएस, ई–कॉमर्स, सेल्स एंड मार्केटिंग ने छात्रों को क्रमश : 20 प्रतिशत और 17 प्रतिशत ऑफर दिया. वहीं, एक्सेंचर स्ट्रैटेजी, अमेज़ॅन, बीसीजी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील, बजाज ऑटो समेत कई अन्य रिक्रूटरों के बीच सबसे अधिक संख्या में ऑफर दिये. अन्य नये नियोक्ताओं में ओला, बीएमडब्ल्यू, फ़िलिप मॉरिश, लॉरियल समेत कई अन्य शामिल हैं.

---

धनबाद शहर में लगातार हो रही हैं चोरी की वारदातें, पुलिस पड़ी सुस्त

# सावधान! चोर जाग रहे हैं...

संवाददाता। धनबाद

- कई महीनों से पुलिस ने नहीं पकड़ा एक भी चोर
- धनबाद, सरायढेला और बैंकमोड़ में सक्रिय हैं चोर
- एक के बाद एक हर दिन हो रहीं शहर में वारदातें

धनबाद में चोरी की वारदातों में इजाफा हुआ है. पिछले एक पखवारे में शायद ही कोई दिन ऐसा बीता है कि शहर में चोरी नहीं हुई. लगातार चोरी की वारदातों से लोगों की नींद उड़ रही है. खासकर धनबाद, सरायढेला और बैंकमोड़ थाना क्षेत्र में चोर सक्रिय हो गए हैं. हालांकि इन इलाकों में पुलिस की सक्रियता भी बढ़ी है, बावजूद इसके चोरी की वारदातों में कमी देखने को नहीं मिल रही है. इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि चोरी की वारदातों में शामिल अपराधियों को पुलिस दबोच नहीं पा रही है. ऐसे में चोरों का गिरोह एक के बाद एक वारदातों को अंजाम देता चला जा रहा है.

**दिनदहाड़े लूट तो सरेशाम चोरी :** शहर में चार दिन पूर्व ही दिनदहाड़े बाइक सवार अपराधियों ने आफिसर्स कालोनी की रहने वाली प्रीति कुमारी से 2 लाख 30 हजार रुपए लूट लिए थे. इस मामले में पुलिस फिलहाल फुटेज-फुटेज खेल रही है. इसके अलावा बरमसिया कृष्णा नगर में सरेशाम ही 6 लाख रुपये की चोरी कर ली गई. विकास कुमार महतो की पत्नी आशा देवी ने मामले की शिकायत थाने में की है.

बताया है कि वह बीते बुधवार की शाम अपने एक रिश्तेदार को छोड़ने स्टेशन गई थी, लौटने पर देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ है और अलमीरा को तोड़ कर उसमें रखे 6 लाख रुपए कैश गायब है. शहर में दामोदरपुर पंचायत सचिवालय का ताला तोड़ कर चोरों ने 43 कुर्सियों की चोरी कर ली गई. सचिवालय के कमरे में रखी गई कुछ फाइलें भी गायब हैं. चोरी के ऐसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं.

## सिविल ठेकेदार के घर 3 लाख की चोरी




धनबाद शहर के चीरागोड़ा में रहने वाले सिविल लाइन के ठेकेदार उपेंद्र कुमार के घर भी चोरों ने गुरुवार की रात हाथ साफ कर दिया. उनके घर का मेनगेट का ताला तोड़ कर प्रवेश किया और अंदर के दो कमरों का ताला भी तोड़ दिया. इस दौरान चोरों ने कमरे में गुप्त स्थान पर रखे गए जेवरों को तलाशा और ले गए. उपेंद्र कुमार फिलहाल धनबाद में नहीं हैं, वे शादी विवाह के सिलसिले से सिवान गए हुए हैं. उन्हें शुक्रवार की सुबह वारदात की खबर मिली. उन्होंने बताया कि घर में करीब दस हजार रुपए नगद था और ढाई से तीन लाख रुपए के जेवरात थे. सभी चोर ले गए हैं. उनके मुताबिक चोरों को वारदात देने के लिए घंटों का वक्त लगा होगा, क्योंकि सारे जेवरात गुप्त स्थानों पर रखे हुए थे. गुप्त स्थान को चोरों ने खोजा, इस काम में उन्हें अच्छा–खासा वक्त लगा होगा. साथ ही पूरे घर को उलट–पलट कर दिया गया. कहा कि घर लौट कर मामले की शिकायत धनबाद थाने में की जाएगी. बताया कि इलाके में एक आवास में सीसीटीवी कैमरा लगा है, यदि उक्त कैमरे के फुटेज में यदि कुछ मिला तो फिर चोरों की शिनाख्त हो जाएगी.

---

# शोर-शराबे व हंगामे के साथ झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आगाज

शोर-शराबे के बीच 4981 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

- शोक प्रकाश के बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत शुक्रवार को हंगामे के साथ हुई. भाजपा ने सदन के बाहर और अंदर जेएसएससी पेपर लीक मामले को लेकर जमकर हंगामा किया.सुबह 11.07 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, भाजपा के सभी विधायक जेएसएससी पेपेर लीक मामले को लेकर अपनी सीट पर खड़े हो गये और सीबीआई जांच की मांग को लेकर हंगामा करने लगे. हंगामे के बीच विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि कहा कि अभी पेपर लीक से भी बड़ा मुद्दा किसानों का है. देश के अन्नदाता आंदोलनरत हैं और ये (भाजपा) चुप बैठे हैं. देश की नींव किसानों पर टिकी है. इस विधानसभा से यह संदेश जाना चाहिए कि हम किसानों के साथ हैं. शोर-शराबे के दौरान ही वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने सदन में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 4981 करोड़ का तीसरा अनुपुरक बजट रखा.

**दिवंगत विभूतियों और शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि :** विधानसभा में शोक प्रकाश लाया गया. स्पीकर, सीएम समेत कई मंत्री, विधायकों ने पिछले सत्र से इस सत्र के बीच दिवंगत हुए विभूतियों को श्रद्धांजलि दी. सदन में जमुआ के विधायक रहे चंद्रिका महथा, बिहार के मुंगेर से लोकसभा सदस्य रहे ब्रह्मानंद मंडल, बिहार विधानसभा के पूर्व सदस्य गुणानंद झा, सरयुग मंडल, कानून जगत के भीष्म पितामह कहे जाने वाले न्यायविद् फली एस नरीमन, आचार्य विद्यासागर जी महाराज, डॉ प्रभा अत्रे, उस्ताद राशिद खान और अमीन सयानी समेत कई विभूतियों को श्रद्धांजलि दी गई. शोक प्रकाश के बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी.





### थाना हाजत में युवक की मौत का मामला उठा

शोक प्रकाश के दौरान नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने रामगढ़ थाना हाजत में युवक की मौत का मामला उठाया. उन्होंने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाये. कहा है कि युवक की मौत पुलिस की पिटाई से हुई है. इस मामले में पीड़ित परिवार को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए.

### स्पीकर ऑफिस में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक

सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने अपने कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक की. इसमें सीएम चंपाई सोरेन और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी के अलावा मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख, बसंत सोरेन, विधायक सीपी सिंह, सुदेश महतो, सरयू राय, नीलकंठ सिंह मुंडा, मथुरा महतो, नलिन सोरेन, प्रदीप यादव, अपर्णा सेन गुप्ता, विनोद सिंह और लंबोदर महतो शामिल हुए.





---

विधायक ने डीएवी प्रबंधन के रवैये पर जताई नाराजगी

# हुसैनाबाद : स्कूली बच्चों से भरी बस पलटी, दर्जनों बच्चे घायल



**डीएवी प्रबंधन की लापरवाही उजागर, बस में क्षमता से अधिक बच्चे थे सवार**

संवाददाता। हुसैनाबाद

पलामू हुसैनाबाद के बच्चों को डीएवी स्कूल नबीनगर (बिहार) लेकर जा रही बस शुक्रवार की सुबह गोगोठेंगों गांव के समीप पलट गई. बस में सवार दर्जनों बच्चों को गंभीर चोटें आई है. जबकि अन्य बच्चे भी मामूली रूप से घायल हैं. अभिभावकों का आरोप है कि दो बस के बच्चों को एक ही बस में ठूंस कर ले जाया जा रहा था. उन्होंने आरोप लगाया है कि बस का ड्राइवर शराब के नशे में था. उसे एक बार इसी वजह से हटाया भी गया था. जबकि प्रबंधन ने उसे पुनः रख कर बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है.

अभिभावक डॉ. एजाज आलम ने बताया कि उनकी बच्ची शरिया एजाज भी घायल है. इसके अलावा आयुष कुमार, लक्ष्मी लता, रिचा कुमारी, नवाब अली, आरएन पाठक, शबाहत, फैजल खान, स्वामी कुमारी का इलाज नबीनगर के निजी क्लीनिक में किया गया. खबर मिलते ही सभी बच्चों के अभिभावक घटनास्थल पर पहुंच कर बच्चों का हाल जाना. जिन बच्चों को अस्पताल भेजा गया था. उनकी स्थिति खतरे से बाहर है. नबीनगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर बस को कब्जे में ले लिया है. जबकि चालक भागने में सफल रहा. घटना की खबर मिलते ही हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने तत्काल कार्यकर्ताओं को नबीनगर भेज कर पूरी घटना की जानकारी ली. उन्होंने एक-एक बच्चे का हाल जाना. उन्होंने क्षमता से अधिक बच्चों को बस में ले जाने और नशे के आदि चालक को स्कूल प्रबंधन द्वारा रखे जाने का कड़ा विरोध किया है. उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच कर सभी दोषी लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए.

उन्होंने कहा कि बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को सबक मिलनी चाहिए, जिससे आगे इस तरह की घटनाएं नहीं हो. उन्होंने कहा है कि उन्हें हुसैनाबाद के सभी बच्चों से पूरी हमदर्दी है. विधानसभा सत्र नहीं होता तो वह खुद पहुंच जाते. उन्होंने एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, युवा अध्यक्ष हरी सिंह, सचिव हंसराज सिंह व अजय चंद्रवंशी को नबीनगर अस्पताल भेजकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली है. उन्होंने घायल बच्चों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है.

---

# दंतैल हाथी ने तीन घरों को तोड़ा, एक की मौत

संवाददाता। किरीबुरु

दंतैल हाथी का उत्पात व आतंक सारंडा जंगल के गांवों में निरंतर जारी है. गुरुवार की देर शाम उक्त हाथी सारंडा के सुदूरवर्ती करमपदा गांव के मुंडा बस्ती में जाकर तीन ग्रामीणों के घरों को तोड़ दिया एवं घरों में रखे अनाज को खाया, घर के सामान को भारी नुकसान पहुंचाया. इस दौरान हाथी से बचने के लिये भाग रहा जीतू लोहार (50 वर्ष) पिता स्व. मनरखन लोहार की मौत हृदयाघात की वजह से हो गई. हाथी द्वारा जिनके घर तोडे. गये हैं उनमें मृतक जीतू लोहार, कुंवर उर्फ कार्तिक सिंह एवं सुरेश तोरकोट का घर शामिल है.



तीनों अत्यंत गरीब हैं. ग्रामीणों ने बताया की विकलांग जीतू लोहार का घर जब हाथी तोड़ रहा था तो जीतू किसी तरह अपनी जान बचाने हेतु विकलांगता के बावजूद वह गोपी के घर तरफ भागा. लेकिन भागने के दौरान हृदयाघात की वजह से रास्ते में हीं दम तोड़ दिया.

---

**सफलता** डीआईजी राजकुमार लकड़ा ने किया स्वागत, कहा- सारी सुविधाएं दिलाएंगे

# एरिया कमांडर व जेजेएमपी के जोनल कमांडर ने किया सरेंडर

आशीष टैगोर। लातेहार

लातेहार पुलिस को एक और बड़ी सफलता हासिल हुई है. एसपी अंजनी अंजन एवं उनकी टीम तथा सीआरपीएफ ने जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के एक जोनल कमांडर व एक एरिया कमांडर का सरेंडर कराने में सफलता पायी है. सरेंडर करने वालों मे जेजेएमपी के जोनल कमांडर व दस लाख रुपए का इनामी उग्रवादी मनोहर परहिया उर्फ विमलेश परहिया (39, छिपादोहर) तथा एरिया कमांडर दीपक कुमार भुईयां उर्फ कुंदन जी (28, पांकी) के नाम शामिल हैं.

इन्होंने शुक्रवार को पलामू पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा, सीआरपीएफ के पलामू जोन के पुलिस उप महानिरीक्षक पंकज कुमार व पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के समक्ष आत्मसमर्पण किया. आईजी राजकुमार लकड़ा ने दोनों उग्रवादी को बुके व शॉल भेंट कर समाज के मुख्य धारा में आने की बधाई दी. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति के अनुसार दोनों को सरकार के द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं प्रदान की जाएंगी.

**2011 में जेजेएमपी ज्वाइन किया :** मनोहर परहिया उर्फ विमलेश परहिया ने बताया कि वे अपने गांव के कुछ लड़कों के साथ साल 2004 में भाकपा माओवादी संगठन से जुड़ा था. बाद में वह 2010 में भाकपा माओवादी संगठन को छोड़ दिया और 2011 में जेजेएमपी संगठन ज्वाइन कर लिया. उसे वर्ष 2012 में सब जोनल कमांडर बनाया गया. जब जोनल कमांडर उपेंद्र सिंह खरवार ने वर्ष 2018 में पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया, तो उसे जोनल कमांडर बनाया गया. मनोहर परहिया पर लातेहार व पलामू के विभिन्न थाना में कुल 13 मामले दर्ज हैं. दीपक कुमार भुईयां उर्फ कुंदन ने बताया कि वह मनोहर परिहया के कहने पर साल 2018 में जेजेएमपी में ज्वाइन किया था. दीपक पर सतबरवा थाना में एक मामला दर्ज है.



### माओवादियों का प्रभाव कम हुआ है: एसपी

एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि जिले में माओवादियों का प्रभाव कम हो चुका है. टीएसपीसी और जेजेएमपी पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है. 20 नवंबर 2022 को पुलिस एवं उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में जेजेएमपी के तीन उग्रवादी ढेर हुए थे. इससे जेजेएमपी कमजोर हुआ है.उसके कई लोगों ने सरेंडर किया है. इनमें सब जोनल कमेटी सदस्य कमलेश सिंह, एरिया कमांडर रघुनाथ खेरवार, सत्येन्द्र उरांव एवं संजय प्रजापति ने सरेंडर किया. जबकि 5 लाख के इनामी उग्रवादी बीरबल उरांव उर्फ विधायक समेंत अन्य कई जेजेएमपी उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

### ब्रीफ खबरें

#### कांडी :मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन शिविर का आयोजन

**कांडी।** प्रखंड के पंचायत सचिवालय राणाडीह में मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन शिविर का आयोजन किया गया. मौके पर मुखिया ललित बैठा ने बताया कि मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में 20 फरवरी से 23 फरवरी तक 50 वर्ष तक की सभी जाति की महिलाओं व एसी, एसटी समूह के पुरुष तथा साठ वर्ष तक के अन्य वर्गो के पुरुष सदस्यों के लिए पेंशन शिविर आयोजित किया गया. शुक्रवार को आयोजित शिविर में मुखिया ललित बैठा व रोजगार सेवक रविन्द्र कुमार सहित द्वारा सभी लाभुकों का फार्म जमा लिया गया.

#### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्धा का पैर कटा

**चंदवा (लातेहार)।** शहर के मुख्य बाजार में शुक्रवार को बरवाडीह-बरकाकाना रेलखंड टोरी जंक्शन में पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला का पैर कट गया. घायल महिला को आरपीएफ ने यात्रियों की मदद से ट्रेन से बाहर निकाला और सीएचसी चंदवा पहुंचाया. यहां डॉ. नीलिमा ने प्रारंभिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार बरवाडीह-गोमो अप पैसेंजर ट्रेन टोरी पहुंच कर रूकी थी. इसी दौरान ट्रेन में यात्रा कर रही महिला उतरते समय ट्रेन की चपेट में आ गई.

#### हैंडपंप पर नहाने गए वृद्ध का पैर फिसला, हुई मौत

**पांडू/पलामू।** पांडू थाना क्षेत्र के खुरा गांव निवासी बुधन राम(65) की नहाने के क्रम में पैर फिसलकर गिरने से मौत हो गई. बताते चले की ख़ुरा आंगनबाड़ी केंद्र में ठेकेदार के द्वारा मिट्टी भरावट किए जाने के बाद उक्त स्थल पर गड्ढा हो गया है. बुधन प्रत्येक दिन की तरह नहाने के लिए उसी चापाकल पर गए थे, लेकिन चापाकल के पास फिसलन होने के कारण उनका पैर फिसल गया और वे उसी जगह गिर पड़े और उनकी तत्काल मौत हो गई. केंद्र की सेविका ने कहा कि बच्चों के साथ भी कभी भी इस तरह की घटना घट सकती है.

#### शबरी जयंती पर लिधकी में आज लगेगा मेला

**मेदिनीनगर।** माता शबरी जयंती पर चैनपुर प्रखंड अंतर्गत लिधकी गांव में 24 फरवरी को भव्य मेला का आयोजन किया गया है. मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होगा, जिसमें रामाशीष अकेला (बिहारी) व विनय बिहारी (पलामू) के बीच शानदार दोगोला होगा. मेला आयोजन को लेकर ग्रामीणों ने बैठक कर समिति का गठन किया, जिसमें सरेख राम अध्यक्ष, जयकुमार राम सचिव, रामदास राम कोषाध्यक्ष चुने गए. समिति में विनय राम, बैजनाथ राम, उदेश राम, सुनील राम, राहुल राम, अमन राम को शामिल किया गया.

#### दो बाइक की टक्कर में एक घायल, रेफर

**बालूमाथ(लातेहार)।** थाना क्षेत्र के रांची चतरा मुख्य सड़क मार्ग मकईयाटाड़ के समीप दो बाइक में सीधी टक्कर हो गयी. इस दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. जानकारी के अनुसार बालूमाथ के हेमपूर निवासी बसंत यादव, उम्र 22 वर्ष अपने बाइक में सवार होकर बालूमाथ की ओर आ रहा था. इसी दौरान विपरीत दिशा से जा रही एक अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी. इसमें बसंत यादव गंभीर रूप से घायल हो गया.

### श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का तीन दिवसीय 31वां वार्षिकोत्सव भगवती जागरण के साथ संपन्न

# वीर हनुमान व शिव तांडव नृत्य की झांकी पर झूमे भक्त

**संवाददाता। लातेहार**



श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार के 31 वें वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम मंदिर परिसर में आयोजित भगवती जागरण के साथ संपन्न हो गया. भगवती जागरण का उदघाटन मंदिर समिति के संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता,अभिनंदन प्रसाद, राजधनी प्रसाद यादव, अमरेश प्रसाद गुप्ता, विनोद कुमार साहू, सुरेंद्र प्रसाद शौंडिक, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला ने दीप प्रज्जवलित कर किया. इससे पहले जागरण के मुख्य यजमान पंकज कुमार गुप्ता व संतोष कुमार पिंटू सप्तनीक के द्वारा अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गयी.

कार्यक्रम का शुभारंभ धनबाद से आये गिरजा किशोर के द्वारा गाये गये गणेश वंदना से किया गया. इसके बाद मंडली के कलाकारों ने एक से बढ़ कर भजन सुना कर लोगों को रात भर भक्ति सागर में गोते लगाये. मशहूर भजन गाये सरोज कुमार लक्खा ने जब फुर्सत मिले तो एक बार भजन गाया तो लोग भाव विभोर हो गये. उन्होंने तू कितनी प्यारी है तू कितनी भोली है भजन गा कर लोगों की आंखे नम कर दी. इसके बाद सरोज ने तेरी अंगुली पकड़ कर चला, ममता के छाये में पला गीत गा कर लोगों को अपने माता पिता के प्रति किये जाने वाले दायित्वों का बोध कराया. मंडली की पूजा प्रियंका ने भी कई मनमोहक गीत गाये. इसके अलावा ग्रुप की रजनी मेहरा ने भी कई भजन गाये और लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया. कार्यक्रम में यूपी से दिवाकर एवं ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक झांकियां प्रस्तुत की. उन्होंने वीर हनुमान, शिव तांडव नृत्य व महिषासुरमर्दनी समेत कई झांकियां प्रस्तुत कर लोगों खूब प्रभावित किया. कार्यक्रम के आयोजन में उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई अग्रवाल व बद्री प्रसाद, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, ओमप्रकाश प्रसाद, राजू रंजन सिंह का योगदान रहा.

**समिति ने आभार प्रकट किया**

श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31वें वार्षिकोत्सव में तन, मन व धन से सहयोग करने वाले नगर वासियों के प्रति समिति के द्वारा आभार प्रकट किया गया. संरक्षक अभिनंदन प्रसाद व विनोद कुमार साहू तथा अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि सामूहिक सहयोग से ही कोई बड़ा आयोजन सफल होता है. उन्होंने समिति के सभी सदस्यों को भी आयोजन को सफल कराने पर धन्यवाद दिया.

### उपायुक्त ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# 276 सड़क दुर्घटना में 225 की हुई मौत

**संवाददाता। मेदिनीनगर**



जनवरी 2023 से लेकर अब तक पलामू जिला में कुल 276 सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें 225 लोगों की मृत्यु हुई है। उक्त जानकारी पलामू जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार यादव ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दी। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त शशि रंजन ने की।

उपायुक्त ने जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने समेत हिट एंड रन मामलों की भी समीक्षा की। डीटीओ श्री यादव ने बताया कि जनवरी 2023 से लेकर अब तक कुल 16 लोगों के बीच हिट एंड रन के तहत मुआवजा का भुगतान किया गया है। वहीं 15 मामले बीमा कंपनी के स्तर से पेंडिंग है। इसी तरह 2023 से अब तक गुड समैरिटन स्कीम के तहत कुल दो लोगों को लाभान्वित किया गया है जिसमें से एक लाभुक को उपायुक्त ने आज 5 हज़ार का चेक सौंपा। उपायुक्त श्री रंजन ने डीटीओ व सिविल सर्जन को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए जिले में चिन्हित कुल 11 एक्सीडेंट प्रोन एरिया में आवश्यकतानुसार एंबुलेंस उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। इसी तरह आवश्यकतानुसार साइनएज लगाने की भी बात कही। उन्होंने डीटीओ को हर माह सड़क सुरक्षा की बैठक कराने, रोड सेफ्टी मैनेजर को पीडब्लूडी के कार्यपालक अभियंता व संबंधित पुलिस उपाधीक्षक के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए एक्सीडेंट प्रोन एरिया में सड़क दुर्घटना को कैसे कम किया जा सकता है इस पर डिटेल रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसी तरह आईआरएड सॉफ्टवेयर में डाटा एंट्री हेतु सभी संबंधितों को सक्रिय रहकर जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं का एंट्री ससमय करने के निर्देश दिये। इसके लिये उन्होंने सिविल सर्जन को सभी प्राइवेट अस्पतालों से भी डेटा अपलोड करवाने के निर्देश दिये। उपयुक्त ने पलामू जिले में लगातार हेलमेट चेकिंग व ट्रिपल राइडिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये। बैठक में हुसैनाबाद एसडीओ आशीष गंगवार, छत्तरपुर एसडीओ, उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणबीर सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, राष्ट्रीय राज्य मार्ग एवं निर्माण विभाग के प्रतिनिधि, सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार सिंह, सड़क सुरक्षा मैनेजर विनीत कुमार व आईटी असिस्टेंट डब्लू उपस्थित थे।

**बोले डीसी**

- 11 एक्सीडेंट प्रोन एरिया में एंबुलेंस उपलब्धता के निर्देश
- 16 लोगों को बीच हिट एंड रन के तहत मुआवजा मिला



# स्कूल के लंच ब्रेक के बाद कक्षा तीन की छात्रा की मौत

**संवाददाता। बरवाडीह (लातेहार)**

**मचा हड़कंप**


- छोटी अपने दोस्तों के साथ पास के खेत में बेर चुनने गई
- छोटी को पैर में कुछ चुभने का एहसास हुआ

प्रखंड के केचकी पंचायत में उस समय सनसनी फैल गई जब केचकी के ग्राम बखोरीडेरा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्रा छोटी कुमारी की मृत्यु की खबर पूरे फैल गई. बताया जाता है कि छोटी कुमारी (उम्र 12) पिता बुधन भुइंया केचकी के बखोरीडेरा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कक्षा 3 की छात्र थी. हर दिन की तरह वो शुक्रवार को वो घर से बिल्कुल स्वस्थ अवस्था में स्कूल गई थी और अपना पढ़ाई कर रही थी.

स्कूल के लंच ब्रेक होने के बाद छोटी अपने दोस्त के साथ स्कूल के पास के खेत में बेर खाने चली गई. वो अपने दोस्त के साथ बेर चुन रही थी. इसी दौरान छोटी को पैर में कुछ चुभने का अहसास हुआ. उसने अपने दोस्त को बोला कि उसके पेट व सीना में दर्द हो रहा है. इसके बाद वह बेहोश हो गई. जिसके बाद स्कूल के छात्रों ने जा कर स्कूल के प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश भारती को बताया कि छोटी बेहोश हो गई है. जिसके बाद प्रधानाध्यापक ने जा कर छोटी हो देखा और तत्काल जांच के लिए स्थानीय डॉ को बुलाया. डॉ ने छोटी कुमारी को मृत घोषित कर दिया गया. जिसके बाद स्कूल और आसपास में हड़कंप मच गई. घटना की जानकारी मिलते ही बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज घटना स्थल पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया. पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह ने कहा की यह घटना स्कूल के शिक्षक की लापरवाही के कारण घटी है. बरवाडीह पुलिस की टीम पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्मार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है. सर्किल इंस्पेकर संजय कुमार गुप्ता ने प्रथम दृष्टया यह विषैल जंतु के काटने से मौत हुई है.

### न्यूज अपडेट

#### हवन के साथ पांच दिनी शतचंडी महायज्ञ का समापन



**मझिआंव।** मां भगवती के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाले शतचंडी महायज्ञ पांचवें दिन मंडप पूजन, महाआरती, प्रायश्चित होम, उद्यापन होम एवं पूर्णाहुति हवन के पश्चात यज्ञ समाप्त हो गया. इसके पश्चात यज्ञाचार्य श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास के द्वारा विद्वान पंडितों, विभिन्न स्थानों से यज्ञ में पधारे सभी संत महात्माओं एवं प्रवचन कर्ताओं को अंग वस्त्र एवं द्रव्य देकर विदाई दी गई. इस दौरान यज्ञ आचार्य श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास ने कहा कि क्षेत्र में अमन, चैन, शांति एवं सुख समृद्धि कि कामना को लेकर ब्रह्मस्थान के समीप नए मंदिर का निर्माण कर मां भगवती शीतला माता का प्राण प्रतिष्ठा कराने के लिए 18 फरवरी से 23 फरवरी तक पांच दिवसीय सतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया था. जिसकी आज पूर्णाहुति हो गई. कहा कि क्षेत्र के आम अवाम धर्म प्रेमी सज्जनो के तन मन एवम धन के सहयोग से यज्ञ सफल रहा.

#### रंका में शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**गढ़वा।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर रंका अनुमंडल मुख्यालय के सदर प्रखंड रंका के प्रशिक्षण भवन में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में शिक्षकों को डिस्पैच सेंटर से लेकर अन्य बिंदुओं के बारे में बताया गया. इस बार संपूर्ण लोकसभा चुनाव के क्रम में सेक्टर की व्यवस्था नहीं रहेगी. कोविड-19 के बाद चुनाव की पुरानी पद्धति को परिवर्तित की गयी है. अब मतदान कर्मियों को डिस्पैच सेंटर से सीधे बूथ पर जाना होगा. मतदान कर्मियों को सामग्री लेने के बाद सभी सामग्री को देख कर मिलान कर लेना होगा. मौके पर संकुल साधनसेवी पंकज कुमार गुप्ता, संजय प्रसाद, प्रखंड साधनसेवी महबूब अंसारी, सुधीर कुमार, शहनाज़ अख्तर, जीतन ठाकुर, पंकज कुमार, संतोष कुमार तिवारी, श्रवण दास, मुमताज अंसारी, शिवकुमार साह, अनूप कुमार, अजय प्रजापति, विशुनदेव सिंह, मनोज सिंह, रमेश ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

#### कुम्हरिया में मानसी एग्रो फीड्स मील का उदघाटन



**गुमला।** गुमला के कुम्हरिया गांव में शुक्रवार को जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी और पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने फीता काटकर मानसी एग्रो फीड्स (पोल्ट्री एंड कैटल फीड्स मील) करा उदघाटन किया. मील के संचालक कुमुदनी कुमारी, संतोष साहु और दीपक साहु ने अतिथियों का स्वागत किया और मील के बारे में जानकारी दी. कहा कि मुर्गी पालन इस क्षेत्र का प्रमुख व्यवसाय बन गया है. मुर्गी पालकों को स्थानीय स्तर पर सुलभ दाना उपलब्ध कराने के लिए पी एम इ जी पी और बैंक आफ इंडिया के सहयोग से मील का शुभारंभ किया जा रहा है. अतिथियों ने मील संचालक को शुभकामनाएं दी. कहा कि आत्मनिर्भर भारत प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है. ग्रामीण क्षेत्रों में इसी तरह की औद्योगिक सोच निश्चित रूप से पीएम मोदी के सपना को साकार करेगा.

#### सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं शब ए बारात



**गुमला।** गुमला में रविवार को होने वाले सब ए बारात को लेकर शुक्रवार को गुमला थाना में नए प्रभारी देवेश कुमार भगत की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई. जिसमें सब ए बारात में होने वाले नमाज आदि के समय सारणी पर चर्चा की गई. सदस्यों ने बताया कि गुमला के अलावे टोटो लूटो पंसो कोटाम, अरमई अंबोआ, फोरी बसुआ आदि मुस्लिम बहुल क्षेत्र हैं जहां सब ए बारात का पर्व मनाया जाता है. रविवार को दिन भर थाना रोड, सिसई रोड के ईदगाह और कब्रिस्तान आदि मार्ग में लोगों भीड़ होने की जानकारी दी गई और उस दिन बड़े वाहनों का मार्ग परिवर्तन करने पर विचार विमर्श किया गया. कहा कि गुमला में सभी पर्व त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनते रहा है. यह परंपरा आगे भी निर्वहन होगा. बैठक में चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, निर्मल गोयल, शशि प्रिया बंटी, भूपन साहु, सुरेश सिंह, हेमंत मिनहाज खान, अकिल रहमान, हिमांशु केसरी, दिनेश अग्रवाल, आशिक अंसारी, हरजीत सिंह, सरजू प्रसाद, शहजाद खान, राजेश गुप्ता, श्याम गुप्ता, हेमंत कुमार आदि शामिल थे.

# भाजपा को समय आने पर जनता जवाब देगी : नागदेव



**संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)**

प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को चेताग पंचायत के ओल्हेपाट गांव में न्याय मार्च निकाला. इसका नेतृत्व 20 सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव, प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव एवं उपाध्यक्ष राजेश यादव ने किया.

कार्यक्रम में झामुमो नेताओं ने कहा कि भाजपा केन्द्रीय एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है.यह लोकतंत्र के लिए सही नहीं है. कार्यकर्ताओं ने गांव में जाकर लोगों को बताया कि झारखंड के जननायक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भाजपा के लोग साजिश कर के जेल भेजवाने का कार्य किया है. हेमंत सोरेन के राज्य में लोकप्रियता को बढ़ता देखकर और उनके विकास के काम को देखकर भाजपा की तानाशाही सरकार घबरा गई है. हेमंत सरकार के द्वारा ही आज पूरे झारखंड में बेरोजगार युवक को रोजगार सृजन व लोन से जोड़कर रोजगार उपलब्ध करा रही है.गरीबों के बीच अबूआ आवास,राज्य के सभी विधवा विकलांग वृद्ध को शत प्रतिशत पेंशन योजना से जोड़ा जा रहा है.

## महाशिवरात्रि मेला स्थल की हुई जांच

**लातेहार।** महाशिवरात्रि मेले की तैयारी यहां प्रशासन के द्वारा शुरू कर दी गयी है. शुक्रवार को नगर प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा, कनीय अभियंता संजीव कुमार एवं क्षेत्र पर्यवेक्षक रणधीर कपूर ने वार्ड नंबर दो के बाजारटांड़ में लगने वाले इस मेला का स्थल जांच किया. नगर प्रबंधक वर्मा ने बताया कि मेला स्थल की साफ सफाई अगले चार पांच दिनों में करा दी जायेगी.उन्होंने बताया कि मेला परिसर को समतल करने के लिए गड्ढों में मोरम आदि से भरा जायेगा.बता दें इस वर्ष आठ मार्च से महाशिवरात्रि का मेला बाजारटांड़ में लगेगा. नगर पंचायत के द्वारा इसकी नीलामी करा दी गयी है. इस वर्ष इस मेले की नीलामी 23 लाख सात हजार रुपये में की गयी है. जबकि गत वर्ष इसी मेले की नीलामी आठ लाख 43 हजार रुपये में की गयी थी.

# विधायक भानु प्रताप ने किया तीन विकास योजनाओं का शिलान्यास

**संवाददाता। भवनाथपुर**



विधायक भानु प्रताप शाही ने शुक्रवार को प्रखंड में करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से होने वाली तीन महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की आधारशिला भूमि पूजन कर तथा नारियल फोड़कर रखी. जिसमें अरसली दक्षिणी पंचायत में साढ़े सात करोड़ की लागत लगने वाली नल जल योजना, भवनाथपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में छह करोड़ पांच लाख रुपये की लागत से बीडीओ, सीओ व अन्य कर्मियों का स्टॉफ क्वार्टर तथा मकरी पंचायत के बगही नदी में 81 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीरीज चेक डैम का शिलान्यास बुजुर्गो अभिभावको के हाथों भूमि पूजन कर तथा नारियल फोड़कर कराया.

**ये लोग थे उपस्थित :** मौके पर लातेहार विस प्रभारी भगत दयानंद सोनी, अनिल चौबे, ब्रजेश चौबे ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव ने की. मौके पर प्रदीप यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, ब्रजेश चौबे, भानु गुप्ता, लल्लू ठाकुर, धनंजय साह, निरंजन पाठक, सुनील सिंह, मनु उपाध्याय, रवि पाल, निरंजन पाठक, रंजीत कुमार आदि उपस्थित थे.

**पदाधिकारियों की गलती से योजना छूट गई थी**

मौके पर विधायक श्री शाही ने कहा कि अरसली दक्षिणी में पदाधिकारियों की गलती से नल जल योजना छूट गई थी, इसके बाद डीपीआर तैयार कराने के बाद इसकी स्वीकृति कराते हुए साढ़े सात करोड़ की लागत से नल योजना का शिलान्यास कर क्षेत्र के 2 हजार लोगो को पेयजल हेतु घर घर पानी पहुंचाने के लिए.

#### केतार में संस्कृत की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न

**केतार।** प्रखंड के इकलौता सेंटर मध्य विद्यालय केतार में मैट्रिक की संस्कृत विषय की परीक्षा कदारमुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई. केंद्रदीक्षक सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि संस्कृत विषय में कुल 313 छात्रों ने परीक्षा दिया. जबकि एक भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं थे. उन्होंने कहा कि अभी तक जो परीक्षा हुआ, सभी कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से हुआ है. परीक्षा के दौरान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने निरीक्षण किया. प

**AFFIDAVIT**

**Before, Notary Public, Ranchi**

I ABHIMANU SINGH @ ABHIMANU SHARMA, son of LATE BISHUN DEV SINGH R/o House no. 37, Gali no. 4 Gopal Gali near Tel Mil, Shastri Chowk, Madhukam Ratu Road, P.S. Sukhdeonagar, Dist-Ranchi, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare that the statements made herein below are true to the best of my knowledge and belief :-

1. That I alongwith my Late father have been called and known by names ABHIMANU SINGH @ ABHIMANU SHARMA S/o LATE BISHUN DEV SINGH and my names and my late father's names are correct and genuine and hereafter with sworning of this affidavit any thing wrong against my names and my father's names may be found wrong, forged then in that case I bind myself to bear the consequences including cost of litigation and penalties.
2. That the information written above against my names as well as my father's names are correct and genuine which may be on record and come of use in time of need.

Aff. No. 177/19-02-24

**यात्रा** | लोकतंत्र बचाओ यात्रा महुआडांड़ से चंदवा पहुंचा

# '2024 का लोकसभा चुनाव बेहद खास'

**संवाददाता। चंदवा**



पिछले तीन दिन पहले से लोकतंत्र बचाओ यात्रा महुआडांड़ से शुरू होकर सतबरवा, मनिका, हेरहंज, बरियातू, बालूमाथ होते हुए शुक्रवार को चंदवा पहुंचा. इस दौरान कई गावों में जन सभा किया गया और पर्चे बांटे गए तथा पोस्टर चिपकाए गए. जन सभाओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा, मोदी सरकार संविधान और मौलिक अधिकारों को ही खत्म करने पर लगी हुई है. इसका सीधा प्रभाव गरीब, मजदूर, किसानों के जीवन पर पड़ रहा है.

सभाओं में ग्रामीणों ने पिछले 10 सालों में हुई महंगाई और बेरोजगारी की समस्या को साझा किया. गावों में मेहनत से पढ़े-लिखे युवा नौकरी के इंतजार में बैठे हैं जिनका उम्र समाप्त होने के कगार पर है पर नौकरी मिल नहीं पा रहा. वक्ताओं ने कहा मोदी सरकार ने हर खाते में 15 लाख रु देने का और साल में 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन जनता के साथ धोखा किया गया. अग्निवीर योजना लागू कर भारतीय सेना की लम्बी नौकरी को खत्म कर 4 साल की संविदा आधारित व्यवस्था लागू की गयी. रेलवे सहित हर सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्र में नौकरी व्यवस्था खत्म कर अल्पकालिक ठेका आधारित नौकरी लायी जा रही है. वक्ता शिराज दत्ता ने कहा कि आरएसएस व भाजपा द्वारा आदिवासियों को धर्म के नाम पर बांटने की कोशिश की जा रही है. इससे आदिवासी एकता कमजोर होगी और उनके संसाधनों को आसानी से लूटा जा सकता है. 2024 का लोक सभा चुनाव खास चुनाव है,इस चुनाव के माध्यम से मोदी सरकार को हटाना है. यात्रा में अजय उरांव, अजय यादव, भूखन सिंह, जितेंद्र सिंह खेरवार,हरी कुमार भगत, मंथन, एमडी अहिया, नारायण भगत, सेलेस्टिन कुजूर, सिराज दत्ता व टॉम कावला समेत कई लोग भाग लिया.

**चिपकाए पोस्टर**

- इस दौरान कई गांवों में पर्चे बांटे गए और सभा हुई
- सभाओं में महंगाई के साथ ही बेरोजगारी पर चर्चा हुई

# ट्रेन में हुआ युवक-युवती में प्यार, फिर पुलिस की इंट्री

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

चलती ट्रेन में एक युवक को युवती से प्यार हो गया. दोनों एक-दूसरे का नंबर लेकर अपने-अपने घर चले गये. इसके बाद दोनों में फोन पर बातें होने लगी. कुछ दिन बाद ही युवती युवक को खोजते हुए पलामू पहुंच गई. डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर कई दिनों से दोनों को देखकर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस मौके पर पहुंची और संदेह के आधार पर दोनों को लेकर टाउन थाना चली गई. पूछताछ में दोनों के प्रेम-प्रसंग का खुलासा हुआ.

दरअसल, पलामू के लेस्लीगंज का रहने वाला मनीष नामक युवक 12 फरवरी को गुजरात से डालटनगंज आ रहा था. कुछ देर बाद इसी ट्रेन में बिहार के सासाराम की रहने वाली एक लड़की सवार हुई. मनीष और युवती के बीच ट्रेन में बातचीत शुरू हुई और कुछ घंटे में दोनों के बीच प्यार हो गया. फिर दोनों ने कई घंटे तक साथ में सफर किया और एक साथ जीवन बिताने का फैसला कर लिया. इसके बाद मनीष डालटनगंज स्टेशन पर उतर गया और युवती सासाराम बिहार चली गई. दोनों के बीच कई दिनों से फोन पर बातचीत हो रही थी. इसी बीच दो दिन पहले युवती मनीष से मिलने के लिए डालटनगंज पहुंच गई. लगातार दो दिनों से दोनों को देखकर लोगों को संदेह हुआ और लोगों ने इसकी सूचना मेदिनीनगर टाउन थाना को दी. जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मनीष और उसकी प्रेमिका को थाना ले गई. पुलिस दोनों से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है.

**AFFIDAVIT**

I, Nuel Tigga S/o Santosh Tigga, Resident of H. N. 172, PO Karga, Ps Mandar, Karge Naya Toli, Ranchi, Jharkhand-835214, do hereby solemnly affirm and declare as follows :

1. That my name Nuel Tigga has been mentioned in my Adhar card vide Aadhar 875328786267 while my name Nuwel Tigga has been written in my matric certificate.
2. That Nuel Tigga and Nuwel Tigga both are the name of same and one person which is my name.
3. That my above statements are true and correct, if any found wrong then I shall be responsible for the same.

Aff. No. 2306/23-02-2024

## ब्रीफ खबरें

### कार व बाइक में सीधी टक्कर में, एक घायल

**किरीबुरु।** छोटानागरा थाना अन्तर्गत सैडल व झाड़बेडा.गांव के बीच मुख्य सड़क पर कार संख्या जेएच05 बीडी-7500 एवं मोटरसाईकल संख्या ओडी15एच-2739 के बीच जोरदार टक्कर में मोटरसाईकल सवार को मामूली चोट आई. इस दुर्घटना में दोनों वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा है. सूत्रों का कहना है कि दोनों एक-दूसरे के वितरित दिशा से जा रहे थे, तभी एक मोड़ पर दोनों वाहन एक-दूसरे से टकरा गये. किश्मत अच्छी रही की किसी को अधिक चोट नहीं आयी. हालांकि कार चालक ने अपनी कार को टक्कर से बचाने हेतु सड़क से किनारे उतारने की कोशिश किया.

### बाल विवाह उन्मूलन पर कार्यशाला का आयोजन

**चाईबासा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, रांची और कला मंदिर जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय चाईबासा के दिव्या भारती हॉल में बाल विवाह की रोकथाम एवम् बच्चों के पुनर्वास विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. सामाजिक कुरीतियों के अंतर्गत बाल संरक्षण कानून, किशोर न्याय प्रणाली, बाल श्रम कानून, बाल विवाह रोकथाम और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के संबंध में अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों पर बहस जरुरी है.

### समिति आज मनाएगी संत रविदास की जयंती

**आदित्यपुर।** रविदास विकास समिति आदित्यपुर कल शनिवार को थाना मैदान आरआईटी में रविदास जयंती मनाएगी. जिसके मुख्य अतिथि पुरेंद्र नारायण सिंह होंगे. जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, महिला राजद नेत्री शारदा देवी, एनआईटी के प्रो दिलीप कुमार और भाजपा नेत्री रितिका मुखी शामिल होंगी. रविदास विकास समिति हर वर्ष माघी पूर्णिमा के अवसर पर संत रविदास की जयंती उनकी पूजा अर्चना कर मनाती है. इस मौके पर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद आदि का वितरण किया जाएगा.

### कोल्हान विवि रजिस्ट्रार का हुआ भव्य अभिनंदन

**घाटशिला।** घाटशिला कालेज के शिक्षक एवं कर्मचारियों की ओर से प्राचार्य डा आर के चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया. इसमें कोल्हान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार सह डीन सामाजिक विज्ञान डॉ राजेंद्र भारती को अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक महासंघ का क्षेत्रीय सचिव निर्वाचित होने पर भव्य अभिनंदन किया गया. कार्यक्रम में घाटशिला कॉलेज के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ एस के सिंह एवं राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो इंदल पासवान शिक्षकों का भी अभिनंदन किया गया.


### 26 को पीएम स्टेशनों के आरओबी और सब-वे की रखेंगे आधारशिला

**किरीबुरु।** भारतीय रेलवे झारखंड में रेलवे स्टेशनों की बुनियादी ढांचे को उन्नत करने हेतु निरंतर प्रयासरत है. इसी दिशा में 26 फरवरी को प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बडाज़ामदा, नोवामुण्डी, डांगोवापोशी, केंदपोसी, चाईबासा, बड़बिल के रेलवे स्टेशनों परा आरओबी/ सबवे का औनलाईन शिलान्यास करेंगे. इसके लिये बडाज़ामदा रेलवे द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारी कर दिया गया है. रेलवे ने जानकारी देते हुये कहा कि साल के बजट में झारखंड और ओडिशा को 7234 करोड़ का रिकॉर्ड आवंटन मिला है. 10538 करोड़ रुपये से और स्टेशनों को विश्व स्तरीय स्टेशनों के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है.

## डाकघर 2021 से किसान विकास पत्र की मैच्योरिटी का नहीं कर रहा भुगतान

# पैसे के लिए तीन साल से परेशान, बेटी की शादी में आ रही बाधा

संवाददाता। आदित्यपुर




पीड़ित ग्राहक राकेश मिश्रा और आवेदन की प्रति.

आदित्यपुर डाकघर में ग्राहकों के साथ गैर जिम्मेदाराना कार्य हो रहे हैं. ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है. दस महाविद्या काली मंदिर के पुजारी राकेश मिश्रा को डाकघर के अधिकारी उनके मैच्योर किसान विकास पत्र की राशि के लिए 3 साल से दौड़ा रहे हैं. राकेश मिश्रा ने डाकघर से 80 हजार रुपये का किसान विकास पत्र जमा पूंजी के रूप में खरीदा था, जिसकी मैच्योरिटी वर्ष 2021 में पूरी हो गई थी. लेकिन कोरोना काल की वजह से वे उस समय राशि नहीं ले पाए, अब उन्हें किसान विकास पत्र की मैच्योरिटी राशि लेने के लिए 2022 से डाकघर और डाक विभाग के अधिकारी दौड़ लगवा रहे हैं. जानकारी देते हुए राकेश मिश्रा ने बताया कि उनकी बेटी की शादी है जिसके लिए पैसों की जरूरत है लेकिन डाक विभाग के अधिकारी आज कल कहकर टाल रहे हैं.

**न पैसा मिला है न ही कोई लिखित आश्वासन :** उन्होंने बताया किलंबा समय बीत गया परन्तु न पैसा मिला है न ही कोई लिखित आश्वासन, जब भी बात किया तो मुझे इस हप्ते अगले हफ्ते कहकर टाला गया है. उन्होंने बताया कि आदित्यपुर के पोस्टमास्टर हमेशा कह रहें हैं कि हम प्रयास कर रहें हैं लेकिन उनका प्रयास नाकाफी साबित हो रहा है. मैं अपने मेहनत के पैसे के लिए जूता घिस रहा हूं. वे बताते हैं उन्होंने जब राशि इन्वेस्ट किया था तब आदित्यपुर के ही रहने वाले पोस्ट मास्टर सीएल तिवारी थे.

**खास बातें**
- बेटी की शादी में पैसों की जरूरत, पिता लगा रहा विभाग का चक्कर
- विभाग के अधिकारी आज कल कहकर टाल रहे हैं

**पोस्ट मास्टर वरीय डाक अधीक्षक का नंबर नहीं दे रहे**

पोस्टमास्टर वरीय डाक अधीक्षक का संपर्क नंबर भी नहीं देते है. राकेश मिश्रा पूर्व पोस्ट मास्टर सीएल तिवारी पर गैर जिम्मेदाराना कार्य करने का आरोप लगा रहे हैं. वे बताते हैं कि उन्होंने मुझे यह तक नहीं बताया कि किस एजेंट के तहत मेरा पैसा इन्वेस्टमेंट कराया गया है. मुझे बाद में पता चला कि डाक विभाग का कोई स्थायी कर्मचारी डायरेक्ट इंवेस्टमेंट नहीं करा सकता है. मुझे आशंका है कि मेरे साथ 420 वाला कार्य हुआ है. वे बताते हैं कि मैं शारीरिक रूप से अस्वस्थ हूं.

## डीआरएम ने सीनियर डीसीएम और डीईएन के साथ की बैठक

# कांड्रा स्टेशन को स्मार्ट स्टेशन का मिलेगा दर्जा, तैयारी पूरी

संवाददाता। आदित्यपुर



कांड्रा में विगत 20 जनवरी को प्रकाश कुमार राजू के नेतृत्व में आमरण अनशन की गई थी. जिसमें डीआरएम के आश्वासन पर उन्होंने अपने अनशन को समाप्त किया था. एक माह पूरी होने के बाद प्रकाश राजू के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन लोग डीआरएम चक्रधरपुर के कार्यालय जाकर उनसे आज मुलाकात की. इसमें डीआरएम ने अपने वरिष्ठ पदाधिकारी को बुलाकर 15 सूत्री मांगों में सभी मांगों पर बारीकी से मंथन किया एवं कई पदाधिकारी को उनके क्षेत्राधीन कार्य का आदेश दिया. आपको बताते चले की 15 सूत्री मांगों में विवाह मंडप की भी मांग की गई थी. जिस पर रेल मंडल प्रबंधक श्री राठौर ने कहा कि यह कांड्रा की जनता के लिए सौगात होगी.

**बहुउद्देशीय भवन बनकर तैयार:** किसी भी प्रकार का कार्यक्रम करने के लिए यहा बहुउद्देशीय भवन बनकर कांड्रा को स्मार्ट स्टेशन का दर्जा दिलाने के लिए आदेश दिया है. बताते चले की कई वर्षों पूर्व से वानाडूंगरीसे काली मंदिर होते हुए जो रोड डुमरा की ओर जाती है उसके लिए भी उन्होंने विभागीय कार्रवाई के बाद एनओसी देने के लिए स्वीकार किया. 15 सूत्री मांगों में आजाद बस्ती से होते हुए जो सड़क 40 गांव को जोड़ती है वहां अंडरपास की व्यवस्था हेतु डिमांड की गई थी. इसकी गंभीरता को देखते हुए डीआरएम में अपने पदाधिकारी से कहा कि जल्द से जल्द स्थल जांच करने के उपरांत रिपोर्ट सौंप दी जाए ताकि अंडरपास का रास्ता क्लियर हो सके ओर राहगीर के साथ इधर रिजर्वेशन काउंटर में यूटीएस की टिकट भी मिलती है.

**यूटीएस कम रिजर्वेशन काउंटर चालू होगा**

इसको दो टाइम करने का निर्देश सीनियर डीसीएम को दिया. डीआरएम ने कहा कि जो यूटीएस सह रिजर्वेशन काउंटर है उसमें 10 :00 बजे से लेकर के रात्रि 8 :00 बजे तक यूटीएस कम रिजर्वेशन काउंटर को चालू किया जाए एवं रविवार को सुबह 10 :00 से लेकर के 2 :00 तक यूटीएस कम रिजर्वेशन का प्रावधान चालू किया जाए. स्टेशन परिसर के बाहर टिकट काउंटर के सामने विद्युत की व्यवस्था करने के लिए डीआरएम ने विभागीय पदाधिकारियो को हाई मार्क्स लाइट लगाने का आदेश दिया. प्लेटफार्म नंबर एक कर दो के बीच एवं तीन ओर चार के बीच एक एक टी स्टॉल लगाने का एवं एक-एक सेड बनाने का भी निर्देश दिया है. साथ ही प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्रियों के सुविधा के लिए फर्स्ट क्लास वेटिंग रूम बनाने का निर्देश दिया है. इधर सीनियर डी ए एन को निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द कांड्रा स्टेशन का निरीक्षण कर टेंपो कार मोटरसाइकिल के लिए पार्किंग के जगह चिन्हित कर जल्द से जल्द इसे कार्यान्वित करने का काम करें ताकि जल्द से जल्द कांट्रेक्शन में भी पार्किंग की सुविधा बहाल हो सके.

**खास बातें**
- 15 सूत्री मांगों में सभी मांगों पर बारीकी से मंथन किया
- बैठक में प्रकाश राजू सहित कई लोग हुए शामिल
- 20 जनवरी को प्रकाश राजू के नेतृत्व में आमरण अनशन हुआ था

**कांड्रा में ट्रेन के ठहराव की मांग**

ट्रेन के ठहराव के लिए पुन: वरिष्ठ पदाधिकारियों को पत्राचार किया जाएगा ताकि ट्रेन के ठहराव की मांग जल्द से जल्द पूरी की जा सके. वही पूर्व सांसद प्रतिनिधि प्रकाश कुमार राजू ने कांड्रा में ट्रेन ठहराव के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेलवे बोर्ड के चेयरमैन से मिलेंगे. चक्रधरपुर के डीआरएम से मिलने वालों में प्रकाश कुमार राजू के साथ समाजसेवी जोगेंद्र प्रसाद महतो, कल्पना सिंह, बलदेव तिवारी, जनार्दन मिश्रा, सोसांग महतो, सूरज कुमार गुप्ता, भवेश पंडित, रमेश मंडल, महेश कालिंदी, सुमित, मनोज मार्डी शामिल थे.

### खरसती नदी पर पुल निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**घाटशिला।** खरसती नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का विधायक एवं सांसद प्रतिनिधि तथा जिला परिषद सदस्य ने नारियल फोड़कर शुक्रवार को शिलान्यास किया. इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि दिनेश साव ने बताया कि घाटशिला प्रखंड अंतर्गत भादवा पंचायत बड़ा जमुना गांव स्थित खरसती नदी पर पुल निर्माण का कार्य आरकेएफ कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जाएगा. पुल का निर्माण 2 करोड़ 20 लाख रुपया की लागत से की जाएगी. कार्य का देखरेख विशेष प्रमंडल विभाग द्वारा किया जाएगा. मौके पर जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत, काजल डॉन, नीलकमल महतो, गोपाल कोयरी, सत्यनारायण पुष्टि सहित काफी संख्या में झामुमो तथा भाजपा नेता उपस्थित थे.

### थाना प्रभारी ने की पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा थाना परिसर में शुक्रवार को नये थाना प्रभारी विकास कुमार शर्मा बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया.इस बैठक में पंचायत क्षेत्र व प्रतिनिधियों के निजी परिचय के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी ली.साथ ही थाना प्रभारी ने भी सभी के समक्ष अपना परिचय बताया. थाना प्रभारी ने बताया कि आप लोगों के सहयोग से एक बेहतर बहरागोड़ा के साथ साथ एक बेहतर समाज का निर्माण करना होगा.जाहाँ क्राइम मुक्त होगा. मुखियाओं से यह भी आग्रह किया कि मंदिरों में कैमरा लगाया जाए जिससे किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना पर कुछ हद तक रोक लक सकती है. इस मौके पर पानसोरी हांसदा, पारो टुडू, चैतन्य सिंह मुंडा, पप्पू राउत, शांति गोपाल दास आदि समेत कई उपस्थित थे.

# धरने के नाम पर वार्ड 17 के लोगों ने की गुंडागर्दी



संवाददाता। आदित्यपुर

वार्ड 17 के लोगों ने शुक्रवार को निगम कार्यालय में गुंडागर्दी की है. जल संकट को लेकर नगर निगम का घेराव करने पहुंचे सैंकड़ों लोगों ने निगम के अधिकारियों संग गेट बंद रहने पर गाली गलौज और हाथापाई की है. करीब आधे घंटे तक हो-हंगामा के बाद मामला संभला तब वार्ता हुई और प्रशासक से दूरभाष पर वार्ता करने के बाद आश्वासन मिलने के बाद सभी लोग निगम कार्यालय से वापस लौटे. बता दें कि वार्ड-17 के सैकड़ों लोग पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत जल संकट अभियान के तहत आदित्यपुर नगर निगम के विरोध में आज धरना प्रदर्शन करने पहुंचे थे. लोगों ने नगर आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर वार्ड-17 में पानी की जल्द आपूर्ति हेतु निवेदन किया है. सारे लोग प्रभात नगर विकास समिति के बैनर तले निगम कार्यालय आये थे. मौके पर नगर निगम कार्यालय में मौजूद पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया है. ज्ञापन में वार्ड-17 में पानी की उपलब्धता जल्द बहाल की करने की मांग की गई है.

**खास बातें**
- जल अभियान को लेकर नगर निगम का घेराव किया
- नागरिकों ने अधिकारियों के साथ किया दुर्व्यवहार

### ट्रक की चपेट में आयी बाइक बाल-बाल बचा चालक

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एन एच 18 के सर्विस रोड में बाइक चालक ट्रक की चपेट में आने से बाल-बाल बचा बाइक चालक की जान. मिली जानकारी के अनुसार राजलाबांध निवासी निर्मल जेना अपने घर से अपने गांव मालबांधी जाते वक्त चावल लदे ट्रक के चपेट में आ जाने से दुर्घटना का शिकार हो गये तथा बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. वहीं बाइक चालक के जान बगल में खड़े लोगों के द्वारा हल्ला करने पर ट्रक चालक का सूझबूझ के कारण बच गया. लेकिन बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. स्थानीय लोगों की कहना है कि एन ए एचआई के रोड डिजाइनिंग में उड़ीसा जाने के लिए सर्विस रोड को मुख्य सड़क में रूपांतरण कर देने के कारण आए दिन कोई ना कोई दुर्घटना घटित होते रहता है. इस सर्विस रोड में बहरागोड़ा महाविद्यालय विद्यालय तथा प्लस टू उच्च विद्यालय बहरागोड़ा के साथ साथ कई छात्रावास उपस्थित हैं. सर्विस रोड चौड़ीकरण को लेकर एन ए एचआई द्वारा भूमि अधिग्रहण का मुआवजा राशि कई वर्ष पहले भुगतान हो चुक हैं.

## आजाद समाज (का) पार्टी के प्रदेश सचिव ने सीएम को लिखा पत्र

# लोस चुनाव में दो दलित और दो मुस्लिम को टिकट मिले : काशिफ

संवाददाता। जमशेदपुर

आजाद समाज (का) पार्टी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने मुख्यमंत्री चंपाई को पत्र लिखा है. इसमें उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में दलित और मुस्लिम को उनकी जनसंख्या के अनुपात में टिकट देने की मांग की है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने पिछले दिनों झारखंड में जातिगत जनगणना करा का फैसला लिया है. यह सराहनीय है. झारखंड में दलितों की जनसंख्या लगभग 13% और मुसलमानों की जनसंख्या 15% है. झारखंड में दलितों के लिए केवल एक लोकसभा सीट आरक्षित है, जबकि जनसंख्या के अनुपात में दलितों को लोकसभा में 2 सीटें और मुसलमानों को भी दो सीटें मिलनी चाहिए, जो इनका हक है.

पिछले 15 सालों से झारखंड से कोई भी मुस्लिम सांसद नहीं है. जिन सीटों पर मुस्लिम सांसद जीत सकते थे, उन सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशियों को टिकट ही नहीं दिया गया है. जिन जातियों की जनसंख्या झारखंड में बहुत कम है, उन जातियों के सांसद मुस्लिम और दलित बहुल सीटों से चुन कर संसद पहुंच रहे हैं. जब तक जनसंख्या के अनुपात में दलितों और मुसलमानों को राजनीतिक भागीदारी नहीं मिलेगी, इनका विकास संभव नहीं है. इसलिए आपसे अनुरोध है कि आप यह सुनिश्चित करें कि झारखंड में कम से कम 2 दलित और 2 मुस्लिम प्रत्याशियों को 2024 लोकसभा चुनाव में गठबंधन से टिकट दिया जाए, ताकि इन दिनों समाज का प्रतिनिधित्व हो सके और इनके प्रतिनिधि सदन में इनकी आवाज बन सकें.



## न्यूज अपडेट

### लिपुंगा में माघे पर्व का आयोजन 7 से 9 मार्च तक



**किरीबुरु।** लिपुंगा गांव में मुंडा चरण चाम्पिया की अध्यक्षता में माघे पर्व को लेकर ग्राम सभा की विशेष बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में सर्वसम्मति से लिपुंगा गांव में माघे पर्व 7 से 9 मार्च को पारम्परिक रीति-रिवाजों के साथ हर्षोउल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया. मुंडा चरण चाम्पिया ने बताया कि इस पर्व का शुभारम्भ 7 मार्च को गुरी पर्व से होगा. 8 मार्च को मरग पर्व एवं 9 मार्च को बासी पर्व होगा. इस दौरान मुंडा चरण चाम्पिया, दिऊरी नरसिंह चाम्पिया, जतरा दिऊरी डोबरो चाम्पिया, जगदीश केराई, बीनु सिंह चाम्पिया, सोमा बालमुचु, सुरा चाम्पिया, जगाय चाम्पिया, रासिका चाम्पिया, जयपाल चाम्पिया, कप्तान चाम्पिया आदि शामिल थे.

### हेमंत की रिहाई के लिए जेएमएम ने निकाला न्याय मार्च



**आदित्यपुर :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई को लेकर जेएमएम आदित्यपुर नगर कमेटी ने शुक्रवार को न्याय मार्च निकाला.जिसमें सैंकड़ों की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए. जेएमएम कार्यकर्ताओं ने जब जब मोदी डरता है-ईडी ईडी करता है और जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा का नारा बुलंद किया. न्याय मार्च का नेतृत्व नगर अध्यक्ष दीपक मंडल और जिला उपाध्यक्ष पवित्रो बर्मन कर रहे थे. न्याय मार्च आदित्यपुर इमली चौक जेएमएम कार्यालय से निकल कर आदित्यपुर के हर गली मोहल्लों में घूमी और ध्वनि विस्तारक यंत्र से नारा लगाया.

### नेंगटासाई में 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू



**आदित्यपुर।** गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत चमारू पंचायत के नेंगटासाई ग्राम के महुलडीह टोला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माघ पूर्णिमा पर शुक्रवार से 24 प्रहर अखण्ड हरिनाम संकीर्तन का शुभनाम आरंभ किया गया. इस अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए रंगलाल दास (काशीबेड़ा), बासुदेव गोस्वामी (वीरग्राम), नाडू कर्मकार (बांकुड़ा), कर्तिक कविराज (बांकुड़ा), रास विहारी दास (निधयाटाँड़), अरुण गोराई (नेंगटासाई), तरनी महतो (नेंगटासाई)आदि कीर्तन मंडली सहभागिता निभाएंगे. मंदिर को कोलकात्ता से लाई गयी विभिन्न प्रकारों के ताज़ी फूलों से सुसज्जित किया गया हैं साथ ही इस बार भक्तगणों के लिए देवसभा भी लगायी गयी है. 25 फरवरी की शाम को विशाल भंडारा की व्यवस्था की गई है.

### प्रथम दीक्षांत समारोह की रूपरेखा तैयार



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह की रूपरेखा तैयार कर ली गई है. झारखंड के राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे. समारोह में सत्र 2021 -2023 की स्नातकोत्तर मानविकी, समाज विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, बीएड एवं बीपीएड में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा. इस आयोजन को लेकर यूनिवर्सिटी की कुलपति के निर्देश में विभिन्न कमिटियों का गठन किया गया है, जो पूरे उत्साह के साथ अपने-अपने कार्यो का निष्पादन कर रहे हैं.दीक्षांत समारोह का आयोजन वीमेंस यूनिवर्सिटी के सिदगोड़ा कैंपस में करने का निर्णय लिया गया है.

### किरीबुरु ने मेघाहातुबुरु को हरा कर जीता खिताब



**किरीबुरु।** सेल, बीएसएल, मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन के तत्वावधान में मेघाहातुबुरु खेल मैदान में आयोजित जेजीओएम अंतर खान क्रिकेट प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले में सेल की किरीबुरु ने मेघाहातुबुरु को 5 विकेट से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया. टौस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये मेघाहातुबुरु ने 19 ओवर में सभी विकेट खोकर 145 रन बनाये. इसमें विक्की सिंह ने 7 चौका व एक छक्का की मदद से 33 गेंद में 45 रन, प्रवीण केरकेट्टा ने 4 चौका की मदद से 21 गेंद में 25 रन, जे साशमल ने दो छक्का एक चौका की मदद से 8 गेंद में 16 रन, कप्तान अरविन्द बिन्हा ने दो चौका की मदद से 15 गेंद में 13 रन, इबकार हुसैन ने दो छक्का की मदद से 6 गेंद में 12 रन का योगदान दिया.

### श्री शनिदेव भक्त मंडली का महा रक्तदान शिविर कल



**आदित्यपुर।** श्री शनिदेव भक्त मंडली (ट्रस्ट) का छठा महारक्तदान शिविर सुवर्णरेखा भवन में रविवार को आयोजित होगा. मंडली ने इस महा रक्तदान में 1520 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है. प्रेसवार्ता में मंडली के संरक्षक देवव्रत घोष, पंकज कुमार रामा, मंटू सिंह मोदक, माणिक गोराई, मिलन कांति संतरा, आशीष बैनर्जी, राजेन्द्र पाल सिंह, गोरांगो धर आदि शामिल थे. मंडली के संरक्षक देवव्रत घोष ने बताया कि 25 फरवरी 2024 (रविवार) को आयोजित रक्तदान शिविर में 1520 यूनिट के लक्ष के साथ यह मंडली का अब तक छोटा बड़ा 36 रक्तदान शिविर आयोजित कर चुका है. इस महारक्तदान से नए रक्तदाताओं को जोड़ने की कवायद हो रही है, इस बार 200 ऐसे नए रक्तदाता होंगे जो पहली बार रक्तदान करेंगे.

### भारतीय बास्केटबॉल टीम के पूर्व कप्तान परमजीत का निधन



**जमशेदपुर।** मास्को में 1980 में आयोजित ओलंपिक में भारतीय बास्केट बॉल टीम की कप्तानी कर चुके परमजीत सिंह का निधन हो गया. वे 72 वर्ष के थे. उन्होंने राजस्थान के अजमेर में अपने आवास पर अंतिम सांस ली. वे बास्केट बॉल की दुनिया में पम्मी के नाम से लोकप्रिय थे. उनके निधन से खेल जगत में शोक की लहर है. इस संबंध में भारतीय बास्केट बॉल टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हरभजन सिंह ने बताया कि वे लंबे समय से बीमार थे. गुरुवार की रात उनका निधन हो गया. पम्मी ने 1975 में बैंकॉक और 1977 में क्वालालंपुर में आयोजित एशियाई बास्केट बॉल चैम्पियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था. वे 30 वर्ष से अधिक समय रेलवे में नौकरी की. वे पश्चिम रेलवे से वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे.

## समस्या — कॉलेज प्रशासन की ओर से विद्यार्थियों को नहीं दी जा रही है सुविधा

# इंजीनियरिंग कॉलेज में गंदगी का अंबार, शौचालय के नल टूटे

संवाददाता। चाईबासा



चाईबासा इंजीनियरिंग कॉलेज में इन गंदगी का अंबार लगा हुआ है. इसकी साफ-सफाई कॉलेज प्रशासन की ओर से नहीं की गई है. कॉलेज के मेस के सामने सबसे अधिक गंदगी का अंबार भरा है. इसके अलावा कॉरिडोर में भी गंदगी भरा है. लेकिन कॉलेज प्रशासन इसे नजरअंदाज कर रहा है. इसके कारण विद्यार्थियों में काफी नाराजगी है. साथ ही कॉलेज के शौचालय समेत कई टॉयलेट के नल टूटे हुए हैं तो कहीं गंदा भरा है. नियमित रूप से टॉयलेट की भी सफाई नहीं होती है. इसको लेकर कई बार विद्यार्थियों ने कॉलेज प्रशासन से अवगत कराया है, लेकिन इसका समाधान अभी तक नहीं हुआ है. इसके कारण विद्यार्थियों में काफी नाराजगी है.

**कॉलेज में स्थाई प्रिंसिपल नहीं होने से काम में हो रही बाधा :** चाईबासा इंजीनियरिंग कॉलेज में पिछले कई महीनों से स्थाई प्रिंसिपल नहीं हैं. इसके कारण कॉलेज में नियमानुसार कार्य नहीं हो पा रहे हैं. प्रभार में इंजीनियरिंग कॉलेज चल रहा है. विद्यार्थियों की संख्या के मुताबिक शिक्षकों की भी संख्या बहुत कम है. इसके कारण नियमित रूप से पढ़ाई भी नहीं हो रही है. कई विद्यार्थी इसको लेकर विरोध कर चुके हैं, लेकिन इसका समाधान अभी तक नहीं हो पाया है. मालूम हो कि चाईबासा इंजीनियरिंग कॉलेज पीपीपी मोड के तहत संचालित होता है, लेकिन इसका संचालन अब सुचारू रूप से नहीं होने के कारण कई विद्यार्थियों में भय बना हुआ है कि आने वाले समय में यहां पर प्लेसमेंट हो पाएगा कि नहीं. नियमित रूप से क्लास नहीं होने से विद्यार्थी काफी परेशान हैं. कई विद्यार्थियों का कोर्स अभी तक पूरा नहीं हो पा रहा है. सिलेबस भी अधूरा रह गया है.

**खास बातें**
- टॉयलेट की नहीं होती सफाई, विद्यार्थियों को हो रही परेशानी
- कॉलेज प्रशासन इसे लगातार नजरअंदाज कर रहा है

**कॉलेज में हजारों विद्यार्थी करते हैं पढ़ाई**

चाईबासा इंजीनियरिंग कॉलेज में 1000 से अधिक विद्यार्थी अध्ययन करते हैं, लेकिन शिक्षकों की संख्या विद्यार्थी के अनुपात के अनुसार नहीं है. इसके कारण पढ़ाई बाधित होती है. सूत्रों के अनुसार अन्य इंजीनियरिंग कॉलेज के शिक्षक को यहां प्रतिनियुक्त कर दिया गया है. यहां जो शिक्षक कार्यरत हैं, उनकी उपस्थिति अन्य कॉलेज में भी दिखाई गयी. इसके अलावा कॉलेज में शिक्षकों का कुछ गुट भी बन चुका है.

# मानगो नगर निगम का कारनामा, नाली बनी नहीं और लगवा दिया गया शिलापट्ट

संवाददाता। जमशेदपुर



जमशेदपुर के मानगो नगर निगम का एक बड़ा कारनामा सामने निकलकर आया है. मानगो के बालीगुमा बगान एरिया में लगभग 5.50 लाख रुपये की लागत से बन रहे नाली का को संवेदक और अभियंता ने मिलीभगत से किसी और स्थल पर कर दिया है. मामले का खुलासा तब हुआ जब बीती रात संवेदक द्वारा उक्त स्थल पर शिलापट्ट लगा दिया गया. सुबह जब लोगों की नजर शिलापट्ट पर पड़ी तो उन्होंने इसकी शिकायत भाजपा नेता विकास सिंह से की. स्थानीय लोगों ने विकास सिंह को बताया कि बालिगुमा बगान एरिया में संजय भुइंया के घर से सुरेंद्र सिंह के घर तक चार सौ फीट नाली पास हुई थीं , मानगो नगर निगम के संवेदक ने उपरोक्त नाली का निर्माण दूसरी जगह में करवा दिया. संवेदक और अभियंता ने स्थानीय लोगों को बताया था कि जिस स्थान में नाली बनाई जा रही है. वहीं नाली पास की गई है आपके गली की नाली बाद में पास कर बनवा दी जाएगी.

**नरकीय जीवन जीने को विवश है स्थानीय लोग :** स्थानीय लोगों का कहना है घरों का गंदा पानी सड़क में कई वर्षों से बह रहा है लोग नरकीय जीवन जीने में विवश हैं जहां नाली की आवश्यकता है. वहां नाली नहीं बनाकर क्षणिक लाभ हेतु अभियंता और संवेदक की मिली भगत के कारण नाली दूसरे स्थान में बना दी गई .

# बीएसएफ मेरू कैंप में अंकुर प्ले स्कूल के विद्यार्थियों ने मन मोहा

संवाददाता। हजारीबाग





## किया डांस

- बच्चों ने स्वागत गीत और कव्वाली प्रस्तुत किये
- फैशन शो में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया

हजारीबाग सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप परिसर हजारीबाग में शुक्रवार को कैंप परिसर स्थित सीमा प्रिया हॉल में अंकुर प्ले स्कूल के वार्षिकोत्सव मनाया गया. मौके पर प्रधानाध्यापक व शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये. वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि महानिरीक्षक डेनियल अधिकारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया, जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वंदना से की.

इसी श्रृंखला में बच्चों ने स्वागत गीत, ग्रुप नृत्य, कव्वाली प्रस्तुत किए. फैशन शो में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया. नौनिहालों की भव्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्र-मुग्ध कर दिया. मौके पर उप महानिरीक्षक(प्रशा) राकेश रंजन लाल, उप महानिरीक्षक (प्रशि) डीके प्रमाणिक, समादेष्टा (अध्ययन संकाय) सत्यवान खैंची सहित अन्य अधिकारीगण, बच्चों के अभिभावक, बच्चे व स्कूल की शिक्षिकाएं उपस्थित रहे. कल्याण निधि से संचालित सेवारत एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों के बच्चों के सुनहरे भविष्य को सुनिश्चित करने के लक्ष्य से इस स्कूल में नर्सरी से लेकर यूकेजी तक के बच्चों की पढ़ाई होती है, जिसमें कैंप में तैनात कार्मिकों के बच्चों के साथ-साथ कैंप के आसपास रहने वाले ग्रामीणों के बच्चों को भी पढ़ाया जाता है.

महानिरीक्षक डेनियल अधिकारी ने स्कूल की प्रधानाध्यापिका, शिक्षिकाओं व बच्चों के सराहनीय प्रदर्शन की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं. अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन अंकुर प्ले स्कूल के बच्चों के साथ ही साथ हम सभी के लिए एक विशेष दिन है. उन्होने सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में अन्य क्रियाकलापों को बढ़ावा देना और बेहतर करने के लिए प्रेरित करना है. महानिरीक्षक ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया. उम्मीद जतायी कि प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय भविष्य में भी बच्चों के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा.

## उत्तरी छोटानागपुर अपडेट

### बंद पीएसए प्लांट जल्द ही शुरू होगा : सीएस

**हजारीबाग।** हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में पीएम केयर फंड से स्थापित दो पीएसए ऑक्सीजन प्लांट के महीनों से बंद है. इसे लेकर शुक्रवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने हजारीबाग के सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह से मुलाकात की. रंजन चौधरी ने सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह से मिलकर इस गंभीर और ज्वलंत मामले पर संज्ञान लेते हुए इसे जरूरतमंद मरीजों के हित में यथाशीघ्र सुचारू कराने की मांग की. सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह ने रंजन चौधरी को आश्वस्त किया कि पीएसए प्लांट के सप्लाईयर से बात हुई है. जल्द ही इसे सुचारू कर लिया जाएगा.

### छात्रों के स्वास्थ्य व कल्याण पर दें ध्यान : चंदन

**रामगढ़।** झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय रामगढ़ व सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के संयुक्त प्रयास से उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में किया गया. बैठक में जिला एवं प्रखंड स्तरीय शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि, स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग के जिला स्तरीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया. इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने बैठक के महत्व पर प्रकाश डाला और अधिकारियों को निर्देश दिया.

### आमजनों की समस्याओं से अवगत हुईं उपायुक्त

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया. जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा. उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएँ सुनी और एवं सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द समाधान करने के आश्वासन दिये. जनता दरबार में जमीन बंदोबस्ती कर किराया निर्धारित करने, जमीन विवाद, अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति, जमीन पर जबरन कब्जा करने समेत कई मामलों में आवेदन दिया. शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के बादा डीसी ने अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द करने कहा.

### ग्रिजली कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उत्कृष्ट आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार सेठ व महाविद्यालय के उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने रिबन काट कर संयुक्त रूप से किया. उक्त अयोजन के प्रथम दिन महाविद्यालय के अध्यक्ष मनीष कपसीमे ने गन फायर किया. आउट डोर खेलकूद में 200 एवं 100 मीटर दौड़, चम्मच रेस, बिस्कुट रेस, सुई धागा रेस, गोला फेंक, टेक द कप आदि आयोजित किया गया.

### दिनदहाड़े चार लाख रुपये से भरे बैग की चोरी

**हजारीबाग।** शहर में दिनदहाड़े चार लाख रुपये से भरा बैग चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है. यह मामला सदर क्षेत्र थाना क्षेत्र अंतर्गत कालीबाड़ी के पास का है. दो बदमाश चार लाख रुपये से भरा बैग चोरी कर फरार हो गए. सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और बैंक ऑफ़ बड़ौदा सहित सहित आसपास के सीसीटीवी चेक किया. जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति बैग लेकर दुकान से निकलते और दूसरा बदमाश मोटरसाइकिल से उसे भगाकर फरार होते नजर आ रहा है. सदर पुलिस दोनों बदमाशों की तलाश में छापेमारी कर रही है.

## ब्रीफ खबरें

### निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने का निर्देश

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को रचनात्मक तरीके से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है. इसी क्रम में शुक्रवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं द्वारा डमी ईवीएम के माध्यम से ग्रामीणों को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया गया.

### डोमचांच में नवजात बच्ची का शव बरामद

**कोडरमा/ डोमचांच।** जिले के डोमचांच में एक बार ममता फिर कलंकित हुई, जब एक नवजात का शव को एक झोले में डाल फेंका हुआ पाया गया. घटना की जानकारी स्थानीय लोगों नें डोमचांच प्रभार थाना प्रभारी सुबोध पाठक को दी. इसके बाद सूचना के आधार पर परतांगो जंगल से एक नवजात बच्ची का शव बरामद किया गया.वहीं पुलिस नें आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया.

### बच्ची के साथ दुष्कर्म आरोपी हुआ गिरफ्तार

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के दक्षिणी पंचायत के ग्राम भोजपुर में एक 3 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है. इसे लेकर पीड़िता के पिता ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर की न्याय की गुहार लगायी है. घटना गुरुवार की शाम 5 बजे की बताई जा रही है. आवेदक के आलोक में थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने पोक्सो एक्ट एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गुरुवार की रात गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत कोडरमा भेज दिया.

### दुलमी में जेंडर रिसोर्स सेंटर का हुआ उद्घाटन

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड में जेएसएलपीएस द्वारा जेंडर रिसोर्स सेंटर( गरिमा केंद्र) का उद्घाटन हुआ. इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रेनू देवी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति ने किया. यह रामगढ के दुलमी प्रखंड का पहला जेंडर रिसोर्स सेंटर है, जिसका संचालन जेएसएलपीएस द्वारा संचालित संकुल संगठन द्वारा किया जायेगा. इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य महिलाओं संग अत्याचार को सीधे सेंटर में आवेदन देना है.

## हजारों बाग वाला हजारीबाग अब बागों का शहर बन रहा है

# हजारीबाग के सुंदरीकरण से लोगों के चेहरे पर है मुस्कान

प्रमोद कुमार उपाध्याय। हजारीबाग





गुरु गोविंद सिंह पार्क व जिला परिषद निर्मल महतो पार्क व पार्क झील.

झारखंड में अगर जिले के सुंदरीकरण की बात करें तो वह हजारीबाग में देखा जा सकता है. यहां जिला प्रशासन ने शहर को सुंदरी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा है. वहीं, इससे शहरवासियों के चेहरे पर भी खूब मुस्कान देखी जा रही है. हजारों बाग वाला हजारीबाग वाकई अब बागों का शहर बन रहा है. यह शहर बरसों से सुंदर स्वच्छ और शांतिपूर्ण वातावरण में रहा है और इसी शहर से चतरा, कोडरमा और रामगढ़ भी जुड़े थे. उस वक्त भी जिले का क्षेत्रफल ज्यादा हुआ करता था, लेकिन आबादी को देखते हुए जिले के बंटवारा हुआ. इसके बाद शहर की जनसंख्या कम हुई, लेकिन 2000 के बाद फिर से जिले में धीरे-धीरे जनसंख्या बढ़ती गयी और जगह छोटी होती गई. लेकिन जिला प्रशासन ने शहर की चमक धमक लाने का खूब प्रयास किया है. अब यहां की सुंदरीकरण की चर्चा पूरे राज्य में हो रही है. वहीं कहीं जिला प्रशासन की तारीफ हो रही है तो कहीं विधायक-सांसद और सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई जा रही हैं.

और यह भी सच है कि हजारों बाग कहलाने वाले शहर हजारीबाग में आज भी दूसरे राज्य के लोग रहना खूब पसंद करते हैं. अगर बात करें अधिकारियों की तो इस शहर में एक बार पोस्टिंग हो जाने की बात वह भी यहां अपना आशियाना बनाना चाहते हैं. यहां तक की शहर के साथ-साथ अब गांव का भी विकास हो रहा है. इसमें 2000 की बात करें तो उसे वक्त का विकास से 5 गुना अधिक विकास झारखंड अलग होने के बाद हजारीबाग का विकास हुआ है. पहले हजारीबाग में एक गुरु गोविंद सिंह पार्क हुआ करता था. इसके बाद जिले में लगभग एक दर्जन से अधिक मनोरंजन स्थल पार्क बनाया गया और इसके अलावे घूमने-फिरने की बात करें तो आज भी हजारीबाग का छड़वा डैम, कनहरी पहाड़, नेशनल पार्क, झील के अलावे निर्मल महतो पार्क, कैफेटेरिया पार्क, कृषि उद्यान, जबर पार्क, कन्हरी पार्क, गुरु गोविंद सिंह पार्क, ओपन थिएटर, दादा दादी पार्क सहित कई पार्क की इन दिनों खूब चर्चा हो रही है.

### पार्क में घूमने बाहर से भी आ रहे सैलानी

इस पार्क में अब शहर के अलावा गांव के छोटे-बड़े स्कूलों से भी बच्चे मनोरंजन के लिए आ रहे हैं. इस पार्क के माध्यम से हजारीबाग के सैकड़ों दुकानदार भी अपना रोजगार चला रहे हैं और राजस्व को भी लाभ हो रहा है. अगर इसी तरह से छोटे-छोटे पार्क गांव में भी बनाया जाए तो गांव की भी सुंदरता बढ़ती चली जाएगी. वहीं शहर में बनाए गए पार्क में सुबह और शाम लोगों का खूब जुटान होता है. यहां तक की विद्यार्थी भी इन पार्कों में लाकर अपनी पढ़ाई करते हैं. इस संबंध में कई शहर वासियों ने बताया कि हजारीबाग शहर एक बड़ा शहर था. अब कुछ जिला काटने के बाद यहां की आबादी कम हो गई थी, लेकिन फिर से आबादी बढ़ने लगी है और आबादी के देखते हुए जिला प्रशासन ने भी शहर को सुंदरीकरण करने में अहम भूमिका रही है. हालांकि थोड़ा बहुत पार्किंग की जगह नहीं होने के कारण परेशानी होती है. वहीं पबरा के मुखिया संगीता देवी मुखिया काजल देवी व कटकमसांडी प्रखंड कई ग्रामीणों ने बताया कि गांव में भी अगर सरकार थोड़ा बहुत सुंदरीकरण पर ध्यान दें तो गांव कभी सुंदरीकरण बढ़ सकता है. जगह-जगह पर बच्चों को खेलने के लिए पार्क बना होता तो शहर में आने की जरूरत नहीं पड़ती. हम अपने गांव में ही मनोरंजन कर लेते हैं.

### किसान आंदोलन को जबरन किया जा रहा अब कमजोर : यादव

**कोडरमा।** भाकपा जिला परिषद की बैठक कामरेड विरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में किया गया. बैठक में भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत की. इसमें सभी ने सर्वसम्मत से पास किया. बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि किसान आंदोलन को जबरन कमजोर किया जा रहा है दुनिया का इतिहास है आवाज को दबाने के बाद आंदोलन और तेज होता है किसान आंदोलन और तेज होगा किसान आंदोलन का अधिवक्ताओं के द्वारा किया गया समर्थन को बधाई देते हैं इस आंदोलन में किसानों की जीत होगी. भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि देश को आपातकाल में झोंककर नरेंद्र मोदी और अमित शाह इत्मीनान से हैं. बैठक को पुरुषोत्तम यादव, धनंजय यादव, देव पांडे, विनोद पासवान मौजूद थे.

# आठ माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज श्रमिकों ने की तालाबंदी

संवाददाता। बरकट्ठा



जीटी रोड सिक्सलेन सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य करवा रही कंपनी राजकेशरी प्राइवेट लिमिटेड के सुरक्षा गार्ड में लगे स्थानीय मजदूरों को आठ माह से वेतन नहीं मिला है. इससे नाराज दर्जनों लोगों ने गोलबंद होकर शुक्रवार को कंपनी के मुख्य गेट में ताला लगा दिया और मुख्य गेट पर तंबू लगाकर मजदूर अपने वेतन की मांग को लेकर गेट के समक्ष धरने पर बैठ गए.

मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि सीके पांडेय, गोल्डन सिक्यूरिटी सर्वीस एजेंसी के प्रोवाइडर सुरज शांडिल्य संचालक सुभाष शांडिल्य मौजूद थे. सीके पांडेय ने कहा कि आठ माह से मजदूरों को वेतन नहीं मिलना दुर्भाग्य की बात है, जहां मजदूर रात दिन मेहनत करते हैं और लोगों को समय पर मजदूरी नहीं मिले तो इससे घृणित कार्य और क्या हो सकता है. वहीं जिप सदस्य प्रतिनिधि सीके पांडेय के नेतृत्व में राजकेशरी कंपनी के अधिकारी मो अजहरुद्दीन और सिक्यूरिटी सर्विस एजेंसी के संचालक के साथ वार्ता कर आगामी सोमवार तक दो माह के वेतन और तीन महीने के अंदर सभी बकाया भुगतान करने पर सहमति बनी. मौके पर सुरक्षा गार्ड उमेश कुमार राम, धानेश्वर गोस्वामी, पाचु महतो, झमन साव, सुकरा उरांव, राजेन्द्र राणा, मोती निषाद, साबिर अली, मुमताज आलम, सलामत मियां, छोटू यादव, संतोष पाण्डेय, दर्शन महतो, सुजान बास्के, विजय सिंह समेत आदि दर्जनों लोग मौजूद थे.

## पीवीयूएनएल के सौजन्य से सड़क का किया जाएगा निर्माण

# 1 करोड़ 12 लाख की लागत से बनेगी सड़क, हुआ शिलान्यास

संवाददाता। रामगढ़



पतरातू प्रखंड के कोतो पंचायत मुखिया निधि सिंह द्वारा अनुशंसित पीवीयूएनएल प्रबंधन के सौजन्य से एक करोड़ 12 लाख लगभग की लागत से एक किलोमीटर चांदनी चौक से मस्जिद कॉलोनी तक पक्की सड़क निर्माण को लेकर पीवीयूएनएल के उप मह प्रबंधक मानव संसाधन पुरुषोत्तम लाल, सीएसआर के संतोष कुमार, बी रस्पन व पल्लव आंनद की उपस्थिति में मुखिया निधि सिंह व जय प्रकाश सिंह ननकी ने विधिवत पुजा अर्चना कर शिलान्यास किया. मौके पर मुख्य रूप उपस्थित उप महाप्रबंधक पुरुषोत्तम लाल ने कहा कि यह सड़क गुणवत्ता पूर्ण बनेगी और इससे सभी ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी.

इस कार्य के साथ-साथ मुखिया द्वारा अनुशंसित कई अन्य और विकास योजनाओं को जल्द पूर्ण की जाएगी. मुखिया निधि सिंह व जय प्रकाश सिंह ननकी सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने पीवीयूएनएल प्रबंधन पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया. मौके पर उपस्थित जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि पीवीयूएनएल प्रबंधन के सहयोग से दर्जनों विकास कार्य किए जा रहे हैं. पंचायत में हर्ष का माहौल है.

### सड़क दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल

**रामगढ़।** रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग के चितरपुर स्थित बेसिक स्कूल के समीप अहले सुबह लगभग ढाई बजे के करीब हुए सड़क दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. जानकारी के अनुसार सौंढ़ निवासी सिकंदर सिंह के परिजन, जिसमे उनका पुत्र नितेश सिंह, उनकी पत्नी व बहू अक्षरा सिंह रात्रि भोज कार्यक्रम से वापस अपने चारपहिया वाहन ( जेएच 09 एडी 0947 ) में सवार होकर रामगढ़ से अपने घर सौंढ़ वापस लौट रहे थे. इसी दौरान चितरपुर बेसिक स्कूल के समीप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरी ओर मंडई की चहारदीवारी से जा टकराया, जिससे उसमें सवार सभी चार लोग घायल हो गए. उनमें से एक अक्षरा सिंह 25 वर्ष नामक महिला को गंभीर चोट आई है. घटना की जानकारी रजरप्पा पुलिस को आंदोलनकारी नेता चंद्रशेखर पटवा द्वारा दिया गया. सूचना पाकर रजरप्पा थाना की अवर निरीक्षक वर्मा घटनास्थल पहुंचे.

### बैंक ऑफ इंडिया के खाताधारक से 7000 की हुई अवैध निकासी

**टाटीझरिया।** हजारीबाग थानांतर्गत बेरहो ग्राम निवासी प्रभु महतो के बैंक खाते से 22 फरवरी को 7000 रुपये की अवैध निकासी हुई है. इस संबंध में उसने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया की टाटीझरिया शाखा में उसका बचत खाता है. उसके खाते में वैसे भी कम पैसा रहता है, वह गरीब परिवार से आता है. खेती कर जो आमदनी होती है, वह इसी खाते में रखता है. उसने बताया कि वह कहीं अंगूठा भी नहीं लगाया है और न ही पैसे की निकासी की है. उसने बैंक में शाखा प्रबंधक और थाना प्रभारी को भी लिखित सूचना दी है.

# मैं किसान का बेटा हूं, उनका दर्द समझता हूं : डॉ मेहता

संवाददाता। हजारीबाग

गरीबी का पर्यायवाची शब्द किसान है. ये बातें खैरा ग्रामीण क्षेत्र भ्रमण के दौरान डॉ आरसी मेहता ने कही. उन्होंने कहा कि मैं किसान का बेटा हूं, इसलिए कृषकों का दर्द समझता हूं. आज देश में किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिलने से किसान कृषि कार्य छोड़कर मेट्रोपॉलिटन शहरों में मजदूरी के लिए पलायन कर रहे हैं.

किसान आंदोलन को केंद्र सरकार दिल्ली के हर बॉर्डर पर कील कांटे बैरिकेड लगा रही है ताकि किसान अपनी मांग सरकार से न कर सके. मोदी साहब दिल्ली बॉर्डर में कील कांटे के बजाय चीन पाकिस्तान बांग्लादेश के बॉर्डर पर कील कांटे लगाकर विदेशी घुसपैठियों को रोकें. क्षेत्र भ्रमण में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो, ब्रजकिशोर मेहता, चंद्रदेव प्रसाद, एडवोकेट संजय दास, प्रखंड अध्यक्ष लालमोहन रविदास, राजकुमार मेहता, अजय वर्मा, जलेश्वर यादव, सुधीर कुशवाहा, खगेंद्र कुशवाहा, मनोज मेहता, नजीर मियां, कुलदीप राम आदि दर्जन लोग शामिल रहे.

## सराहना रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शिव प्रकाश बागड़िया ने की रोटरी रांची का विजिट

# मानव सेवा को सदैव तैयार रहना चाहिए : बागड़िया

संवाददाता। रामगढ़





## चर्चा हुई

- विजिट में समाजसेवा की विस्तार से जानकारी दी
- क्लब द्वारा बच्चों के दिल में छेद का ऑपरेशन किया गया

रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शिव प्रकाश बागड़िया ने अपने सालाना आधिकारिक विजिट में रोटरी क्लब रांची के क्रियाकलाप की सराहना की. बागड़िया ने रोटरी क्लब रांची द्वारा पर्यावरण सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, शुद्ध पेयजल आदि के लिए किये जा रहे कार्यों की विस्तार से चर्चा की. रोटरी गवर्नर ने रोटरी क्लब के बिहार झारखंड डिस्ट्रिक्ट द्वारा बच्चों के हृदय में छेद का ऑपरेशन कराये जाने की भी चर्चा की.

उन्होंने बतलाया कि इस सत्र में रोटरी ने झारखंड बिहार के 32 बच्चों का अबतक कोचिन के प्रसिद्ध अमृता अस्पताल, एम्स जैसे बड़े अस्पतालों में ऑपरेशन करवाया है. क्लब अध्यक्ष विनय ढांढनिया ने रोटरी रांची की विभिन्न समाज सेवा से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी और वर्तमान कार्यकाल में अबतक निभाए गए सेवा दायित्व से अवगत कराया. रोटरी के असिस्टेंट गवर्नर आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि मानवता की सेवा के लिए रोटरी क्लब रांची द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं. कार्यक्रम का संचालन अमित अग्रवाल व धन्यवाद ज्ञापन अजयदीप वाधवा ने किया.

मौके पर डिस्ट्रिक्ट फर्स्ट लेडी रंजना बागड़िया, सुधा ढांढनिया, अजोय छाबड़ा, जोगेश गंभीर, अनिल सिंह, राजीव मोदी, मनोज तिवारी, संजय कश्यप, किशोर मंत्री, सुमित अग्रवाल, संदीप मुंजाल, हर्मिंदर सिंह, रेखा सिंह, शाहिद पॉल, सुरेश साबू, भंडारी लाल, मंजु गंभीर, मुकेश तनेजा, गौरव बोर्गेय, अमित अग्रवाल, ख्याती मुंजाल, प्रवीण राजगढ़िया, अनिल पांडेय, पीयूष पोद्दार, हितेश भगत, अंकुर अनिल सिंह, कांता मोदी, निहार दास, दीपक श्रीवास्तव, शालिनी सिंघानिया, निशि जायसवाल, पवन जायसवाल, सुजाता गुप्ता, मनीष जालान, रमेश धरनिधरका, अजय साबू, एनके मखीजा, शशि मखीजा, भावना तेनेजा, रविन्द्र सिंह चड्ढा, चरंजीत सिंह वासु, अशफाक खान, निहार दास, श्रवण गिरि आदि उपस्थित थे.

### मुखिया का 4 दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**हजारीबाग।** सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 को लेकर चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग में किया गया. इसमें मुख्य रूप से जिला पंचायत राज पदाधिकारी, डीपीएम एवं राज्य से आए हुए मास्टर ट्रेनर आदि के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया. इस प्रशिक्षण में हजारीबाग प्रमंडल के जिले रामगढ़, चतरा, बोकारो,धनबाद, कोडरमा, हजारीबाग जिला के मुखिया को प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वह जिला संसाधन दल के प्रशिक्षक के तौर पर कार्य कर सके. चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हुआ. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सभी प्रशिक्षुओ को सदर प्रखंड के सखिया पंचायत का भ्रमण कराया गया.

# चौपारण में भारी मात्रा में अवैध जावा महुआ बरामद

संवाददाता। चौपारण

चुनाव नजदीक आ रहा है और प्रशासन सतर्क हो गया है. अवैध कार्यों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. इसी क्रम में प्रखंड के भगहर पंचायत के ग्राम लोहरा और भंडार में झारखंड-बिहार के उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने कई शराब भट्ठियों को नष्ट किया और महुआ चुलाई शराब बनाने वाले उपकरण को भी घटनास्थल पर ही नष्ट किया. इस संबंध में उत्पाद एएसआई अमित कुमार ने बताया कि सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के निर्देशानुसार बिहार मद्ध निषेध के गया जिला व हजारीबाग उत्पाद के साथ संयुक्त रूप से टीम गठित कर चौपारण में भंडार और लोहरा में अवैध चुलाई शराब के विरुद्ध छापेमारी की गई.

### अज्ञात अपराधकर्मियों ने की हवाई फायरिंग

**रामगढ़।** जिले के भुरकुंडा थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधकर्मियों ने एक बार फिर दहशत फैलायी है. अपराधियों ने सौदा बस्ती पंचायत सचिवालय के समीप बीती रात बाइक सवार तीन से चार अज्ञात अपराधियों ने दो राउंड गोलियां चलाई. अपराधियों द्वारा गोली चलाने का मकसद दहशत का माहौल बताया जाता है. तीन दिन पूर्व भुरकुंडा परियोजना बलकुदरा आउटसोर्सिंग कंपनी स्थित अपराधियों ने तीन राउंड गोलियां चलाकर दहशत का माहौल बनाया गया था, जिसका अभी तक पुलिस ने उद्भेदन भी नहीं की. इस केस में पूरी तरह हाथ खाली है.

**डीएसपीएमयू के छात्र ने किया दावा : पास नहीं मिलने पर छात्र ने कुलपति को लिखा आवेदन**

# डिग्री सेरेमनी में फीस देने पर भी नहीं मिला गेट पास

संवाददाता। रांची

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के छात्र शाश्वत प्रकाश ने दावा किया है कि डिग्री सेरेमनी का फीस 800 रुपए दिए जाने के बाद भी विश्वविद्यालय गेट पास नहीं दे रही है. पास नहीं मिलने को लेकर उसने विश्वविद्यालय के कुलपति ने नाम आवेदन दिया है और इसकी प्रतिलिपी झारखंड के राज्य पाल सह कुलाधिपति को भी दिया है. इस छात्र का यह भी दावा है कि लगभग 800 छात्रों को पास नहीं दिया गया है.

800 से के हिसाब से 640000 रुपए विश्वविद्यालय छात्रों से लेकर उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया है. मालूम हो कि बीते गुरुवार को डीएसपीएमयू का दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया. जिसके एक दिन बाद शुक्रवार को डिग्री सेरेमनी का आयोजन किया गया है. इसके लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन किया गया. रजिस्ट्रेशन के समय ही सीट नंबर मिल गया है. लेकिन अंदर जाने के लिए पास की जरूरत है, बिना पास का अंदर नहीं जा सकते हैं. विश्वविद्यालय ने अधिक्तर छात्रों को पास दिया ही नहीं. छात्र शाश्वत प्रकाश ने कहा कि 21 फरवरी को पास लेने के लिए विश्वविद्यालय गया, लेकिन पास नहीं मिला, 22 फरवरी को पास लेने गए तो 23 तारिख आने को आने को कहा गया. जब 23 तारिख को गया तो परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष गुप्ता ने कहा कि बैठने का जगह नहीं है. इसलिए पास नहीं मिलेगा. जब हमलोगों ने कहा कि पास दिजिए हमलोगों ने इसके लिए पैसा दिया है तो, उन्होंने कहा कि नहीं मिलेगा जो करना है कर लो. इसके बाद हमलोगों ने कुलपति और कुलाधिपति को आवेदन दिया है.




**खास बातें**

- 800 रुपये फीस देने के बावजूद नहीं मिला गेट पास
- शुक्रवार को किया गया था डिग्री सेरेमनी का आयोजन

**3000 में से 2756 छात्र ले चुके हैं पास : परीक्षा नियंत्रक**

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा 16 से 18 फरवरी तक पास और ड्रेस लेने का समय था. तय तिथि पर 2700 छात्रों ने अपना पास ले लिया. कुलपति के आदेश पर फिर तीन दिन का समय बढ़ाया गया. उस वक्त भी 56 छात्रों ने पास लिया.पास देने की तिथि समाप्त हो गई, तब कुछ छात्र पास लेने आए. अब कल कार्यक्रम है. आज पास कैसे दिया जा सकता है. 3000 छात्रों का डिग्री भी व्यवस्थित किया करना है. इस लिए ये संभव नहीं है. जो प्रश्न उठा रहे हैं वे समय पर आए ही नहीं.

# राज्य में अपराधी के साथ पुलिस भी बेलगाम : चंद्र प्रकाश चौधरी

संवाददाता। रामगढ़

गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य मे अपराधिओं ने आतंक मचा रखा है और सरकार सोई हुई है. कल तक तो सिर्फ अपराधी बेलगाम थे लेकिन रामगढ़ की घटना ने बता दिया है कि अब पुलिस भी बेलगाम हो चुकी है, नहीं तो पूछताछ के लिए गिरफ्तार युवक की मौत थाने में नहीं होती. मालूम हो कि एक दिन पहले रामगढ़ थाने में पूछताछ के लिए गिरफ्तार युवक अनिकेत की मौत थाना में हो गई थी. इसके बाद आक्रोशत पीड़ित परिजनों ने शव को लेने से इंकार कर दिया. शुक्रवार इस परिवार का हालचाल पूछने गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी जिले के मिलोनी क्लब पहुंचे थे.



**खास बातें**

- गुरुवार को पूछताछ के दौरान हो गई थी युवक की मौत
- पीड़ित परिवार का हाल पूछने मिलोनी क्लब पहुंचे थे सांसद

**एफएसएल की टीम पहुंची रामगढ़ थाना**

रामगढ़ थाना में युवक की मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है. शुक्रवार को पांच सदस्यीय एफएसएल की टीम जांच करने रामगढ़ थाना पहुंची और उस स्थान की जांच की गई और फिंगर प्रिंट लिए गए.

**अमर बाउरी पीड़ित परिवार से मिले**

पुलिस हाजत में अनिकेत की मौत के मामले पर झारखंड नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और दलित जाति के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सिमरिया विधायक किशुन दास पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे. दोनों नेताओं ने अनिकेत कुमार की पुलिस से हुई मौत के मामले की जांच करने की मांग की है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** बेकार की बहस से दूरी बनाए रखने की आवश्यकता है. घर में महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. कार्यस्थल पर जो लोग आपको पसंद नहीं करते थे, वे आपके कार्यों की तारीफ करेंगे. कार्य पूर्ण करने के लिए किसी की मदद लेनी होगी.

**वृषभ** किसी कार्य में मन नहीं लगेगा. मानसिक तनाव होगा. बेहतर होगा कहीं घूमने चले जाएं. आपके अपनों को आपकी जरूरत है. मौज मस्ती पर खर्च होगा. पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे.

**मिथुन** क्रोध से कार्य में बाधा उत्पन्न होने की संभावना है. धन का आगमन होगा. मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है. उन्नति में बाधा आयेगी. कोई खुशखबरी सुन सकते हैं. यात्रा सुखद रहेगी.

**कर्क** धर्म से लाभ होगा.कोई बड़ा कार्य करने के लिए समय अनुकूल है. किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है. संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा. किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे. संतान सुख की प्राप्ति संभव.

**सिंह** खर्च और जुबान दोनों पर नियंत्रण आवश्यक है. किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी. अपने अधीनस्थों के किये कार्यों की सराहना करें, लाभ होगा. पिता से लाभ सम्भव है. शिवलिंग पर जलार्पण करें.

**कन्या** कुछ नये सामान लेने का समय है. घर में सजावट हो सकती है. साथ ही आय भाव में चन्द्र है. कुछ नया सीखने को मिलेगा. जिंदगी से जुडी निजी बातें आज सामने आ सकती हैं. नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी.

**तुला** किसी बड़े कार्य होने से मन खुश रहेगा. साथ ही प्रतियोगिता में सफल होंगे. जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है. अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें. मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे. माता दुर्गा को इतर अर्पण करें.

**वृश्चिक** सत्कर्म करें, समय बहुत अनुकूल होगा. भाग्य साथ है. पर स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे. मित्रों से मतभेद हो सकते हैं. कार्य स्थल पर धन लाभ के योग है. इष्ट बल मजबूत करें. हनुमानजी का पूजन ध्यान करें.

**धनु** किसी से बिना वजह का विवाद हो सकता है. जुबान पर नियंत्रण आवश्यक है. व्यापार में लाभ होगा. कुछ मानसिक तनाव भी होगा. जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा. कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है.

**मकर** व्यापार के लिए नया अनुबंध बन सकता है. साथ ही मांगलिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनेगी. राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. पैसों का लेन देन संभव. खान पान पर ध्यान दें. स्वास्थ्य बिगड़ सकता है.

**कुंभ** मौसमी बीमारियों से बचने की आवश्यकता है. विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे. मेहमानों का आगमन हो सकता है. जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे. धन कमाने की चाह में कोई गलत फैसले न लें.

**मीन** शिक्षा में किसी से लाभ की संभावना है. शोध कार्य में निपुणता मिलेगी. साथ ही मन खुश होगा. पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा. बुरी संगत छोड़ दें, अन्यथा नुकसान होगा.

**अस्ताना आलिया मासूमिया कमेटी की बैठक**

**कतरास।** अस्ताना आलिया मासूमिया कमेटी श्यामडिह में सलाना उर्स (लंगर) के लिए एक बैठक सूर्य देव मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई . इस दौरान 28 फरवरी से 1 मार्च तक के कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई.साथ ही कार्यक्रम को आपसी सामंजस्य से शांति रुप से मनाने का निर्णय लिया गया. मौके पर मस्ताना आलिया मासूमियत कमेटी के सदर करीम अंसारी, सेक्रेटरी सलीम अंसारी, उप सदर कमरुद्दीन अंसारी, सर परस्त मोहम्मद मोइन , कांग्रेस नेता जावेद अंसारी,सदर इजराइल अंसारी सिराज भारती जैनुल अंसारी शाहिद अंसारी उस्मान अंसारी बबलू मिश्रा कदीर अंसारी रामसुंदर दास मोहम्मद कयूम बाबर खान मौजूद थे.

**जमशेदपुर, गिरिडीह में लगेगा डेयरी प्लांट, होटवार में मिल्क प्रोडक्ट प्लांट**

# देवघर पुलिस लाइन में 225 बेड के 8 बैरक का होगा निर्माण

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार राज्य में दूध उत्पादन और उससे जुड़े डेयरी प्रोडक्ट की उत्पादन क्षमता बढ़ाएगी. इससे जुड़े प्रस्ताव को शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में पारित किया गया. राज्य सरकार दुध संग्रहण क्षमता बढ़ाने के लिए झारखंड मिल्क फेडरेशन के तहत गिरिडीह और जमशेदपुर में नया डेयरी प्लांट लगाने का निर्णय लिया है. इतना ही नहीं, पहले होटवार में संचालित डेयरी प्लांट का विस्तार करते हुए मिल्क पाउडर प्लांट और मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की स्थापना करेगी. इसपर सरकार 32038 लाख रु नाबार्ड से आर्थिक सहायता लेते हुए चालू वित्तीय वर्ष में कुल 16019 लाख रुपये खर्च करेगी. सरकार ने एक अहम फैसला लेते हुए देवघर पुलिस लाइन में सुविधा बढ़ाने का निर्णय लिया है. देवघर पुलिस लाइन में 288 बेड के 8 नए बैरक का निर्माण भी कराया जाएगा. इसके लिए सरकार 42,19,57,500 रुपये खर्च करेगी.



**लैंपस-पैक्स नए मॉडल गोदाम के रूप में होंगे विकसित:** राज्य सरकार चालू वित्तीय वर्ष के तहत प्रखंडों में बेहतर कार्य कर रहे 500 एमटी क्षमता के लैंपस-पैक्स गोदामों को विकसित करेगी. इसे मॉडल गोदाम के तौर पर विकसित करने के लिए सरकार 100 करोड़ खर्च करेगी.

**सेवानिवृत्त शिक्षक-पदाधिकारियों को मिलेगा 7 वें वेतनमान का लाभ:** राज्य सरकार राज्य के विश्वविद्यालयों के अंतर्गत संचालित अल्पसंख्यक महाविद्यालयों के केवल वित्त सहित स्वीकृत पद के विरूद्ध सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों एवं पदाधिकारियों को सातवें वेतनमान का लाभ देगी. ये लाभा उन्हें मिलेगा, जिनकी नियुक्ति 1.12.2004 के पूर्व हुई है. इसके साथ ही इन्हें पेंशन और पारिवारिक पेंशन लाभ भी दिया जाएगा. इसका लाभ 1.04.2021 से मिलेगा.

**कैबिनेट के अन्य फैसले**

- हाईकोर्ट के निर्णय के आलोक में 09.12.1986 की तिथि से तीन वर्ष पूर्व की अवधि से नियमित (स्थायी) नियुक्ति संबंधित वास्तविक वित्तीय लाभ अन्य संबंधित कर्मियों को प्रदान करने की स्वीकृति.
- राज्य में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, पलामू में संचालित इंजीनयरिंग पाठ्यक्रमों के अनुसार अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के मापदंडों के आलोक में शिक्षकों एवं आवश्यकतानुसार शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए नए पदों के सृजन की स्वीकृति.
- इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक- 2024 के अनुमोदन की स्वीकृति.
- बगोदर-सरिया अनुमंडलीय न्यायालय के लिए न्यायिक पदाधिकारियों के पदों के सृजन की स्वीकृति.
- सिविल जज (जूनियर डिविजन) संवर्ग में प्रधान दंडाधिकारी अतिरिक्त किशोर न्याय बोर्ड, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर)-II के एक पद के सृजन की स्वीकृति.
- चाईबासा न्यायमंडल में पश्चिमी सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर अनुमंडलीय न्यायालय के लिए न्यायिक पदाधिकारियों के पदों के सृजन की स्वीकृति.
- नए झारखंड भवन दिल्ली के कार्यालय में पदों के सृजन की स्वीकृति.
- मझियांव नगर पंचायत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजना के पीपीपी मोड पर संचालित करने की स्वीकृति.
- बीआईटी मेसरा के साथ वर्ष 2017 में हुए एकरारनामा का वर्ष 2018-19 से 2024-25 तक के लिए अवधि विस्तार करने और सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति.
- झारखंड राज्य पुलिस नियुक्ति नियमावली 2014 आवश्यक संशोधन की स्वीकृति.
- पंचम झारखंड विधान सभा का बजट सत्र 23 फरवरी से आहूत करने औपबंधिक कार्यक्रम की घटनोत्तर स्वीकृति.
- द हाईकोर्ट ऑफ झारखंड गाइडलाइन फॉर रिकार्डिंग एवीडेंस ऑफ वूलनेरबल वीटनेश 2024 लागू करने की स्वीकृति.
- न्यू पेंशन स्कीम से ओल्ड पेंशन स्कीम में परिवर्तित होने वाले कर्मियों के पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में आंशिक संसोधन की स्वीकृति.
- झारखंड न्यायिक सेवा/वरीय न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को विभिन्न भत्तों की स्वीकृति.
- पश्चिमी सिंहभूम जिलान्तर्गत "उलीवीड चैनपुर सहजोरा-गेहलपानी- चारमोर पथ को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित की स्वीकृति.
- झारखंड न्यायिक सेवा (भर्ती) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2024 के गठन की स्वीकृति.
- झारखंड राज्य पुलिस अवर निरीक्षक संवर्ग नियुक्ति नियमावली, 2016 (यथासंशोधित) में संशोधन की स्वीकृति.
- झारखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश एवं न्यायाधीश को अनुसेवक भत्ता तथा अनुसचिवीय सहायता भत्ता एवं दूरभाष सुविधा की स्वीकृति.
- चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य के लैंपस / पैक्स में 100 एमटी गोदाम, मार्केटिंग सेंटर एवं ड्राईंग यार्ड का निर्माण योजना के लिए दो सौ करोड़ की स्वीकृति.

**जेएसएससी पेपर लीक मामले पर सीएम बोले-**

# एसआईटी मामले की जांच कर रही है, धैर्य रखे विपक्ष

विशेष संवाददाता। रांची

सीएम चंपाई सोरेन ने पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच से इंकार कर दिया है.चंपाई सोरेन ने कहा है कि एसआईटी जांच कर रही है. मजबूती के साथ इस मामले की जांच हो रही है. देश में ये पहला मामला नहीं है कई और मामले है. राज्य सरकार इस मामले को लेकर गंभीर है. विपक्ष को धैर्य रखने की जरूरत है. यह बातें सीएम ने कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कही. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्र की जो परिस्थित है उसे देखते हुए बिजली में सब्सिडी देने का फैसला किया है ताकि हमारे ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को लाभ मिल सके और बिजली का इस्तेमाल कर सके. भवन रेगुलराइज बिल पर सीएम ने कहा कि झारखंड प्रदेश में सबको सम्मान से जीने का अधिकार है. जो मकान बना हुआ है, जहां वे रहे हैं वहां भविष्य में कोई विवाद न पैदा हो और वे डर के न रहे. सीएम ने कहा जनता की सेवा करने के लिए सरकार बनी है और जनता के लिए ही हम काम करते जा रहे हैं. सरकार किसके लिए है, जनता के लिए है और हम जनता को जितनी सुविधा देनी है दे रहे हैं. जनता की आय के साधन कैसे बढ़े. आर्थिक स्त्रोत को कैसे बढ़ाया जाये, पढ़ाई की सुविधा मिले. यही तो सरकार का काम है.



**जर्जर भवन को शीघ्र बनाने की मांग**

# डर के साए में प्रशिक्षण ले रही हैं लगभग 3500 महिलाएं

संवाददाता। धनबाद

ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार और झारखंड सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन, स्वरोजगार, पलायन रोकने जैसे महत्वपूर्ण कार्य धनबाद जिले अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड के मरिचो तिलैया बिराजपुर खरणी आसनबनी कुलबेड़ा आदि पंचायतों में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के माध्यम किया जा रहा है. स्वयं सहायता समूह आसनबनी क्लस्टर - 1 साधोबाद जहां छः पंचायतों के 350 समूह में लगभग 3500 दुर सूदूरवर्ती महिलाओं को साप्ताहिक प्रशिक्षण दिया जाता है. सामुदायिक भवन जर्जर हैं और छत- दीवार के प्लास्टर गिरते रहते हैं, खिड़की दरवाजे सब टूट चुके हैं, बिजली पानी की भी सुविधा भी उपलब्ध नहीं है, मरिचो, तिलैया, बिराजपुर, खरणी, आसनबनी और कुलबेड़ा आदि छः पंचायतों की महिलाएं यहां प्रशिक्षण ले रही हैं. ग्रामीणों और समूह के सीआरपी के द्वारा सूचना पाकर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी रंजीत महतो ने शीघ्र मरम्मती की मांग की है.

**वर पक्ष ने लगाया डेढ़ लाख लेकर विवाह कराने का आरोप**

# लड़की गई मायके, अगुवा से लड़ाई

संवाददाता। धनबाद

शादी के नाम पर अगुवा के खिलाफ डेढ़ लाख रुपए की ठगी करने का आरोप लगाते हुए धनबाद थाने में मौखिक शिकायत की गई है. आरोपी महिला को धनबाद थाने में हिरासत में रखा है. धनबाद के चीरागोड़ा में हंगामे की खबर किसी ने पुलिस को 100 नंबर पर डायल कर दी थी. पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, तो देखा कि एक महिला के साथ कुछ लोग विवाद कर रहे हैं. लोगों का कहना है कि उक्त महिला अगुवा का काम करती है. लगभग छह महीने पूर्व उसने रिश्ता कराया था, इसके एवज में डेढ़ लाख रुपए भी लिए थे. शादी तो हो गई लेकिन लड़की शादी के कुछ दिन बाद ही घर छोड़ कर चली गई. इसके बाद से दोनों परिवार में विवाद होने लगा, लड़की फिर अपने ससुराल नहीं आई. इधर अगुवा



महिला ने बताया कि रुपये लेने की बात गलत है. शादी का रिश्ता लगा दिया था, शादी भी करा दी लेकिन शादी के बाद लड़की को उक्त लोग ठीक ढंग से नहीं रख रहे थे, इसी कारण विवाद हुआ तो लड़की अपने मायके चली गई. पुलिस दोनों पक्षों की बातों का सत्यापन कर रही है. देर शाम तक मामले में प्राथमिकी नहीं दर्ज की गई थी.

**ट्रैक साइकिलिंग: एशियाई चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी**

# झारखंड की सरिता ने भारत के लिए जीता कांस्य

संवाददाता। रांची

नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी साइकिलिंग बेलोड्रम स्टेडियम में चल रही 43वीं सीनियर व 30वीं जूनियर एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में झारखंड के सरिता कुमारी ने कांस्य पदक जीता. सरिता ने बालिका वर्ग के जूनियर टाइम ट्रायल 500 मीटर स्पर्धा को 36.57 सेकंड में पूरा कर कांस्य पदक अपने नाम किया. झारखंड के लोहरदगा निवासी सरिता कुमारी गरीब परिवार से हैं, जिनके माता-पिता रेजा कुली का काम कर गुजारा करते हैं. झारखंड साइकलिंग संघ द्वारा 2016-17 में रांची में आयोजित ओपन चयन ट्रायल में झारखंड टीम में शामिल होकर सरिता आज इस मुकाम तक पहुंची है. एक अच्छी साइकिल और हेलमेट के आभाव में अपनी प्रतिभा के दम पर निम्न स्तरीय साइकिल से पदक जीत रही सरिता को व्यक्तिगत स्पर्धा में गोल्ड मेडल नहीं जीतने का बहुत मलाल है. सरिता के एशियाई खेल में व्यक्तिगत पदक जीतने पर झारखंड साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, महासचिव शैलेंद्र पाठक, कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह समेत अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी.

**उम्मीद है मुझे अच्छी साइकिल उपलब्ध करायी जाएगी : सरिता**

सरिता ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि एशिया में मेडल जीतने के बाद, कहीं न कहीं से मुझे अब एक अच्छी साइकिल और संबंधित इक्विपमेंट जरूर उपलब्ध करायी जाएगी, जिससे मैं आगे और बेहतर प्रदर्शन कर सकूं. झारखंड साइकलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक का इसके संबंध में कहना है कि हमें भी मलाल है कि सरिता के पास अच्छा साइकिल और इक्विपमेंट उपलब्ध नहीं है, इसके बावजूद भी वह अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है. राज्य संघ के तरफ से हम लोग विभिन्न संगठनों को पत्र लिखकर सरिता को साइकिल और इक्विपमेंट उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है, परंतु अभी तक सफलता प्राप्त नहीं हुई है. पाठक ने बताया कि भारत के खिलाड़ी एशियाई चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं. वहीं झारखंड की सरिता ने किर्गिजस्तान के खिलाड़ियों को पछाड़कर कांस्य पदक अपने नाम किया है, सरिता ने देश के साथ-साथ झारखंड राज्य को भी गौरवान्वित किया है.



**आयोजन** **कुशल एजुकेशनल फाउंडेशन के द्वारा आयोजित मैराथन फॉर ट्राइबल्स कल**

# अयोध्याहिल पर लगेगा कई आदिवासी विभूतियों का जमावाड़ा

संवाददाता। जमशेदपुर

कुशल एजुकेशनल फाउंडेशन पुरुलिया द्वारा रविवार को अयोध्या हिल पर मैराथन फॉर ट्राइबल्स का आयोजन किया जा रहा है. मैराथन के लिए लगभग एक हजार धावकों ने पंजीकरण करवा लिया है. पंजीकरण शुल्क चार सौ निन्यानबे रुपये है, जबकि आदिवासियों के लिए यह पंजीकरण निःशुल्क है. पंजीकरण करवाने वाले धावकों को एक किट प्रदान की जायेगी, जिसमें टी शर्ट के साथ अन्य कई सामग्रियां होंगी. सभी धावकों के लिए सुबह के नाश्ते की व्यवस्था भी की गई है. मैराथन तीन श्रेणीयों में होगी, जिसमें पांच किलोमीटर, दस किलोमीटर और इक्कीस किलोमीटर शामिल है. मैराथन में प्रथम पुरस्कार 51 हजार, 21 हजार और पांच हजार होगा. सभी धावकों को मेडल व ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा. मैराथन पौराणिक अयोध्या हिल पहाड़ पर संपन्न होगी. जिसमें प्रत्येक किलोमीटर पर जुम्बा, ढ़ोल, नगाड़ा, पंजाबी नृत्य, छऊ नृत्य, संताल नृत्य, लाइव पेंटिंग इत्यादि मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. अजोध्या पहाड़ आदिवासी उन्नयन संघ के सहयोग से आयोजित इस मैराथन के रास्ते में विभिन्न स्थानों पर पानी, ग्लूकोज, फर्स्ट एड, एम्बुलेंस, फल इत्यादि के स्टॉल लगाए जा रहे हैं.



**सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा समापन**

आयोजन समिति के अशोक चौधरी ने बताया कि रविवार शाम 5 बजे से कुशलपल्ली रिजोर्ट में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा. जिसमें विश्वविख्यात नृत्यांगना पद्मश्री गुलाबो सपेरा कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति देंगी. वे अपने समूह के पंद्रह कलाकारों के साथ राजस्थान से आ रही हैं. विश्व फलक पर कालबेलिया नृत्य की पहचान स्थापित करने वाली आदिवासी नृत्यांगना गुलाबो सपेरा 165 देशों में कार्यक्रम कर चुकी हैं.

**मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार करेंगे फ्लैग ऑफ**

कुशल एजुकेशनल फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित पुरुलिया मैराथन की शुरुआत प्रातः सात बजे होगी. जिसे त्रिपुरा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह और मुंबई के विख्यात टीवी कलाकार रणविजय सांगा झंडा दिखाकर रवाना करेंगे. मैराथन फॉर ट्राइबल्स को पुरुलिया की विभिन्न संस्थाओं एवं स्थानीय क्लबों का भरपूर सहयोग एवं समर्थन प्राप्त हो रहा है, क्योंकि कुशलपल्ली अयोध्याहिल के लगभग दो सौ परिवारों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान कर रहा है.

**कई जनजातीय विभूतियां होंगे सम्मानित**

जनजातीय मुद्दों के पर लिखने वाले कलमकार सह आयोजन समिति के सदस्य संदीप मुरारका ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश की कई जानी मानी आदिवासी विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा. जिनमें पुरुलिया के छऊ नर्तक पद्मश्री स्व. गंभीर सिंह मुडा एवं छऊ मुखौटा निर्माता पद्मश्री स्व. नेपाल सूत्रधार के परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा. सम्मान समारोह में प. बंगाल की गुरु मां कमली सोरेन, कालीपदा सरेन, पद्मश्री धनीराम टोटो समेत अन्य लोगों को सम्मानित किया जाएगा.

# चक्रधरपुर रेल मंडल की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे प्रधानमंत्री

रोहित कुमार। जमशेदपुर

चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत कुल 40 योजनाओं का 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे. इसकी तैयारी में चक्रधरपुर रेल मंडल के अधिकारी जुटे हुए हैं. इस संबंध में चक्रधरपुर रेल मंडल के सिनियर डीसीएम गजराज सिंह चारण ने बताया कि इस बार बजट में चक्रधरपुर रेल मंडल की 40 रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा परियोजनाओं को शामिल किया गया है. चक्रधरपुर रेलवे डिवीजन में 13 एलएचएस, 6 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी), 4 रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) और 6 सबवे के साथ कुल 11 स्टेशन पुनर्विकास के लिए चिन्हित किया गया हैं. ये पहल न केवल यात्री अनुभव को बढ़ाएगी बल्कि क्षेत्र में रेलवे परिचालन की सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने में भी योगदान देगी.

**इन स्टेशनों का होगा पुनर्विकास**

चक्रधरपुर रेल मंडल के जिन स्टेशनों में पुनर्विकास होना है उनमें टाटानगर, बड़ा जामदा, बिमलागढ़, चाईबासा, चक्रधरपुर, डोंगवापोसी, गम्हरिया, जरौली, रायरंगपुर, पंपोश और सीनी शामिल है. इसके अलावा खड़गपुर टाटा और टाटा राउरकेला रेल लाइन के बीच कई एलएचएस, आरओबी, आरयूबी और सबवे का निर्माण किया जाना है.

# दो विभूतियों का महाप्रस्थान

90 साल के पार जाकर बुधवार को ऐसी दो महान शख्सियतें सदा के लिए जुदा हो गईं, जिन्होंने अपनी आवाज़ों के दम पर लम्बे समय तक अपने-अपने कार्यक्षेत्रों को गुंजायमान किये रखा था. इनमें से एक हैं महान विधिवेत्ता फली सैम नरीमन जिन्होंने लगभग सात दशकों तक पहले बॉम्बे हाईकोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न न्यायाधीशों के समक्ष अनगिनत मामलों की सुनवाइयों के दौरान अपने कानूनी तर्कों को न जाने कितनी बार 'मी लॉर्ड' के सम्बोधनों के साथ पेश करते हुए अपनी प्रखर मेधा, प्रतिभा व तर्क क्षमता से सबको मंत्रमुग्ध किया, तो वहीं दूसरी तरफ भारतीय रेडियो के सबसे चहेते उद्घोषक अमीन सयानी भी इस जहां के अपने करोड़ों 'भाइयो और बहनो' को अलविदा कह गये. फली एस नरीमन के कहे शब्द यदि कानों से होकर बुद्धि को झकझोरते थे, तो अमीन सयानी की मधुमिश्रित आवाज़ कानों में पड़ते ही सीधे दिल का रास्ता पकड़ लेती थी. उनकी उम्र क्रमशः 91 तथा 95 वर्ष थी. दोनों ही भारतीयों के जीवन का अविभाज्य हिस्सा रहे- एक कानूनी किताबों के माध्यम से तो दूसरे रेडियो के जरिये. 10 जनवरी, 1929 को तत्कालीन रंगून कहे जाने वाले और अब येंगून बन चुके म्यांमार (तब का बर्मा) में एक पारसी परिवार में जन्मे नरीमन ने स्कूली शिक्षा हिमाचल प्रदेश के शिमला से तथा अर्थशास्त्र के साथ बीए व कानून की शिक्षा मुंबई के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थानों से पूरी की. बहुत कम उम्र में बाम्बे हाईकोर्ट से उन्होंने वकालत शुरू की और अल्प समय में ही उन्होंने कानून व संविधान सम्बन्धी अपने ज्ञान का लोहा मनवा लिया था. यहां 22 साल तक प्रैक्टिस करने के बाद वे दिल्ली चले आये और जल्दी ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में भी अपनी धाक जमाई. 1971 में भारत सरकार के वे सर्वोच्च न्यायालय में वरिष्ठ वकील रहे. फिर 1972 से 1975 तक अतिरिक्त लोक अभियोजक थे, परन्तु आपातकाल लगाने जाने के विरोध में उन्होंने त्यागपत्र दे दिया. बाद में 2011 से 2013 तक वे भारत सरकार के सॉलिसिटर जनरल रहे. पद्मभूषण व पद्म विभूषण से सम्मानित फली एस नरीमन ने अनेक महत्वपूर्ण व मील के पत्थर साबित हुए मुकदमों में अहम भूमिका निभाई थी. 1999 से 2005 तक वे राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिये नियुक्त किये गये थे. उनका काम केवल कोर्ट रूम तक ही सीमित नहीं था. अनेक तरह की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं व संगठनों के वे प्रमुख भी रहे थे. उनकी आत्मकथा 'बिफोर मेमोरी फेड्स' काफी लोकप्रिय हुई थी, जिसमें उन्होंने अपने वकालती पेशे के बाहरी-भीतरी पक्षों को उजागर किया है. उनके नाम पर विस मूट ईस्ट का 'फली नरीमन पुरस्कार' भी रखा गया है. भोपाल के कुख्यात गैस ट्रेजेडी में आरोपी कम्पनी यूनियन कार्बाइड का केस लड़ने पर आजन्म पछताने वाले नरीमन ने कहा था कि 'काश वे यह मामला हार जाते. अपनी आत्मकथा में भी उन्होंने इस पर अफसोस जताया है. इस केस में उन्होंने यूनियन कार्बाइड तथा पीड़ितों के बीच कोर्ट के बाहर समझौते की पेशकश की थी और उन्हें एक बड़ा मुआवजा प्रस्तावित किया था.

> पद्मभूषण व पद्म विभूषण से सम्मानित फली एस नरीमन ने अनेक महत्वपूर्ण व मील के पत्थर साबित हुए मुकदमों में अहम भूमिका निभाई थी. 1999 से 2005 तक वे राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिये नियुक्त किये गये थे.

## सुभाषित

**कोऽर्थः पुत्रेण जातेन यो न विद्वान न धार्मिकः ।**
**कथञ्चित्स्वोदरभराः किन्न शूकर शावकाः ।।**

उस पुत्र का कोई प्रयोजन नहीं, जो ज्ञानी नहीं है, जिसे ज्ञान का ज्ञान नहीं है, न ही उसमें धार्मिक प्रवृत्ति है। सुअर को बहुत तुच्छ माना जाता है, इसलिए कहीं उसके बच्चे किसी तरह अपना पेट न भर लें।

# लौटे कांग्रेसी विधायक करेंगे क्या

**झारखंड में कांग्रेस के फिलहाल 17 विधायक हैं, जिनमें चार हेमंत सरकार में मंत्री थे और वे ही चार चंपाई सरकार में भी मंत्री हैं. इससे 12 विधायकों में विक्षोभ था, लेकिन दिल्ली गमन आठ ने ही किया था. वे मंत्री बनना चाहते थे और चाहते हैं भी. विधायक की यह चाहना होती ही है. अब कुछ ज्यादा होने लगी है. वे देख रहे हैं कि पहली बार चुना गया विधायक/सांसद मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री कुछ भी बन जाने की अर्हता प्राप्त कर लेता है.**



• देश-काल



श्याम किशोर चौबे


तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के बाद झामुमो नेतृत्ववाली इंडिया सरकार के गठन के साथ ही कांग्रेस में उपजे विक्षोभ का 20 फरवरी को जो हश्र हुआ, वह स्थायी है या तात्कालिक, कहा नहीं जा सकता. स्थानीय नेतृत्व के प्रति गुस्सा और यहां तक कि बगावत दर्शाने की नीयत से आठ विधायकों का दिल्ली कूच खोदा पहाड़ चुहिया तक न निकलने जैसा साबित हुआ. दिल्ली गये कुमार जयमंगल, इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह, अंबा प्रसाद, भूषण बाड़ा, सोनाराम सिंकू, उमाशंकर अकेला और राजेश कच्छप पर पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की कौन कहे, राहुल गांधी तक ने कान न दिया. बहुत कोशिश के बाद पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल से नसीहत पा वे 21 फरवरी को रांची लौट आये. वे सरकार का, खासकर अपने दल के चारों मंत्रियों का साथ देंगे या झामुमो के विक्षुब्ध लोबिन हेम्ब्रम की नाईं अपना अलग राग अलापेंगे, फिलहाल नहीं कहा जा सकता. रांची में लाख समझाइश के बावजूद जिस तेवर से वे दिल्ली गये थे और जिस बुझे मन से वापस लौट आये, उससे लगता यही है कि तत्काल वे अपनी औकात में रहेंगे. झारखंड में कांग्रेस के फिलहाल 17 विधायक हैं, जिनमें चार हेमंत सरकार में मंत्री थे और वे ही चार चंपाई सरकार में भी मंत्री हैं. इससे 12 विधायकों में विक्षोभ था, लेकिन दिल्ली गमन आठ ने ही किया था. वे मंत्री बनना चाहते थे और चाहते हैं भी. विधायक की यह चाहना होती ही है. अब कुछ ज्यादा होने लगी है. वे देख रहे हैं कि पहली बार चुना गया विधायक/सांसद मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री कुछ भी बन जाने की अर्हता प्राप्त कर लेता है. संविधान में ऐसा कुछ लिखा है नहीं कि इन महिमामंडित पदों के लिए कितना अनुभव जरूरी है. व्यवस्था यहां तक है कि बिना चुने भी छह महीने तक ये पद पाये जा सकते हैं. ऐसी स्थिति में इन आठों में कुछ तो डेढ़ बार के, कुछ दो बार के और कई पहली बार का विधायक होने के नाते मंत्री पद पाने के सर्वथा योग्य हैं. और यह भी कि कांग्रेस आज की भाजपा है नहीं कि विरोध, विक्षोभ प्रदर्शित तक न किया जा सके. सो, इन्होंने अपने अधिकार का प्रदर्शन कर दिया, पार्टी नेतृत्व जैसा उचित समझे. तसल्ली की बात है कि क्या पता कल के गये इनके भी अच्छे दिन हिमंत बिस्वा सरमा की तरह इंतजार कर रहे हों. सरमा महोदय इसी बिना पर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गये थे कि राहुल गांधी उनसे नहीं मिले. आज का दिन है कि वे असम के मुख्यमंत्री हैं. इन आठ विधायकों में से एक कुमार जयमंगल ने कुछ अरसा पहले कहा था कि सरमा से उनके व्यक्तिगत संबंध हैं. उन्हीं दिनों तीन विधायक इरफान, राजेश और विक्सल उनसे मिलने जाने के रास्ते में कोलकाता के निकट 48 लाख कैश के साथ गिरफ्तार किये गये थे.

कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र के नाम पर विरोध का इतिहास पुराना है. इसी कारण वह कितनी बार टूटी, उसको गिनती कर लेनी चाहिए. इसी टूटन ने उसको कमजोर कर दिया, बाकी नेतृत्व कौशल का सवाल भी गुंजायमान है. वह इतनी बार टूटी कि राष्ट्रीय फलक पर शायद ही ऐसा कोई दल हो, जिसमें उसका टूटा धड़ा मौजूद न हो. इस लिहाज से कांग्रेस आज हर जगह है. दुनिया का सबसे बड़ा दल होने का दावा करनेवाली भाजपा के लिए इसी कारण कहा जाने लगा है कि उसका कांग्रेसीकरण हो गया है. कार्य व्यवहार में देखें तो नरेंद्र मोदी और इंदिरा गांधी में कौन बीस है, कहना मुश्किल होगा.

यह संयोग भी हो सकता है कि 17 फरवरी को जब झारखंड के नाराज कांग्रेसी विधायक दिल्ली पहुंचे, उसके कुछ घंटे पहले मध्यप्रदेश के विक्षुब्ध पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अपने सांसद बेटे नकुलनाथ संग वहां धमक चुके थे. इन विधायकों के लिए कहा जा रहा था कि वे अलग गुट बनाकर अपना स्वार्थ साध सकते हैं, जबकि कमलनाथ के लिए नेशनल मीडिया में भी खूब उछाला गया कि वे भाजपा में जाने के लिए दिल्ली विराजे हैं. फिलहाल, दोनों मामलों में कुछ न हुआ. कमलनाथ बड़ा नाम हैं. पिछले दिसंबर में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद उनसे प्रदेश अध्यक्षी छीन ली गई थी, तब से खफा-खफा चल रहे हैं. आगे का अहवाल वे ही जानें.

रही बात इन झारखंडी विधायकों की तो इन्होंने अपने दल के मंत्रियों से खुद ही दूरी बढ़ा ली है. उनकी शिकायत रही है कि मंत्री उनको भाव नहीं देते. यह मसला तरीके से सुलझाया जा सकता था, पहले भी सुलझाया गया था. दिल्ली जाकर उन्होंने माहौल खराब कर लिया. इतना ही नहीं अचानक चुनौतियों में फंसे मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन उन पर कितना ध्यान देंगे, अभी कुछ कहा नहीं जा सकता. वे बतौर मुख्यमंत्री पहली मर्तबा बजट सत्र का सामना कर रहे हैं. 23 फरवरी से प्रारंभ हुआ यह सत्र, हालांकि छोटा ही है, प्रायः हफ्ते भर का, लेकिन बजट सत्र सत्ता पक्ष के लिए विकट होता है. जब सत्ता पक्ष के विधायक मनमुटाव की स्थिति में हों तो यह और विकट हो जाता है. इस स्थिति में मनी बिल पारित कराना आसान नहीं होता. विक्षुब्ध चल रहे कांग्रेसी विधायक सरकार का चाहे पूरा साथ दें, लेकिन उन्होंने पार्टी में और विधायक दल में चल रहे खटराग को उजागर कर दिया. पार्टी संगठन और वरिष्ठ विधायकों/मंत्रियों की जवाबदेही बनती है कि वे सबकुछ ठीकठाक कर लें, लोकसभा चुनाव कभी भी दस्तक दे सकता है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## धरती की व्यथा

तेरे जीवन निर्वाह के लिये, तेरी आवश्यकता से भी अधिक संसाधन तुझे प्रकृति ने दिए. किन्तु तूने उसका अनियंत्रित, अनवरत दोहन व शोषण आरंभ कर दिया. तुझे प्रकृति ने धरा का मुखिया बनाया, तूने अन्य सदस्यों के मुंह का निवाला भी छीन लिया. तेरी सहायता के लिये प्राणी बने, मगर तूने उन्हें अपने पेट का खड्डा भरने का साधन बनाया. सवाल मात्र पेट का होता तो जननी धरा इतनी दुखी न होती. पर स्वाद की खातिर, तूं इतना भ्रष्ट हुआ कि अखिल प्रकृति पाकर भी तूं तुष्ट न हुआ, धृष्टता से भूख और अभाव के बहाने रोता ही रहा. तेरे पेट की तृष्णा तो कदाचित शान्त हो जाय, पर तेरी बेलगाम इच्छाओं की तृष्णा कभी शान्त न हुई, कृतघ्न मानव. जितना लिया इस प्रकृति से, उसका रत्तीभर अंश भी लौटाने की तेरी नीयत न रही. लौटाना तो क्या, संयत उपयोग भी तेरी सद्भावना न हुई. प्रकृति ने तुझे संतति विस्तार का वरदान दिया कि तू अपनी संतान को मां प्रकृति के संरक्षण में नियुक्त करता, अपनी संतति को प्रकृति के मितव्ययी उपभोग की शिक्षा देता. इस प्रकार संतति विस्तार के वरदान का ऋण चुकाता. किन्तु निर्लज्ज!! तूने अपनी औलादों से लूटेरों की फ़ौज बनाई और छोड दिया कृपालु प्रकृति को रौंदने के लिए. वन लूटे, जीव-प्राण लूटे, पहाड के पहाड लूटे. निर्मल बहती नदियां लूटी, उपजाऊ जमीनें लूटी. समुद्र का खार लूटा, स्वर्णधूल अंबार लूटा. इससे भी तेरा पेट न भरा तो खोद तरल तेल रक्त लूटा. तूने एक एक कर प्रकृति के सारे गहने उतार, उसे विरान बना दिया. अरे! बंजरप्रिय!! कृतघ्न मानव!!! प्रकृति तो तब भी ममतामयी मां है, उससे तो तुझ कपूत का कोई दुख देखा नहीं जाता, उसे यह चिंता सताती है कि मेरे उजाड पर्यावरण से भी बच्चों को कोई तकलीफ न हो. अभी भी गोद में आश्रय दिए हुए है. थपकी दे दे वह संयम का संदेश देती है, गोद से गिर पड़ता है पर सीखता नहीं. भोगलिप्त अंधा बना भूख भूख चिल्लाता रहता है. पोषक के कर्ज़ से मुक्त होने की तेरी कभी नीयत ही न रही. अब समय है चेत जाओ और अपने कर्तव्य पर ध्यान केंद्रित करो. उस धरती माता के प्रति तुम्हारा कर्तव्य है, जिसने तुम्हें जन्म दिया, जिसने तुम्हार पालन पोषण किया, जिसने तुम्हारे लिए सुख-सुविधाओं के सारे साधन उपलब्ध कराये. उस पर गौर करो और धरती माता के साथ जो अत्याचार कर रहे हो, उससे परहेज करो और सोचो कि तुम्हारे कारण धरती माता को जो क्षति हो गयी है, उसकी पूर्ति कैसे होगी.

# वैश्विक मंदी की आहट से मची खलबली

• अर्थव्यवस्था

अंजन राय

जापान, जो एक समय सबसे ऊंची रेटिंग वाली अर्थव्यवस्था थी, आधिकारिक तौर पर मंदी में है तथा इसकी जीडीपी लगातार दो तिमाहियों से घट रही है. यूनाइटेड किंगडम, जो वर्तमान में अपने अतीत के गौरव की छाया में है और एक प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में लंबे समय से वंचित है, भी हाल ही में मंदी में आ गया है, जिससे प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठ रहे हैं. जापान की सभी समस्याओं का मूल कारण उसकी घटती जनसंख्या है. जब जनसंख्या तेजी से घट रही है तो जापान उन परिवर्तनों को दिखा रहा है, जो एक देश को अपने काबू में करते हैं. इस समय प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों को कार्य करने वाले हाथों की कमी का सामना करना पड़ रहा है. बढ़ती उम्र की वजह से घरेलू मांग में भी गिरावट देखी जा रही है. पिछली तिमाही में घरेलू खपत में साल दर साल करीब 1 प्रतिशत की गिरावट आई है. जापानी येन कमजोर हो रहा है. अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पिछले साल की तुलना में इसमें 6.6प्रतिशत की गिरावट आई है. चूंकि देश आयातित तेल और गैस पर निर्भर है, इसलिए लागत बढ़ गई है, भले ही वैश्विक कीमतें समान बनी हुई हैं. इसी तरह कुल खपत में आयातित खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 63 फीसदी है. बढ़ती येन उपभोक्ताओं पर नई लागत लगायेगी. जर्मनी, जो वर्तमान में सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था है, कई मोर्चों पर गहरी अनिश्चितताओं का सामना कर रहा है. जर्मन अर्थव्यवस्था अपने अस्तित्व के लिए असुविधाजनक रूप से निर्यात पर निर्भर है. इसका बेंचमार्क उद्योग ऑटो मोबाइल अब चीनी ऑटो निर्माताओं की प्रतिस्पर्धा में अस्तित्व के खतरे का सामना कर रहा है. ये देश तेजी से बूढ़े हो रहे हैं और परिणामस्वरूप, इन्हें श्रमिकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है. कुछ लोग आप्रवासन को उदार बनाकर इन कमियों को दूर करना चाह रहे हैं. पूर्व जर्मन चांसलर, एंजेला मर्केल ने विशेष रूप से उदार आव्रजन नीति का पालन किया था, लेकिन लोकप्रिय भावनाएं प्रतिकूल हो गईं, जिससे अतिवादी दक्षिणपंथी राजनीतिक दल उभरकर आगे आ गये. जर्मनी, विशेष रूप से, अब दूसरों की तुलना में जनमानस में बढ़ती ऐसी भावनाओं में बदलाव का अधिक तीव्रता से सामना कर रहा है. चीन, जो लंबे समय से खुद को दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित कर चुका था और कम से कम समय में नंबर एक बनने की संभावना देख रहा था, अचानक एक गहरे स्व-निर्मित संकट से जूझ रहा है. इसका संपत्ति क्षेत्र पूरे आर्थिक ढांचे को नीचे गिरा रहा है. जैसे कि करने के लिए कुछ भी बेहतर नहीं था, चीन के सर्वोच्च नेता, शी जिनपिंग को अपनी अर्थव्यवस्था में दबदबा रखने वाले धनिकों के आकार में कटौती करने का विचार आया है. जैकमा से लेकर चीन के व्यापक रूप से सफल प्रौद्योगिकी उद्यमियों का चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने वस्तुतः गला घोंट दिया है. जैकमा ने सबसे बड़े आईपीओ का प्रस्ताव रखा था, जिसे उनकी टिप्पणियों के कारण खारिज करना पड़ा था, जो चीनी कम्युनिस्ट नेतृत्व को पसंद नहीं थी. कई अन्य कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को शीर्ष नेतृत्व द्वारा दंडित किया गया है. समय-समय पर, शीर्ष कंपनियों के मुख्य कार्यकारी गायब हो गये और फिर, लंबे समय बाद, अपने पूर्व प्रभारों का नेतृत्व करने में असमर्थ व्यक्तित्वों के रूप में फिर से उभरे. चीन के सज़ा कार्यक्रम में नवीनतम प्रमुख क्षेत्र है प्रतिभूति बाज़ार. चीनी शेयर बाज़ार ख़राब दौर से गुज़र रहा था और बाज़ार में गिरावट आई. इससे अर्थव्यवस्था में गहरी अनिश्चितताएं पैदा हो गईं. विदेशी निवेशकों ने भी चीनी बाज़ारों से पैसा निकाल लिया था. इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि बाजार में मंदी आ जाये. चीनी सरकार, बल्कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की चूक और कमीशन के कृत्यों ने चीन में विदेशी निवेशकों का विश्वास खराब कर दिया है और धन वापस लिया जा रहा है. चीन इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था है और औद्योगिक कच्चे माल और वस्तुओं के लिए एक बड़ा बाजार है, इसकी गंभीर स्थिति दुनिया भर की कई अर्थव्यवस्थाओं के लिए बुरी खबर है. फिर भी विश्व अर्थव्यवस्था लगातार और काफी तेजी से बढ़ रही है. 2023 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 3 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है, जो वर्तमान संदर्भ में उल्लेखनीय है. बेरोजगारी दर भी बेवजह कम है और संयुक्त राज्य अमेरिका में रोजगार वृद्धि मजबूत है. नवीनतम अनुमान के अनुसार अमेरिका में 355,000 नये रोजगार का सृजन होगा.

> अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पिछले साल की तुलना में इसमें 6.6प्रतिशत की गिरावट आई है. चूंकि देश आयातित तेल और गैस पर निर्भर है, इसलिए लागत बढ़ गई है, भले ही वैश्विक कीमतें समान बनी हुई हैं. इसी तरह कुल खपत में आयातित खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 63 फीसदी है. बढ़ती येन उपभोक्ताओं पर नई लागत लगायेगी.

# आंकड़ों के खेल में गरीबी हटाओ योजना

• विमर्श

जगदीश सुनील

लेखानुदान के रूप में प्रस्तुत 2024-25 के केंद्रीय बजट में एक बार फिर भारत की बहुआयामी गरीबी में कथित नाटकीय कमी की बात की गई है. आकर्षक सुर्खियों के तार से जुड़ी यह घोषणा पहले की घोषणाओं को दोहराती है. दावा यह है कि पिछले नौ वर्षों में 24.82 करोड़ भारतीय 'बहुआयामी गरीबी' से बाहर निकल आए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश के करीब 6 करोड़ लोग हैं. इसके बाद बिहार के 3.80 करोड़ और मध्य प्रदेश के 2.30 करोड़ लोग हैं. यह डेटा नीति-आयोग की रिपोर्ट 'नेशनल मल्टीनेशनल पॉवर्टी इन इंडिया सिंस 2005-06- ए डिस्कशन पेपर' पर आधारित है और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भी उद्धृत किया गया था, ताकि विकास को 'विश्वास के रथ' के रूप में बात की जा सके जो भारत को बदल रहा है. जनवरी, 2024 में विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के प्रयासों से पिछले नौ वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं. उनके शब्दों में- 'हमारी सरकार ने असंभव को भी संभव बना दिया. भारत तेजी से बदल रहा है.' यह पेपर मोदी सरकार के पिछले दो कार्यकालों को कवर करता है. संकल्प यात्रा आने वाले राष्ट्रीय चुनाव को देखते हुए दूरदराज के इलाकों में गरीबी कम करने के दावों का श्रेय लेने के लिए खुद आधिकारिक मशीनरी का उपयोग करती है. सवाल यह है कि दावा कितना उचित है और क्या यह जांच पर खरा उतरता है?संक्षेप में कहें तो बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) परिवारों की आय या व्यय पर आधारित नहीं, बल्कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के आंकड़ों पर आधारित है, जो तीन समान शक्तिशाली आयामों- स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर- तक पहुंच सहित 12 संकेतकों के माध्यम से मापा गया है. राष्ट्रीय एमपीआई वैश्विक एमपीआई से सभी दस संकेतकों को कायम रखते हुए इसमें दो अतिरिक्त संकेतक, मातृ स्वास्थ्य और बैंक खाते को शामिल करता है. प्रत्येक संकेतक में एक सुनिश्चित कट ऑफ होता है, जिसके नीचे आ रहे व्यक्ति को वंचित माना जाता है. वंचितों का एक भारित योग अंक देता है. यदि उनका अभाव स्कोर 33.33 प्रतिशत की गरीबी कटऑफ के बराबर या उससे अधिक है तो उस व्यक्ति को एमपीआई गरीब माना जाता है. भारतीय संदर्भ में इस प्रकार गणना की गई बहुआयामी गरीबी को कुछ विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. सूचकांक में स्कूली शिक्षा एक तिहाई भार वहन करती है और इसके भीतर दो संकेतक हैंः एक परिवार को तब वंचित माना जाता है यदि (अ) 10 वर्ष या उससे अधिक आयु के घर के एक सदस्य ने भी छह साल की स्कूली शिक्षा पूरी नहीं की है. (ब) कोई भी स्कूल जाने वाली आयु वर्ग का बच्चा उस उम्र तक स्कूल नहीं जा रहा है, जिस उम्र में वह कक्षा 8 पूरी करेगा. एएसईआर 2023 में पाया गया कि 'सर्वेक्षण में शामिल लगभग 85 प्रतिशत युवा, स्केल का उपयोग शुरुआती बिंदु शून्य सेमी होने पर लंबाई माप सकते हैं, लेकिन यदि शुरुआती बिंदु को स्थानांतरित कर लंबाई नापने को कहें तो यह अनुपात तेजी से गिरकर 39 प्रतिशत हो जाता है. जैसा कि एएसईआर 2023 सर्वेक्षण में बताया गया है, 14-18 वर्ष के आयु वर्ग के किशोर/युवा गणित में कमजोर हैं और उनमें से 'आधे से अधिक (56.7 फीसदी) सामान्य तीन अंकीय गुणा-भाग करने में कठिनाई महसूस करते हैं" जो कौशल आम तौर पर कक्षा तीसरी-चौथी कक्षा के बच्चों से अपेक्षित है. नौकरियां और नौकरियों की गुणवत्ता भी चिंता का विषय बनी हुई है. सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी, सीएमआईई ने बताया कि दिसंबर 2023 में ग्रामीण बेरोजगारी 8 प्रतिशत थी जो 2020 को छोड़कर पिछले सात वर्षों में रिकॉर्ड उच्च स्तर पर थी. दिसंबर 2017 से यह दर लगातार बढ़ रही है. उस समय ग्रामीण बेरोजगारी 4.6 प्रतिशत थी. शहरी भारत में बेरोजगारी दर बढ़कर दिसंबर 2023 में 10.1 फीसदी हो गई जो एक साल पहले के स्तर के समान है, लेकिन पिछले तीन वर्षों में दिसंबर में लगभग 9 प्रतिशत की दर से ज्यादा है.गरीबी में नाटकीय कमी के आंकड़े केंद्र सरकार द्वारा इस साल जनवरी से पांच साल की अवधि के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग 81.35 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न प्रदान करने की जरूरत के विपरीत है.

> जनवरी, 2024 में विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के प्रयासों से पिछले नौ वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं. उनके शब्दों में- 'हमारी सरकार ने असंभव को भी संभव बना दिया. भारत तेजी से बदल रहा है.' यह पेपर मोदी सरकार के पिछले दो कार्यकालों को कवर करता है.

## मीडिया में अन्यत्र

# इसरो का अगला चरण

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गत शनिवार को तीसरी पीढ़ी का मौसम संबंधी उपग्रह इनसैट-3डीएस सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया. इसे एक बड़ी उपलब्धि के रूप में सराहा गया. यह उपग्रह मौसम के पूर्वानुमान की भारत की क्षमता बढ़ाएगा. अंतरिक्ष एजेंसी इंजन के समस्यामुक्त प्रदर्शन से रोमांचित थी. उपग्रह को ले जाने वाले जीएसएलवीएफ14 रॉकेट में तीसरे चरण का क्रायोजेनिक इंजन लगा था. भारत ने चार दशक तक स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन तैयार करने के लिए संघर्ष किया है. इस परिपक्व और अच्छे प्रदर्शन का देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम पर सकारात्मक प्रभाव तो पड़ेगा ही, साथ ही इससे सैन्य क्षमताओं को भी नए आयाम मिल सकते हैं. क्रायोजेनिक इंजन में तरल गैसों (प्रायः हाइड्रोजन और ऑक्सीजन) के मिश्रण का इस्तेमाल किया जाता है, जो ढोए जा रहे भार को तीव्र गति प्रदान करती हैं. ये रॉकेट ज्यादा भार को तेजी से ऊपर ले जाते हैं. तरल हाइड्रोजन और ऑक्सीजन को बहुत कम तापमान पर अलग-अलग भंडारित किया जाता है. इन्हें साथ मिलाने पर जबरदस्त विस्फोट उत्पन्न होता है. तापमान के अंतर का प्रबंधन और भंडारण टैंक में विस्फोट होने से रोकना आसान नहीं है. इन तकनीकी दिक्कतों से निपटने के लिए बेहतरीन डिजाइन की आवश्यकता होती है और साथ ही पदार्थ विज्ञान की अच्छी समझ भी जरूरी है. भारत समेत केवल छह देश हैं, जिनके पास यह क्षमता है. भारत ने रूस के इंजनों के साथ शुरुआत की थी. बहरहाल यह दोहरी तकनीक है, क्योंकि इसका सैन्य इस्तेमाल भी संभव है. पोकरण-2 और भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के मिसाइल कार्यक्रम को देखते हुए अमेरिका ने इस क्षेत्र में शोध एवं विकास को बाधित करने का निरंतर प्रयास किया है. रूस ने भी तकनीक हस्तांतरित नहीं की, हालांकि उसने बीते वर्षों में छह इंजन अवश्य दिए. इसरो को रिवर्स इंजीनियरिंग को अपनाना पड़ा और नई प्रक्रिया से गुजरना पड़ा. पहले 15 प्रक्षेपण में चार बार पूरी तरह और दो बार आंशिक स्तर पर नाकामी झेलनी पड़ी. इस 16वें प्रक्षेपण के बाद माना जा रहा है तकनीक में स्थिरता आई है. इस इंजन को पहले इसरो के भीतर 'नॉटी बॉय' का नाम दिया गया था, लेकिन अब उसे 'स्मार्ट बॉय' कहकर पुकारा जा रहा है. यह इंजन पृथ्वी की निचली कक्षा में 6,000 किलोग्राम तक का भार ले जा सकता है, जबकि ऊपरी कक्षा में यह करीब एक तिहाई भार ले जा सकता है. ध्यान रहे इनसैट-3डीएस का वजन करीब 2,275 किलोग्राम है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### आडंबर/पाखंड

**आजकल** के बाबा कहलानेवाले कलियुगी संत पाखंड रचने में पारंगत होते हैं. वे अपने आडंबर का प्रदर्शन कर सीधे-सादे आम लोगों को मूर्ख बना कर अपना उल्लू सीधा करते रहते हैं. उनके ढकोसले में नहीं पड़ने में ही बुद्धिमानी है. वरना ये कहीं का नहीं छोड़ते. इन वाक्यों में हमारा सामना मुख्यतः तीन शब्दों से हो रहा है. पहला पाखंड, दूसरा आडंबर और तीसरा ढकोसला. भाव और आशय के दृष्टिकोण से देखा जाये तो इन तीनों शब्दों में सूक्ष्म रूप में एकता है. यानी तीनों का आशय बनावटीपन ही है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार पाखंड संस्कृत तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है समाज के विरुद्ध किया जाने वाला धूर्ततापूर्ण व्यवहार, छल-कपट, दिखावटी उपासना, भक्ति या कर्मकांड, स्वार्थसिद्धि के लिए अपनाई गई धार्मिकता, आडंबर, ढोंग, शरारत, दुष्टता, नीचता. इस शब्दकोश के अनुसार ही आडंबर का मतलब है दिखावा, प्रदर्शन, युद्ध का कोलाहल, मेघ का गर्जन, हाथी का चिंघाड़ना, तंबू, गर्व, हर्ष. शब्दकोश के अनुसार ढकोसला का मतलब है लोगों को धोखा देने का आयोजन, ढोंग, किसी उद्देश्य या स्वार्थ के लिए बनाया गया झूठा रूप, दिखावा, पाखंड, कपट, भ्रांति, धोखा. आपने महसूस किया होगा कि तीनों शब्दों के अर्थ में दिखावा, प्रदर्शन, आडंबर, ढोंग, पाखंड, दुष्टता आदि शब्द ही आते हैं. तो क्या तीनों एक दूसरे के पर्यायवाची शब्द हैं? उत्तर तो हां में हो सकता है, क्योंकि तीनों के आशय में समरूपता है. इसके बावजूद तीनों में सूक्ष्म अंतर भी है. पाखंड किसी को ठगने और धोखा देने के लिए रचा गया नाटक होता है, लेकिन आडंबर तड़क-भड़क और ऊपरी दिखावा या शेखी दिखाने को कहा जाता है. वहीं ढकोसला का आशय है मतलब साधने और मूर्ख बनाने के लिए किया गया क्रिया कलाप. बनावटी धार्मिक क्रिया कलाप पाखंड कहलाता है, जबकि झूठे लुभावने बाहरी रूप को आडंबर कहा जाता है, जो धोखे का आधार बनता है. अच्छे और सच्चे होने का दिखावा पाखंड है और जिसमें वास्तविकता नगण्य हो, वह ढकोसला है.

# जिन्न हो तो तेरे जैसा, वरना न हो!

• तीर-तुक्का

शशिकांत सिंह शशि



जिन्न ने भारतीय राजनीति पर लंबा भाषण कर मुझे गद्गद कर दिया. मेरे मुंह से निकल पड़ा- 'वाह प्यारे लाल, तुझे तो भारतीय राजनीति की बड़ी समझ है.''आका, भारतीय चिराग में सत्तर सालों से कैद था. यहां की हवा में ऑक्सीजन से अधिक राजनीति है.''अच्छा, एक बात बता. क्या तू देश की गरीबी, भुखमरी, बेकारी आदि को दूर कर सकता है? मतलब इतनी ताकत है तेरे में?' 'कर तो मैं चुटकी में दूं आका, पर आजतक किसी ने कहा ही नहीं. जो भी मेरा आका बनता है वह केवल अपने लिए ही मांगता है. देश के लिए तो कोई कुछ मांगता नहीं है. सबको डर यह रहता है कि जिन्न हाथ से निकल न जाये. आप कहें तो मैं देश के लिए ....''यार , देश के लिए बहुत लोग लगे हुए हैं. नेताओं की पूरी मंडली देश के विकास की कोशिश कर रही है. बुद्धिजीवियों का पूरा कुनबा देश के लिए हलकान है तू मेरे लिए काम कर.''हुक्म करो आका.''देख मेरी तीन पांडुलिपियां तीन प्रकाशकों के पास फंसी पड़ी हैं. न हां कहते हैं न नहीं कहते हैं. तू उनके हलक से उत्तर निकाल ला.' जिन्न ठहाके लगाने लगा. मैंने सहमते हुए कहा-'अबे तू भी साहित्यकारों पर हंसता है?''नहीं आका मैं तो इस बात पर हंस रहा हूं कि प्रकाशन के चक्कर में पड़ने की जरूरत ही क्या है, जब आपका यह जिन्न हाज़िर है. मैं उपन्यास ही छापकर लाता हूं न आपके लिए.''नहीं यार, तू छापेगा तो उसे पढ़ेगा कौन ? मैं तो चाहता हूं कि वह अमर उपन्यास हो. लोगबाग मेरा नाम किताबों में पढ़ें. तू छापेगा....अच्छा कितनी प्रतियां छापेगा?''पांच और कितनी. एक आपके लिए, एक उनके लिए जिन्हें आप सादर भेजेंगे और एक मैं जिन्नलैंड लेकर जाऊंगा. दो पड़ी रहेगी तो आपके बच्चे देखेंगे.''और पाठकों के लिए?''आप भी न आका, मजाक अच्छी कर लेते हैं. हिन्दी को पाठक कहां मिलते हैं? पढ़ने वाला भी लेखक ही होता है. वह आपको पढ़कर वाह-वाह करता है, ताकि आप उसको पढ़कर वाह-वाह करें. पाठकों को तो उन्हीं के बारे में पता है जो स्कूल की सिलेबस में हैं. मेरी मानो तो पांच प्रतियां मुझसे छपवा लो. प्रकाशक तो पैसे लेकर छापेगा मैं फ्री की छाप दूंगा.''फेसबुक पर किताब की कवर लगा दो आका. वहां तो खूब वाह-वाह मिल जाती है. लोग बिना पढ़े ही तारीफों के पुल बांध देते हैं. आदमी संतुष्ट हो जाता है.''फिर तू क्या करेगा?''मैं आपके लिए ऐसी मोबाइल की व्यवस्था करूंगा जिसकी बैट्री कभी खत्म न हो. आपका नेट रिचार्ज कर दूंगा अनलिमिटेड जो कभी खत्म न हो.' मेरा मन मयूर मगन होकर नाचने लगा. वाह, जिन्न हो तो ऐसा.




## धरातल पर उतरे सीएम की घोषणाएं तो संवर जाएंगे राज्य के धार्मिक स्थल

**सीएम चंपाई सोरेन ने राज्य के धार्मिक स्थलों के कायाकल्प करने की घोषणा की है. इससे मंदिर समितियां उत्साहित हैं. वैसे तो राजधानी रांची के लगभग प्रसिद्ध और प्राचीन मंदिरों में बुनियादी सुविधाएं हैं, लेकिन यदि यहां पर्यटन को ध्यान में रख कर सुंदरीकरण किया जाए, तो सूरत बदल जाएगी. प्रकृति ने तो पहाड़ी मंदिर, जगन्नाथपुर मंदिर, दिउड़ी मंदिर, सूर्य मंदिर, लापुंग साईं मंदिर को खूब नेमत बरती है, लेकिन इसके साथ ही सरकारी स्तर पर थोड़ा भी विकास कर दिया जाए, तो सोने पे सुहागा हो जाएगा. पर्यटन के साथ रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा. कुछ इन्हीं सवालों के जवाब तलाशती राजन बॉबी व शुभम संदेश टीम की रिपोर्ट...**

# पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा बढ़ेंगे रोजगार के अवसर


कमड़े आश्रम, कमड़े

## प्रकृति ने बरती है नेमत नागरिक सुविधाओं की है जरूरत

रातू रोड के पंडरा रवि स्टील चौक के पास अविस्थत कमड़े आश्रम श्रद्धालुओं के लिए आस्था का मुख्य केंद्र है. आम, लीची सहित अन्य वृक्षों से घिरे इस आश्रम की मनोरम छटा देखते ही बनती है. मंदिर के नीचे नदी बहती है. महापावन छठ पर्व पर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करने को व्रतियों और श्रद्धालुओं का यहां मेला सा लगा रहता है. श्रावण मास और शिवरात्रि आदि मौके पर तो यहां बड़ी संख्या में दर्शनार्थी उमड़ते हैं. शादी-विवाह भी होता है.दस एकड़ में फैले आश्रम में यूं तो कहने के लिए सब कुछ है, फिर भी कसक बाकी रह जाती है, तब जबकि कोई बड़ा आयोजन होता है. बड़ी संख्या में आये लोगों को शौचालय, ठहरने की व्यवस्था और अन्य नागरिक सुविधाएं पूरी तरह से नहीं मिल पाती. यदि सरकार इस दिशा में सार्थक पहल करे तो आश्रम की सीरत और सूरत दोनों बदल जायेंगे.

श्रम में विराजमान भोले बाबा, हनुमान जी सहित योगी महाराज ब्रह्मलीन 108 पूर्णानंद सरस्वती जी की समाधि और प्रतिमा दर्शन को बड़ी संख्या में दर्शनार्थी आते हैं. लेकिन उस अनुपात में मुलभूत सुविधाएं नाकाफी प्रतीत होती है. आश्रम में तीन शौचालय हैं. दस कमरे भी बनवाये गये हैं, पर लग्न के मौके पर वर-वधू पक्ष के लिए यह कम पड़ जाता है. यदि यहां धर्मशाला निर्माण करा कर पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाये तो बेहतर होगा. आश्रम परिसर में सुबह टहलने वालों का भी तांता लगा रहता है. यदि ध्यान केंद्र के साथ यहां ओपेन जीम का निर्माण हो जाये तो लोगों को बहुत ही राहत होगी. आश्रम की प्रसिद्धि में भी बढ़ोत्तरी होगी.

–पुजारी पवन कुमार भट


दिउड़ी मंदिर, तमाड़

## मां के दर्शन को उमड़ते हैं भक्त, पर सुविधा नाकाफी

*राजधानी से लगभग 60 किमी दूर तमाड़ में स्थित लगभग सात सौ साल पुरानी दिउड़ी मंदिर पूरे राज्य के लोगों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है. माना जाता है कि यहां से खाली हाथ कोई नहीं लौटता. 16 भुजी मां दिउड़ी देवी सभी की मन्नत पूरी करती हैं. इसी भाव से हर दिन यहां बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहता है. नवरात्र आदि खास मौके पर तो अहले सुबह से भक्तों की कतार लगी रहती है. मंदिर प्रबंधन की ओर से बैरिकेंडिंग कर सुचारू रूप से दर्शन कराया जाता है, बावजूद इसके जल्द दर्शन कराने के नाम पर पैसे लिए जाते हैं. बकरे की बलि में भी मनमानी रूप से पैसे लिए जाते हैं. यहां शुद्ध पेय जल की सुविधा नहीं है. पानी का बोतल खरीदना पड़ता है. शौच आदि के लिए मंदिर के पास सुलभ शौचालय तो है, लेकिन कम शुल्क में धर्मशाला एक भी नहीं है. प्राइवेट धर्मशाला में लोगों को ज्यादा शुल्क देकर बुक कराना पड़ता है. व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी की शिकायतों के बाद अक्टूबर 2020 में जिला प्रशासन ने मंदिर प्रबंधन का कार्यभार अपने हाथ में ले लिया. साथ ही इसके सफल संचालन के लिए 13 सदस्यीय संचालन समिति गठित की गयी, जिनके द्वारा सुचारू रूप से मंदिर का संचालन किया जा रहा है.*

मां के दर्शन को तो कोई भी कष्ट सहन हो जाता है, लेकिन यहां की बाह्य व्यवस्था नाकाफी है. सरकार और मंदिर प्रबंधन की ओर से कोई खास इंतजाम नहीं किये गये हैं. आस-पास काफी जगह है. देश के अन्य प्रसिद्ध मंदिरों में जैसी सुविधा मिलती है, उसी तर्ज पर यहां भी विकास करना चाहिए. इससे इस पवित्र स्थान की महत्ता और भी बढ़ जायेगी.

–भक्त मुकेश लाला

कई मौके पर मां के दर्शन को यहां आते हैं, पर ज्यादा देर रुक नहीं पाते. आस-पास कोई मनोरम स्थल नहीं होने से मंदिर के बाहर उजाड़ सा लगता है. 16 भुजी मां का मंदिर पौराणिक होने के साथ सिद्ध स्थल भी है. टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी सहित कई गणमान्य लोग यहां अक्सर आते हैं. सौंदर्यीकरण का काम यहां जल्द से जल्द शुरू किया जाना चाहिए.

–भक्त संजू जायसवाल


जगन्नाथपुर मंदिर, रांची

## सबकुछ चाक-चौबंद, बस थोड़ी सी है कसक

जगन्नाथपुर, धुर्वा में स्थित बड़कागढ़ की आन-बान और शान माना जाने वाला प्रसिद्ध जगन्नाथ स्वामी मंदिर की बात ही निराली है. 85-90 मीटर ऊंची पहाड़ी पर घने वृक्ष के बीच आभा बिखेरते इस मंदिर की मनोरम छटा देखते ही बनती है. यहां श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रख मंदिर समिति की ओर से सारी सुविधाएं बहाल की गयी हैं, फिर भी कुछ कसक बाकी है. मंदिर से जुड़े लोग धर्मशाला आदि का निर्माण करा कर मंदिर परिसर को पर्यटन स्थल के रूप विकसित करने की मांग लंबे अरसे से करते रहे हैं.

मंदिर के पुजारी कौस्तूभ धर मिश्रा कहते हैं कि शादी-विवाह, मुंडन, जनेउ संस्कार सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान के लिए लोग यहां आते हैं. सारा कुछ खुले आसपान के नीचे करना पड़ता है, यदि कुछ कमरा और हॉल बनवा दिया जाए तो भक्तों को राहत होगी. उन्होंने बताया कि मुख्य मंदिर के नीचे नीलाद्री भवन है, पर वह कुछ घंटों या दिनभर के लिए नहीं मिल पाता. उन्होंने बताया कि पार्किंग, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं तो हैं, लेकिन भक्तों के लिए शौचालय चार ही हैं. पुजारी कौस्तूभ ने बताया कि वाहन से सीधे मुख्य मंदिर तक पहुंचा जा सकता है. शारीरिक रूप से असहाय व दिब्यांग प्रभु के दर्शन कर सकें, इसका खास ख्याल रखा जाता है. हालांकि व्हील चेयर की मंदिर में सुविधा नहीं है.

### धार्मिक न्यास बोर्ड के फैसले से आहत हैं: लाल निरंजन नाथ शाहदेव

बड़कागढ़ राजघराने के लाल निरंजन नाथ शाहदेव ने कहा कि वे धार्मिक न्यास बोर्ड के फैसले से आहत हैं. बोर्ड के फैसले को लेकर अदालत की शरण ली गयी है. जहां तक मंदिर की सुरक्षा, विकास और व्यवस्था की बात है, तो इसे लेकर बहुत कुछ किया जाना चाहिए. निरंजन ने बताया कि मंदिर में महिला-पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय हैं, पर आने वाले भक्तों के लिए यह नाकाफी है. सुरक्षाकर्मी की भी कमी है. गांव के बेरोजगार युवक को गार्ड की नौकरी दी जानी चाहिए. मेला स्थल पर अतिक्रमण कर कई दुकानें बना दी गयी हैं. अतिक्रमण न हो, इसका खास ख्याल रखा जाए. पार्क के साथ टूरिस्ट प्लेस विकसित किया जाए, ताकि आम दिनों में भी ज्यादा लोग यहां आयें.


साईं मंदिर, लापुंग

### यहां श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं हैं मौजूद

राजधानी रांची से 47 किलोमीटर दूर स्थित लापुंग का साईं मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है. मंदिर में श्रद्धालुओं की सभी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है. मंदिर परिसर में काफी स्वच्छता है. परिसर में फूलों और फलों के पौधे लगे हुए हैं. श्रद्धालु यहां काफी सुकून महसूस करते हैं. मंदिर के बाहर पार्किंग के लिए काफी जगह है, जहां लोग आराम से अपनी गाड़ियां पार्क कर सकते हैं. मंदिर में शौचालय और पेयजल की भी व्यवस्था है. रात में रुकने की भी यहां व्यवस्था है, जो श्रद्धालु रात में रुकना चाहते हैं उन्हें कमरे के लिए 300 रुपये अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता है.


सूर्य मंदिर, बुंडू

## सब कुछ है, पर सरकार से भी मदद की आस

राजधानी से लगभग 40 किमी दूर रांची-टाटा मार्ग पर पहाड़ की चोटी पर स्थित सूर्य मंदिर राज्य वास्तुकला का बेजोड़ नमूना है. पहाड़ और वृक्ष के बीच अवस्थित मंदिर की आकर्षक छटा दूर से ही श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है. अठारह पहियों और सात घोड़ों वाले विशाल रथ के रूप में किया गया मंदिर का निर्माण मनभावन है. मंदिर में दर्शन-पूजन को वैसे तो हर दिन श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन महापावन छठ महापर्व और 25 जनवरी को लगने वाला टुसू मेला आकर्षण का खास केंद्र होता है. वैसे तो मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से बुनियादी सुविधाएं बहाल की गयी है, फिर भी कुछ न कुछ कमी रह ही गयी है. लगभग दस एकड़ में फैले इस मंदिर के विकास के लिए यदि सरकार पहल करे तो यहां की सूरत और भी बेहतर हो जायेगी.

अध्यक्ष रामदुर्लभ सिंह मुंडा का कहना है कि समिति की ओर से दर्शनार्थियों की सुवधिा को ध्यान में रख वैसे तो तमाम इंतजाम किये गये हैं, लेकिन साल दर साल यहां आने वाले भक्तों की संख्या में वृद्धि होने से व्यवस्था नाकाफी महसूस हो रही है. सड़क से मंदिर तक के स्ट्रीट लाइटें अक्सर खराब रहती है. मंदिर में भक्तों के लिए दो शौचालय हैं, जिसमें से एक नाकाम हो गया है. लोगों के ठहरने के लिए कुछ कमरे भी हैं, पर धर्मशाला की जरूरत महसूस होती है. बड़े आयोजन के लिए मोटी रकम खर्च कर अस्थायी मंच बनवाना पड़ता है. गर्मी के दिनों में दो बोरिंग से पानी की जरूरत पूरी नहीं हो पाती.



### रांची के मेन रोड का संकट मोचन मंदिर पार्किंग सुविधा नहीं होने से परेशानी

राजधानी रांची के मेन रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में पार्किंग के लिए लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. अगर बात करें शौचालय की तो मंदिर के ऊपर में ही कमरे और शौचालय बने हुए हैं. जरूरत पड़ने पर श्रद्धालुओं के लिए खोले जाते हैं वहीं दूर दराज से आए हुए लोगों को पार्किंग में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. जिन्हें भी गाड़ी की पूजा करवानी हो उन्हें रात को नो एंट्री के बाद ही आना पड़ता है. क्योंकि दिन भर गाड़ियों का जाम लगा रहता है. मंदिर के पुजारी श्यामानंद पांडे का कहना है कि हम लोगों ने पहले ही पार्किंग के लिए जगह मांगी थी. लेकिन अभी तक नहीं मिल पाया है. पूर्व में पार्किंग थी, बाद में वह भी कब्जे में चला गया. प्रसाद के दुकान लगा रहे दुकानदारों का कहना है कि मंदिर परिसर के बगल में मीट-मछली बेचा जाता है. साफ सफाई के नाम पर न ही एक डस्टबिन है और न ही सफाई की जाती है.


तपोवन मंदिर,रांची

### दर्शनार्थियों के लिए शौचालय नहीं

रांची के तपोवन मंदिर में पार्किंग स्थल है. वहीं दिव्यांग जनों के लिए मंदिर परिसर में जाने के लिए सीडीओ के बगल से रास्ता बना हुआ है. मंदिर के महंत ओम प्रकाश शरण ने बताया कि मंदिर परिसर में शौचालय है. लेकिन वह शौचालय दर्शनार्थियों के लिए नहीं है. उन्होंने बताया कि यदि मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों के लिए शौचालय की व्यवस्था की जाती है तो सरकार या नगर निगम की ओर से उसकी साफ सफाई के लिए एक दो व्यक्ति की नियुक्ति की जानी चाहिए. भक्तों का ध्यान रखने के लिए भी व्यक्ति होना चाहिए. हालांकि पूर्ववर्ती हेमंत सरकार के द्वारा इस मंदिर का सुंदरीकरण का काम पिछले वर्ष शुरू किया जा चुका है.


सुतियांबे गढ़

### मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है

रांची से 15 किमी दूर सुतियामबे गढ़ जहां मदरा मुंडा का शासन चलता था. वहां मूल सुविधाओं से वंचित है. श्रद्धालुओं के लिए कोई सुविधा नहीं है. पूजा पाठ करने के लिए पानी की सुविधा भी नहीं है. अतिथियों के रहने,खाने-पीने और पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है. सुतियाम्बे के पाहन अरविंद पाहन ने बताया कि मुड़हर पहाड़ में पूजा पाठ करने के लिए श्रद्धालु आधे किमी दूर से पानी लाकर आदिशक्ति की पूजा अर्चना करते हैं. पहाड़ पर चढ़ने के लिए सीढ़ी बनाई गई है. लेकिन वह भी धीरे-धीरे टूट रहा है.

### सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रयासरत है न्यास बोर्ड : जयशंकर पाठक

झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने कहा कि सभी मंदिरों और धार्मिक पर्यटन स्थलों में श्रद्धालुओं को पर्याप्त सुविधाएं मिले, इसके लिए न्यास बोर्ड लगातार प्रयास कर रहा है. बोर्ड यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि मंदिरों में पारंपरिक तरीके से पूजा हो, श्रद्धालुओं को सभी तरह की सुविधाएं मिले और मंदिर की मंदिरों की परिसंपत्ति सुरक्षित रहे. कई मंदिरों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं है. इसे लेकर मंदिर समिति को दिशा-निर्देश दिये जा रहे हैं. पार्किंग, पेयजल, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने के लिए मंदिर प्रबंधन के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन को भी निर्देश दिया जाता है. जब भी न्यास बोर्ड के पास मंदिरों में सुविधाओं के अभाव का मामला आता है तब सुविधाएं बढ़ाने के लिए संबंधित विभाग को लिखा जाता है.

# स्पोर्ट्स+



**31** वां टेस्ट शतक जड़ा जो रूट ने

- बिहार के रहने वाले 27 वर्ष के आकाश दीप बंगाल के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं
- 5 पारियों में पहला शतक जड़ा जो उनके करियर का 31वां टेस्ट शतक है.

**106** रन बनाकर नाबाद हैं जो रूट

**15** पारियों में रूट ने जड़ा पहला शतक

### रांची टेस्ट : पहले दिन इंग्लैंड ने सात विकेट पर 302 रन बनाए

# रूट के संयम ने इंग्लैंड को संकट से निकाला

भाषा । रांची

भारत को आकाश दीप के रूप में एक शानदार तेज गेंदबाज मिल गया लेकिन जो रूट ने शतक जमाकर अकेले दम पर इंग्लैंड को संकट से निकालते हुए चौथे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को सात विकेट पर 302 रन तक पहुंचाया. पहले दिन का खेल समाप्त होने पर रूट 226 गेंद में 106 रन बनाकर खेल रहे थे. उनके साथ ओली रॉबिनसन ने 31 रन बना लिये हैं. दोनों ने इंग्लैंड को आकाश दीप के दिये शुरूआती झटकों से निकाला. बिहार के रहने वाले 27 वर्ष के आकाश दीप बंगाल के लिये घरेलू क्रिकेट खेलते हैं. उन्होंने पहले घंटे में ही गेंद को दोनों तरफ से स्विंग कराके इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत नहीं करने दी. इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था. पहले सत्र में इंग्लैंड के पांच विकेट 112 रन पर गिर गए थे. पिछले तीन टेस्ट में 29, 2 , 5, 16, 18 , 7 रन बनाने वाले रूट ने संयम के साथ खेलते हुए पारी को संभाला. उन्होंने 15 पारियों में पहला शतक जड़ा जो उनके कैरियर का 31वां टेस्ट शतक है.

उन्होंने जबर्दस्त संयम का परिचय देते हुए अपनी पारी में नौ चौके लगाये. पांच मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड 2-1 से पीछे है, जिसे विशाखापत्तनम और राजकोट में पिछले दोनों टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी. इससे पहले आकाश ने दस गेंद के भीतर बेन डकेट (11), ओली पोप (0) और जाक क्रॉली (42) के विकेट चटकाये. उन्होंने 24 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने क्रमशः जॉनी बेयरस्टो और स्टोक्स को पगबाधा आउट किया. आकाश दीप ने दूसरे ही ओवर में क्रॉली का आफ स्टम्प उखाड़ दिया था लेकिन वह नो बॉल थी. नयी गेंद के उनके जोड़ीदार मोहम्मद सिराज लय के लिये जूझते दिखे जिन्हें खेलने में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशानी नहीं हुई. क्रॉली ने उन्हें लगातार तीन चौके और मिडविकेट पर छक्का लगाया. उन्होंने चार के स्कोर पर जीवनदान मिलने के बाद 32 गेंद में 32 रन बनाये. इसे देखते हुए कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से स्पिनर जडेजा को गेंद सौंपी. आकाश दीप ने दसवें ओवर में दो विकेट लिये जिसमें दो बार रिव्यू का इस्तेमाल भी हुआ और एक भारत के पक्ष में रहा.

**संक्षिप्त स्कोरकार्ड**

**इंग्लैंड पारी**
- 302/7, 90 ओवर

- जो रूट 106 रन, 226 गेंद
- जाक क्रॉली 42 रन, 42 गेंद
- आकाशदीप – 17–070–3

## बिहार के आकाशदीप का सपना रांची के जेएससीएस में साकार



डेब्यू मैच से पहले आकाशदीप ने लिया मां का आशीर्वाद.

- आकाश दीप का शानदार पदार्पण
- डेब्यू मैच में आकाशदीप ने चटकाए तीन विकेट

इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां चौथे टेस्ट में पदार्पण करने वाले आकाशदीप की मां लाडुमा देवी अपने बेटे को पदार्पण 'कैप' मिलते देखकर भावुक हो गयी जिससे उनकी आंखों में आंसू के साथ गर्व भी देखा जा सकता था. जब गुरुवार को आकाशदीप ने अपनी मां को फोन कर कहा कि मां, मैं कल भारत के लिए टेस्ट पदार्पण करना होगा और तुम्हें आना होगा. तो वह कुछ घंटों में 300 किमी की यात्रा करते हुए बिहार के रोहतास जिले के बड्डी गांव से रांची के जेएससीए स्टेडियम पहुंच गयीं. उनके साथ आकाशदीप की दो भतीजी और उनका चचेरा भाई बैभव कुमार भी मौजूद थे. तेज गेंदबाज आकाशदीप ने पहली ही घंटे में इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन पहुंचाकर अपने पहले ही मैच में प्रभावित किया, इससे लंच तक मेहमान टीम का स्कोर पांच विकेट पर 112 रन था. बेटे के प्रदर्शन पर फक्र महसूस कर रहीं उनकी मां ने कहा कि उसके पिता हमेशा उसे सरकारी अधिकारी बनाना चाहते थे लेकिन क्रिकेट उसका जुनून था और मैं उसका हमेशा साथ दिया.मैं उसे छुपकर क्रिकेट खेलने भेज देती थी. उन्होंने कहा कि उस समय अगर कोई सुनता कि तुम्हारा बेटा क्रिकेट खेल रहा है तो वे कहते, ये तो आवारा मवाली ही बनेगा'. लेकिन हमें उस पर पूरा भरोसा था और छह महीने के अंदर मेरे मालिक (पति) और बेटे के निधन के बावजूद हमने हार नहीं मानी क्योंकि हमें आकाशदीप पर भरोसा था. आकाशदीप के पिता रामजी सिंह सरकारी हाई स्कूल में 'फिजिकल एजुकेशन' शिक्षक थे और वह कभी भी अपने बेटे को क्रिकेटर नहीं बनाना चाहते थे. सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें लकवा मार गया और पांच साल तक बिस्तर पर रहे. उन्होंने फरवरी 2015 में अंतिम सांस ली. इसी साल अक्टूबर में आकाशदीप के बड़े भाई धीरज का निधन हो गया.

### टी-20 : एडम जम्पा ने की शानदार गेंदबाजी

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को हराया

- ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 72 रन से हराया
- तीन मैच की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को 2–0 की बढ़त
- एजम जम्पा ने चटकाए चार विकेट
- पहला मैच ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट से जीता था



भाषा । ऑकलैंड (न्यूजीलैंड)

एडम जम्पा के चार विकेट से ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड को 17 ओवर में 102 रन पर समेटकर दूसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच 72 रन से जीत लिया और तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की. दुनिया की दूसरी रैंकिंग पर काबिज न्यूजीलैंड पर श्रृंखला जीतने से ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले आत्मविश्वास से भरे होंगे.

ऑस्ट्रेलिया ने पहला मैच छह विकेट से जीता था. अब तीसरा टी-20 रविवार को ईडन पार्क में खेला जायेगा. ऑस्ट्रेलियाई टीम पावरप्ले में एक विकेट पर 72 रन बनाने के बावजूद 19.5 ओवर में 174 रन के स्कोर पर सिमट गयी. सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 22 गेंद में पांच छक्कों से 45 रन बनाये जिससे टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम यह स्कोर बना सकी. न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने 12 रन देकर चार और बेन सीयर्स ने 29 रन देकर दो विकेट झटके. ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह अंतिम 9.5 ओवर में 59 रन के अदर छह विकेट गंवा दिये. न्यूजीलैंड को खेल शुरू होने से पहले ही झटका लगा जब रचिन रविंद्र घुटने की हल्की चोट के कारण बाहर हो गये और डेवोन कॉनवे को भी विकेटकीपिंग करते हुए अंगूठे में चोट लग गयी जिससे उन्हें एक्स-रे कराने के लिए अस्पताल ले जाया गया.

जब पता चला कि कोई फ्रेक्चर नहीं है, तब कॉनवे मैदान पर लौटे, लेकिन वह फिर भी बल्लेबाजी नहीं कर पाये. न्यूजीलैंड ने बल्लेबाजी करते हुए 29 रन पर चार विकेट गंव दिये थे. ग्लेन फिलिप्स (42) और जोश क्लार्कसन ने पांचवें विकेट के लिए 45 रन जोड़े. लेकिन इसके बाद टीम का स्कोर जल्द ही छह विकेट पर 74 रन हो गया. फिर टीम 17 ओवर में 102 रन पर सिमट गयी.

## स्वदेश लौटे इंग्लैंड के स्पिनर रेहान अहमद

**रांची ।** इंग्लैंड के युवा लेग स्पिनर रेहान अहमद आपात पारिवारिक कारणों से स्वदेश लौट रहे हैं और भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के बाकी मैच नहीं खेल सकेंगे. 19 वर्ष के रेहान ने पहले तीन टेस्ट में 44 की औसत से 11 विकेट लिये हैं जिनमें विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में छह विकेट शामिल हैं. इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा कि रेहान अहमद निजी कारणों से तुरंत प्रभाव से स्वदेश लौटेंगे. वह भारत वापिस नहीं आयेंगे । उनकी जगह किसी और को टीम में शामिल नहीं किया गया है. चौथे टेस्ट के लिये इंग्लैंड टीम में रेहान की जगह शोएब बशीर को शामिल किया गया.

## गुडफेलो क्लासिक के सेमीफाइनल में अभय

**नयी दिल्ली ।** अभय सिंह टोरंटो में चैलेंजर टूर के गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए. शीर्ष वरीयता प्राप्त अभय ने फ्रांस के मेशियो लेवी को 13-11 , 11-7, 11-3 से हराया. हांगझोउ एशियाई खेलों में टीम वर्ग में स्वर्ण और मिश्रित युगल कांस्य जीतने वाले अभय का सामना अब मिस्र के अब्दुलरहमान अब्दुलखालिक से होगा. पिछले महीने अभय ने मुंबई में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन पीएसए टूर्नामेंट जीता था.

# आत्मविश्वास से भरपूर है स्मृति : विलियम्स

भाषा । बेंगलुरू

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कोच ल्यूक विलियम्स का मानना है कि स्मृति मंधाना कप्तान और प्रमुख बल्लेबाज के तौर पर दोहरी भूमिकाओं में खरी उतर रही है और आत्मविश्वास से ओतप्रोत हैं. डब्ल्यूपीएल के पहले सत्र में मंधाना दोहरी भूमिकाओं की अपेक्षा का बोझ नहीं सह पाई थी और उनकी बल्लेबाजी खराब हो गई थी. वह पहले सत्र में आठ मैचों में 149 रन ही बना सकी थी. विलियम्स ने कहा कि वह बहुत मेहनत कर रही है. आत्मविश्वास से भरी हैं और अपने खेल तथा कप्तानी को लेकर उत्साहित हैं. कप्तानी और पारी की शुरूआत की जिम्मेदारी बड़ी है. उन्होंने यूपी वारियर्स के खिलाफ डब्ल्यूपीएल 2024 के पहले मैच से पूर्व कहा कि उसे टीम से काफी सहयोग मिल रहा है. उसकी मदद के लिये कई सीनियर खिलाड़ी हैं और वह दोनों भूमिकाओं को पृथक रखने की कोशिश कर रही है. पिछले सत्र में आरसीबी पांच टीमों में चौथे स्थान पर रही थी. विलियम्स ने कहा कि मंधाना की कप्तानी में टीम इस बार स्थिर लग रही है.

उन्होंने कहा कि मैने द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव टीम के साथ सहायक कोच के तौर पर स्मृति के साथ काफी समय बिताया है. पिछले डब्ल्यूपीएल सत्र से काफी सबक लिया है. बतौर टीम और व्यक्तिगत स्तर पर भी. हम पिछली गलतियों से सबक लेकर उतरेंगे. महिला बिग बैश लीग में एडीलेड स्ट्राइकर्स को खिताब दिला चुके ऑस्ट्रेलिया के विलियम्स ने कहा कि इस बार आरसीबी के पास स्पिन और तेज गेंदबाजी में काफी विकल्प हैं. उन्होंने कहा कि हमने नीलामी के दौरान यही रणनीति अपनाई थी कि हर विभाग में हमारे पास विविधता हो.

### यूपी वॉरियर्स की निगाहें दूसरे सत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर : हीली

**मुंबई ।** कप्तान एलिसा हीली ने शुक्रवार को कहा कि श्रीलंकाई सुपरस्टार चामरी अटापट्टू के यूपी वारियर्स में शामिल होने से टीम में चयन को लेकर दुविधा होगी जो टीम के लिए अच्छी बात है. यूपी वारियर्स में काफी विदेशी खिलाड़ी मौजूद हैं जिसमें हीली के अलावा ग्रेस हैरिस, सोफी एक्लेस्टोन, तहलिया मैकग्रा, डेनियल वाट और अटापट्टू शामिल हैं. अटापट्टू को इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल की जगह शामिल किया गया. हीली ने शुक्रवार को कहा कि उनका जुड़ना हमारे लिए अच्छा रहा. निश्चित रूप से बल्ले और गेंद दोनों से टीम में गहराई होना अहम है. चामरी का शामिल होना अच्छा है. उन्होंने कहा कि इससे प्रबंधन और मेरे लिए अंतिम एकादश का चयन करना बहुत मुश्किल हो जायेगा.

# मुंबई के संकटमोचक बने मुशीर

भाषा । मुंबई

भारत के अंडर 19 विश्व कप स्टार मुशीर खान ने पहला प्रथम श्रेणी शतक जमाकर मुंबई को संकट से निकाला और बडौदा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के पहले दिन मेजबान ने पांच विकेट पर 248 रन बना लिये. 18 वर्ष के मुशीर ने दक्षिण अफ्रीका में अंडर-19 विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाये. मुशीर ने 216 गेंद में 10 चौकों की मदद से नाबाद 128 रन बनाये. उन्होंने दो अहम साझेदारियां भी करके मुंबई को संकट से निकाला जिसके चार विकेट एक समय 99 रन पर गिर गए थे. भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर को चोटिल हरफनमौला शिवम दुबे के विकल्प के तौर पर अंतिम एकादश में शामिल किया गया है.

### साई के पांच विकेट से सौराष्ट्र 183 पर सिमटा

कोयंबटूर । तमिलनाडु के कप्तान आर साई किशोर ने रणजी ट्राफी में शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां पांच विकेट चटकाकर गत चैंपियन सौराष्ट्र को क्वार्टरफाइनल के पहले दिन पहली पारी में 183 रन पर समेटने में मदद की. 27 वर्षीय साई किशोर ने 43 विकेट झटक लिये हैं जिससे वह इस सत्र में टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बन गये. इसके जवाब में तमिलनाडु ने स्टंप तक एक विकेट गंवाकर 23 रन बना लिये हैं.

## शिव कपूर व युवराज संधू संयुक्त 26वें स्थान पर

**मस्कट ।** भारतीय गोल्फर शिव कपूर और युवराज संधू ने 'इंटरनेशनल सीरीज ओमान' के पहले दौर में दो अंडर 70 का समान कार्ड खेला जिससे वे संयुक्त 26वें स्थान पर काबिज हैं. स्पेन के डेविड पुईग ने सात अंडर पार 65 के कार्ड से एकल बढ़त बनायी हुई है. अन्य भारतीयों में एस चिक्कारंगप्पा (71) संयुक्त 37वें जबकि करणदीप कोचर, एसएसपी चौरसिया और राशिद खान 72 का कार्ड खेलकर संयुक्त 59वें स्थान पर बने हुए हैं.

### एफआईएच प्रो लीग : पिछले मैच में नीदरलैंड से मिली हार को भुलाना चाहेगी भारतीय टीम

# अपराजेय ऑस्ट्रेलिया को हार का स्वाद चखाने उतरेगा भारत

भाषा । राउरकेला

- 06 मैचों में 11 अंक के साथ चौथे स्थान पर है भारत
- सारे छह मैच जीतकर टूर्नामेंट में अपराजेय है ऑस्ट्रेलिया
- महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6–4 से हराया था
- भारत को पिछले मैच में नीदरलैंड ने शूटआउट में 4–2 से हराया था

पिछले मैच की नाकामी को भुलाकर भारतीय पुरूष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के अगले मैच में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के अपराजेय अभियान में नकेल डालने की कोशिश करेगी. भारत ने पिछले मैच में दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ अच्छी हॉकी खेली लेकिन शूटआउट में 4-2 से हार गई. भारत इस समय छह मैचों में 11 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया सारे छह मैच जीतकर अपराजेय है. अपने घरेलू अभियान का अंत जीत के साथ करने के अलावा भारत की नजरें बदला चुकता करने पर भी लगी होंगी.



इस महीने की शुरूआत में भुवनेश्वर में भारत को ऑस्ट्रेलिया ने 6-4 से हराया था. ऑस्ट्रेलिया को हराने के लिये हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा. पिछले मैच में भारत का पेनल्टी कॉर्नर खराब रहा और हरमनप्रीत, जुगराज सिंह तथा अमित रोहिदास के लिये गोल करना मुश्किल हो गया था. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्हें बेहतर प्रदर्शन करना होगा. भारतीय डिफेंडरों ने डच टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया और मैन टू मैन मार्किंग देखने लायक थी.

मिडफील्ड और फॉरवर्ड पंक्ति का तालमेल भी जबर्दस्त था. ऑस्ट्रेलिया के फॉरवर्ड खिलाड़ियों को रोकने के लिये भी भारतीय डिफेंडरों को मुस्तैद रहना होगा. वहीं भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति को सर्कल के भीतर मौके बनाने होंगे और उन्हें गोल में बदलना होगा.

# हमेशा पुलिस अधिकारी बनना चाहती थी : दीप्ति

### पिछले महीने दीप्ति को उप्र पुलिस में बनाया गया था डीएसपी

- दीप्ति पिछले साल एशियाई खेल में स्वर्ण और राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी.

भाषा । नयी दिल्ली



जीवन में करियर का अलग रास्ता चुनने के बावजूद पेशे को लेकर सपना पूरा करने का मौका हर किसी को नहीं मिलता लेकिन भारतीय महिला क्रिकेट टीम की हरफनमौला दीप्ति शर्मा खुशकिस्मत हैं, जिन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस ने डीएसपी बनाया है क्योंकि पुलिस अधिकारी बनना उनके बचपन का सपना था. आगरा की रहने वाली दीप्ति को पिछले महीने उप्र पुलिस में डीएसपी बनाया गया और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन करोड़ रूपये नकद पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया. दीप्ति पिछले साल एशियाई खेल में स्वर्ण और राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी. दीप्ति ने से कहा कि मैं हमेशा से पुलिस अधिकारी बनना चाहती थी. मुझे हमेशा लगता था कि यह कठिन काम है लेकिन मैं एक बाद वर्दी पहनकर महसूस करना चाहती थी कि कैसा लगता है.

उन्होंने कहा कि मेरे माता पिता ने भी मेरा समर्थन किया. मैं और मेरा परिवार इस सम्मान से बहुत खुश हैं. दीप्ति को 2022-23 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिये बीसीसीआई के सालाना पुरस्कारों में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर चुना गया था. उन्होंने इस दौरान 38 विकेट लिये और 313 रन बनाये.

## ब्रीफ खबरें

### स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त कई बच्चे हुए घायल

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के नवीनगर थाना क्षेत्र में स्कूल बस पलट गई. घटना नवीनगर कोईरीडीह मुख्य पथ पर काशी तेंदुआ गांव के समीप की है, जहां एक स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से काफी संख्या में बच्चे घायल हो गए. सभी घायल बच्चों का इलाज निजी अस्पताल में कराया गया है. घायल बच्चों में झारखंड के जपला निवासी कुणाल राज, आर्यन पाठक, अनुखिल जिंदल, लक्ष्मी लता कुमारी, आर्यन कुमार, रिचा सिंह, स्नेहल सिंह, अश्विनी कुमार और नवाब अली हैं.

### ग्राम रक्षा दल की पुलिस से हुई भिड़ंत

**पटना।** बड़ी संख्या में महिला समेत ग्राम रक्षा दल (जीआरडी) के सदस्यों की पुलिस से भिड़ंत गई. जिसके बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा. राज्य भर से जीआरडी सदस्य बीरचंद पटेल पथ पर एकत्र हुए भाजपा कार्यालय की घेराबंदी करना शुरू कर दिया था. पुलिस ने बताया कि जीआरडी सदस्यों ने दैनिक भत्ता, मानदेय और ग्रामीण पुलिस और सरकारी स्कूलों के सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति में प्राथमिकता की मांग को लेकर पटना में सुबह 7 बजे से भाजपा कार्यालय के मुख्य द्वार के पास विरोध प्रदर्शन किया, जो लंबे समय से लंबित मांग थी.

### बंधन बैंक के कर्मियों से 12 लाख की लूट

**अररिया।** नरपतगंज में चार अपराधियों ने बंधन बैंक में लूट की घटना को अंजाम दिया. अपराधी बैंक के कर्मचारियों से 12 लाख लूटकर फरार हो गये. इस दौरान अपराधियों ने फायरिंग भी की. बैंक के दो कर्मी को गोली लगी. दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. हालांकि पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से पैसे लूटकर भाग रहे एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस बाकी 3 आरोपियों के लिए छापेमारी कर रही है. बताया जाता है कि बंधन बैंक के कर्मी मुख्य शाखा से पैसे लेकर नरपतगंज के पलासी शाखा जा रहे थे.

### सीवान में तेजस्वी के मंच पर शार्प शूटर बंटी! भाजपा ने राजद पर जमकर बोला हमला

# भ्रष्टाचार राजद का नेचर है और अपराध उसका सिग्नेचर : प्रभाकर

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र/पटना**



**तस्वीर वायरल**

- इन तस्वीरों ने सियासी में एक बार राजनीति गरमा दी
- राजद आती है तो अपराधियों का मनोबल बढ़ जाता है

पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की राज्य में चल रही जन विश्वास यात्रा में अपराधी प्रवृति के लोगों की सक्रियता और मंचासीन होने की वायरल हुई तस्वीरों ने सियासी राजनीति को एक फिर गरमा दिया है. भाजपा इसके खिलाफ ज्यादा मुखर है. ताजा मामला तेजस्वी की सिवान की सभा में कुख्यात शूटर मोहम्मद कैफ उर्फ बंटी की उपस्थिति वाली तस्वीर का वायरल होना है. सिवान में राजद नेता व पूर्व सांसद शादबुद्दीन की तूती बोलती थी और जिनके खलाफ किसी के मुंह तक नहीं खुलते थे. इस संबंध में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने शुक्रवार को कहा कि नेचर और सिंगनेचर कभी नहीं बदलता. भ्रष्टाचार राजद का नेचर है और अपराध उसका सिंगनेचर. अपराधियों के साथ राजद का पुराना रिश्ता रहा है.

यही वजह है कि राजद जब भी सत्ता में आता है, प्रदेश में अपराधियों का मनोबल बढ़ जाता है और आपराधिक घटनाओं में तेजी आ जाती है. यह कोई कही-सुनी बात नहीं है. बल्कि सोलह आना सच है. मिश्र ने कहा कि तेजस्वी यादव भी अपने पिता के नक्शे कदम पर हैं. कभी लालू की सभा में शहाबुद्दीन जैसा अपराधी उनके मंच पर होता था और आज तेजस्वी की सीवान की सभा में शार्प शूटर मोहम्मद कैफ उर्फ बंटी की मौजूदगी वाली तस्वीर सोशल मीडिया में वायरल हो रही है. वास्तव में तेजस्वी की 'जन विश्वास यात्रा' का मूल उद्देश्य घूम-घूमकर बिहार में अपराधियों को जागृत कर उसका हौसला बढ़ाना है. अपराध में तेजी लाना है. बिहार की कानून व्यवस्था को बिगाड़ने में राजद का बहुत बड़ा योगदान रहा है. मिश्र ने कहा कि अब बिहार में एनडीए की सरकार है और प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर पटरी पर लौट चुका है, तब तेजस्वी और राजद के नेताओं का कलेजा फट रहा है. ये लोग किसी तरह राज्य की शांति व्यवस्था भंग करना चाहते हैं. तेजस्वी की यात्रा का मकसद भी यहीं है. लेकिन तेजस्वी को यह भी याद रखना पड़ेगा कि वे अपने पिता के नक्शे कदम पर चलेंगे, तो एक न एक दिन पिता की तरह उन्हें भी जेल की हवा खानी पड़ेगी.

### राजद के बाद अब जदयू के विधायक भी केके पाठक का विरोध करने लगे हैं

# निशाने पर अपर मुख्य सचिव

**संवाददाता । पटना**



बिहार में नई सरकार के गठन के विपक्ष के निशाने पर सीएम नीतीश कुमार कम और उनके अधिकारी अधिक हैं. इस बार विपक्ष बिहार के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक को लेकर नीतीश सरकार पर हमलावर है. पाठक की गतिविधियों को लेकर बिहार विधान मंडल में शुक्रवार को भी काफी बहस हुई. वहीं राजद के बाद अब जदयू के विधायक भी केके पाठक का विरोध करने लगे हैं.

शुक्रवार को जेडीयू एमएलसी महेश्वर सिंह ने सवाल उठाया कि केके पाठक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेश को भी क्यों अनसुना कर रहे हैं. वे कितने ताकतवर हो गए. इससे पहले जदयू के ही गुलाम गौस और पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने भी गुरुवार को विधान परिषद में केके पाठक के रवैया पर चिंता जताई थी. विधान परिषद में जेडीयू के एमएलसी महेश्वर सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के आदेश और शिक्षा मंत्री द्वारा दोबारा स्थिति को स्पष्ट करने के बाद भी आरा में शिक्षकों पर कार्रवाई हुई. यह बहुत गलत बात है. उन्होंने सदन में बताया कि जिस दिन से यह सदन चल रहा है, एक व्यक्ति केके पाठक के लिए सदन का समय बर्बाद हो रहा है. अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग कभी छुट्टी कैंसिल करते हैं तो कभी स्कूलों का समय बदल देते हैं. हमलोगों ने तो अपने स्कूलों में 10:00 बजे से 4:00 तक पढ़ाई की. आखिर सरकार को केके पाठक से सरकार को क्या मोह हो गया है कि गलत से गलत आदेश पास हो रहा है और सरकार कुछ नहीं कर रही है. सदन का आधा समय भी इसी मुद्दे पर बीत रहा है. सबसे आश्चर्य की बात यह है कि यह ऑफिसर कितना ताकतवर है कि मुख्यमंत्री की बात भी नहीं सुन रहा.

#### सीएम नीतीश कुमार को हस्तक्षेप करना पड़ा

महेश्वर सिंह सत्तारूढ़ दल के पहले विधायक नहीं हैं, जिन्होंने विभाग की एक के बाद एक कार्रवाई पर चिंता व्यक्त की और सरकार को दुविधा में डाल दिया. भाजपा विधायकों के साथ-साथ विपक्ष के विधायक भी पाठक के खिलाफ मुखर हैं. सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सीएम नीतीश कुमार को हस्तक्षेप करना पड़ा है. यह मामला सिर्फ सरकार का नहीं है. कुलपतियों की नियुक्ति, विश्वविद्यालय के मामलों में कथित हस्तक्षेप या कुलाधिपति द्वारा नामित कुलपतियों और विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों को विभाग की बैठकों में बुलाने की प्रवृत्ति को लेकर भी राजभवन का पाठक के साथ लगातार टकराव होता रहा है. कुलाधिपति सचिवालय ने भी शिक्षा विभाग को दुरुस्त करने के लिए मुख्य सचिव को पत्र लिखा था. इससे पहले, शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को लेकर उनका बीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के साथ भी विवाद चल रहा था, जिन्होंने एक महीने से अधिक समय के लिए उनके कार्यालय में जाना बंद कर दिया था.

#### विवाद है कि स्कूल का समय सुबह 10 बजे से सुबह 4 बजे तक रहेगा

पिछले तीन दिनों से विपक्ष के लगातार विरोध के बीच सदन में सीएम के आदेश पर ताजा विवाद है कि स्कूल का समय सुबह 10 बजे से सुबह 4 बजे तक रहेगा, क्योंकि उन्होंने पिछले दिन सदन को आश्वासन दिया था, लेकिन शिक्षक नहीं रहेंगे. सामान्य प्रथा के अनुसार, 15 मिनट पहले आना और 15 मिनट बाद जाना आवश्यक है. इस मामले में सवालों का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सीएम ने जो कहा है, वह अंतिम आदेश है और उसका अक्षरशः पालन किया जायेगा. अगर इसका पालन नहीं किया गया, तो कार्रवाई की जाएगी. सदस्यों ने दुहराया कि इसके बाद भी केके पाठक पाठक शिक्षकों के लिए सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक के समय पर अड़े हुए हैं और अपने विभाग के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, जबकि छात्रों के लिए कक्षाएं सुबह 10 बजे से सुबह 4 बजे तक चलेंगी. जानकारी के मुताबिक केके पाठक के आदेश पर जिला शिक्षा अधिकारियों ने सुबह 9 बजे तक ड्यूटी पर नहीं आने वाले कुछ शिक्षकों के खिलाफ गुरुवार को भी कार्रवाई की क्योंकि सुबह 9 .05 बजे तक स्कूलों का निरीक्षण किया गया, जबकि सीएम ने घोषणा की थी कि यह 9 .45 बजे होना चाहिए. उन्होंने वेतन में कटौती का आदेश दिया. इधर जदयू प्रवक्ता नीरज ने कहा है कि जब सीएम ने सदन में कहा है कि शिक्षक 15 मिनट पहले आएंगे और 15 मिनट बाद जाएंगे, तो इससे बड़ा कोई आदेश नहीं है. सीएम के आदेश को लागू करना होगा और अगर ऐसा नहीं हुआ तो कार्रवाई होगी. चाहे वह एसीएस हों या कोई अन्य अधिकारी. सीएम के आदेश के बाद, अन्य आदेशों का कोई महत्व नहीं है. बता दें कि केके पाठक बिहार के एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं. जिन्होंने लगभग एक साल पहले शिक्षा विभाग का कार्यभार संभाला था. पिछले 10 वर्षों में उन्होंने जिस भी विभाग में काम किया, उनकी कार्यशैली के लिए उनकी चर्चा होती रही. हर विभाग में उनके समर्थक से ज्यादा विरोधी हो गए.

# नरेंद्र निर्विरोध चुने गए बिहार विस के उपाध्यक्ष

**विशेष संवाददाता। पटना**

नई सरकार के गठन के बाद जेडीयू नेता नरेंद्र नारायण यादव शुक्रवार को निर्विरोध बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष चुने गए. नरेंद्र नारायण ने सदन में इसके लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया. नीतीश कुमार को लेकर नरेंद्र नारायण ने कहा कि वह उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में आज यहां तक पहुंचे हैं. उन्होंने विजय कुमार सिन्हा व सम्राट चौधरी का भी आभार जताया. विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी के प्रति भी आभार व्यक्त किया. उन्होंने एक पंक्ति सुनाते हुए कहा कि पंच न किसी का दोस्त होता है और न दुश्मन होता है. पंच के मुंह से जो वाणी निकलती है वह खुदा के मुंह से वाणी निकलती है. मैं इस आसन पर रहकर के पक्ष और विपक्ष की बातों को सुनकर दोनों को साथ लेकर सदन की कार्यवाही को बढ़ाने का काम करूंगा. आगे नरेंद्र नारायण यादव ने संत कबीर की एक पंक्ति को सुनाया, कहा कि ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय, औरन को शीतल करे, आपहुं शीतल होए. नरेंद्र नारायण ने सबके प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी वाणी को समाप्त कर दिया.

# बिहार में सौर ऊर्जा से जगमग होंगे सभी थाने

**संवाददाता। पटना**

बिहार के सभी थाने और पुलिस भवन सौर ऊर्जा से जगमग होंगे. सीएम नीतीश कुमार ने शुक्रवार को बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा राज्य पुलिस एवं कारा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए 459.52 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 139 भवनों का उद्घाटन और 996.53 करोड़ रुपये की लागत से बननेवाले 192 भवनों का शिलान्यास किया. इस अववसर पर बताया गया कि बिहार सरकार पुलिस को आधुनिक बनाने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है. इसी कड़ी में शुक्रवार को बिहार के सभी पुलिस थाना और भवन में सौर ऊर्जा लगाने का काम हो रहा है.

सीएम नीतीश ने कहा कि बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम बेहतर कार्य कर रहा है. जिन योजनाओं का शिलान्यास हुआ है, जो भी बचे हुए कार्य हैं, उसे तेजी से पूर्ण किया जाएगा. सभी पुलिस थानों व पुलिस भवनों के ऊपर सोलर प्लेट लगवाया जाएगा, ताकि सौर ऊर्जा का वहां उपयोग हो सके. सभी पुलिस भवनों व थानों को दुरुस्त रखने का भी सीएम ने निर्देश दिया. पुलिस भवन एवं थाना में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था को लेकर निर्देश दिये.

## कारोबार

### सीएट बनेगी आईपीएल कुछ मैचों की प्रायोजक

**नयी दिल्ली।** टायर बनाने वाली सिएट अगले पांच साल के लिए आईपीएल मैचों के कुछ खंडों को प्रायोजित करेगी. कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि यह सौदा लगभग 240 करोड़ रुपये का हुआ है. सिएट लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आईपीएल मैचों के कुछ खंडों को प्रायोजित करने के लिए एक आधिकारिक भागीदार के रूप में चुना गया है. इसका कुल खर्च पांच वर्षों में लगभग 240 करोड़ रुपये है.

### बैंकों को प्रीपेड कार्ड जारी करने की अनुमति

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों को विभिन्न सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों के लिए भुगतान को लेकर पीपीआई (प्रीपेड कार्ड) जारी करने की अनुमति दी. पीपीआई या प्री-पेड कार्ड या उत्पाद के तहत भुगतान पहले कर दिया जाता है. इनके आने से यात्रियों के पास किराया देने के लिए नकद भुगतान के अलावा अन्य विकल्प होंगे. आरबीआई ने कहा कि यह साधन यात्रियों को आवागमन सेवाओं के लिए सुरक्षित और तेज डिजिटल भुगतान की सुविधा देगा.

### पेटीएम ऐप जारी रखने में करें मदद : आरबीआई

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से पेटीएम ऐप का यूपीआई परिचालन जारी रखने में मदद करने को कहा है. इसके तहत एनपीसीआई पेटीएम ऐप के यूपीआई परिचालन को जारी रखने के लिए 'थर्ड पार्टी ऐप' प्रदाता बनने की संभावना तलाशेगा. केंद्रीय बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 15 मार्च, 2024 के बाद अपने ग्राहक खातों और वॉलेट में धन लेने से रोक दिया है. आरबीआई ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक द्वारा संचालित हैंडल का उपयोग करके यूपीआई ग्राहकों को बिना किसी बाधा के डिजिटल भुगतान करने में सक्षम बनाने के लिए एनपीसीआई से 'थर्ड पार्टी ऐप' प्रदाता बनने की संभावना तलाशने को कहा है.

### भारतीय बाजार में बढ़ी चुनौती, पर उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही बोले

# उबर के लिए भारत में कारोबार करना आसान नहीं

**भाषा । नयी दिल्ली**

**70** से भी ज्यादा देशों में कारोबार कर रही है उबर कंपनी

#### ड्राइवरों को 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई हुई




बता दें कि पिछले साल ऐप बेस्ड कैब सर्विसेज देने वाली कंपनी उबर ने भारत में अपने परिचालन के दस साल पूरे किये थे. इस पर कंपनी ने एक रिपोर्ट जारी की थी. जिसमें कंपनी ने बताया है कि उसने भारत में अपने दस साल के परिचालन में ड्राइवरों को 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई करने में मदद की है. कंपनी की रिपोर्ट में यह दावा किया गया कि उसने भारत में ट्रैवल में क्रांतिकारी बदलाव किया है और 90 फीसदी भारतीय ऐसा मानते हैं. रिपोर्ट के अनुसार, उबर ने न सिर्फ भारतीयों के ट्रैवल के अनुभव को बेहतर बनाया, बल्कि साथ ही साथ उसने रोजगार का एक नया मॉडल भी तैयार किया.

**बड़ी चुनौती**

- कंपनी लो-कॉस्ट सर्विस पर ध्यान केंद्रित कर रही है
- कंपनी भारत में बस सेवा कारोबार बढ़ाना चाहती है

अमेरिकी कंपनी उबर का कारोबार दुनियाभर में फैला है. भारत में भी काफी पहले से है, लेकिन अब भी भारतीय बाजार पर वो पकड़ नहीं बन सकी है, जिसकी होनी चाहिए थी. इसकी बड़ी वजह बढ़ रही भारतीय ग्राहकों की पसंद और पैसे के बीच संतुलन बनाना है. वैसे आज बहुराष्ट्रीय कंपनी उबर दुनिया के 70 से भी ज्यादा देशों में कारोबार कर रही है. भारत भी उसमें से एक है. लेकिन उबर के लिए भारत में कारोबार करना आसान नहीं है.

कंपनी के सीईओ दारा खोसरोशाही का कहना है कि उनके लिए भारतीय बाजार चुनौतीपूर्ण बाजारों में से एक है. इंफोसिस के को-फाउंडर नंदन नीलेकणी से बेंगलुरु में पिछले दिनों हुई बातचीत में उबर के सीईओ ने बताया कि भारत उनके लिए सबसे मुश्किल बाजार है. खोसरोशाही ने कहा कि भारत में ग्राहक कम से कम खर्च पर अधिक से अधिक सेवाओं का लाभ उठाने को अधिक अहमियत देते हैं. उन्होंने कहा कि भारत में कारोबार करने से मिली सीख दुनिया के किसी भी दूसरे देश में कारोबार करना आसान बना देती है. उन्होंने कहा कि यदि वह यहां सफल हो जाते हैं तो फिर दुनिया के किसी भी देश में सफल हो जाएंगे.

उन्होंने कहा कि इस समय कंपनी यहां लो-कॉस्ट सर्विस सेगमेंट पर ध्यान केंद्रित कर रही है. यह है टूव्हीलर और थ्री व्हीलर सर्विस. उन्होंने कहा कि चुनौतियों के बावजूद भारत में उबर के लिए यह बेहतरीन दौर है. उन्होंने कहा कि भारत में अपनी टीम को लेकर वह गर्व का अनुभव करते हैं. उबर के अनुसार किफायती कारोबारी खंड में कारोबार का विस्तार करना उनकी नजर में सबसे बड़ा रणनीतिक अवसर है. कंपनी भारत में किफायती सेवा खंडों जैसे दोपहिया, तिपहिया एवं बस सेवा आदि में अपना कारोबार का दायरा बढ़ाना चाहती है. इससे पहले कंपनी केवल फोरव्हीलर सेगमेंट में कारोबार करने पर ही ध्यान केंद्रित कर रही थी. खोसरोशाही ने कहा कि अगर मौजूदा समय को देखें तो किफायती सेवा खंडों को लेकर हमारा जोश बुलंदी पर है. हम तिपहिया, दोपहिया खंडों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही उच्च क्षमता वाली उबर बस तैयार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं. भारत में एक बड़ी आबादी तक अपनी सेवाएं पहुंचाने का यह हमारे लिए महत्वपूर्ण अवसर है. उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी केवल उच्च मध्यम वर्ग तक ही न सिमट कर भारत में आबादी के एक बड़े हिस्से तक अपनी सेवाएं पहुंचाना चाहती है.

खोसरोशाही ने कहा कि दुनिया के दूसरे देशों की कंपनियां एवं सरकारें भारत में विकसित डिजिटल सार्वजनिक ढांचे से काफी कुछ सीख सकती हैं. उन्होंने कहा कि एक तकनीकी कंपनी के तौर पर उबर ओपन सोर्स तकनीक में काफी दिलचस्पी ले रही है और लोगों को इससे मिलने वाले अवसरों का महत्त्व भी बखूबी समझती है. मार्च 2023 में समाप्त वित्त वर्ष में भारत में उबर का रेवेन्यू 74 फीसदी बढ़कर 2,666 करोड़ रुपये पहुंच गया. उबर ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स, यूपीआई, डिजिलॉकर और आधार आदि के माध्यम से डिजिटल सार्वजनिक ढांचे का लाभ उठाने पर ध्यान देगी. उबर ने ओएनडीसी के साथ समझौता किया है. इसके तहत कंपनी उबर ऐप पर विभिन्न तरह की सेवाएं देने के लिए ओएनडीसी की खूबियों का लाभ उठाएगी.

# ईयू के कार्बन कर मुद्दे को दृढ़ता से उठाएंगे : गोयल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत कार्बन कर मुद्दे को यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ 'बेहद' दृढ़ता से उठाएगा और 27 देशों के संघ के साथ मिलकर इसका समाधान निकालेगा. उन्होंने कहा कि इसके साथ भारत मुद्दे को अवसर में बदलने के लिए खुद को तैयार करेगा. गैर-शुल्क बाधाएं और कार्बन कर जैसे एकतरफा उपाय भारत के लिए चिंता का विषय हैं. देश अंतरराष्ट्रीय व्यापार के नियमों के तहत स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से इससे निपटेगा. गोयल ने 'रायसीना डायलॉग 2024' में कहा कि जहां हमें जवाबी कार्रवाई करनी है, हम जवाबी कार्रवाई करेंगे. जहां हमें चर्चा करनी होगी और मुद्दों को द्विपक्षीय रूप से हल करना होगा हम चर्चा करेंगे और उन्हें हल करेंगे और जहां हमें इसे कानूनी तौर पर उठाना होगा वहां हम ऐसा करेंगे.

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सीबीएएम (कार्बन सीमा समायोजन प्रणाली) विभिन्न व्यवसायों के लिए चिंता का विषय रहा है. गोयल ने कहा कि सीबीएएम एक ऐसी चीज है जिसे हम डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) के नियमों के तहत मजबूती से उठाएंगे. आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, सीबीएएम एक जनवरी 2026 से यूरोपीय संघ में चुनिंदा आयात पर 20-35 प्रतिशत कर में तब्दील हो जाएगा. भारत के लौह अयस्क छर्रों, लोहा, इस्पात और एल्यूमीनियम उत्पादों के निर्यात का 26.6 प्रतिशत यूरोपीय संघ को जाता है. ये उत्पाद सीबीएएम से प्रभावित होंगे. भारत ने 2023 में यूरोपीय संघ को 7.4 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का ये सामान निर्यात किया था. गोयल ने कहा कि भारत इसे लाभ की स्थिति में बदल देगा. हमारे पास योजनाएं हैं, (लेकिन) मैं खुलासा नहीं कर सकता. लेकिन मैं आश्वस्त कर सकता हूं कि प्रधानमंत्री और उनकी टीम यह सुनिश्चित करेगी कि भारतीय कारोबारियों को कोई परेशानी न हो.

### शेयर सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स और मारुति नुकसान में रहे

# एनएसई का सूचकांक 22,212.70 अंक पर हुआ बंद

**भाषा। मुंबई**




**हुई गिरावट**

- बीएसई सूचकांक में 0.02 प्रतिशत की गिरावट हुई
- एफएमसीजी, दवा और वित्तिय शेयरों बढ़त रही

घरेलू बाजार में शुक्रवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं चुनिंदा बैंक शेयरों में अंतिम दौर की बिकवाली होने से मानक सूचकांक लगभग स्थिर स्तर पर बंद हुए.

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 15.44 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 73,142.80 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान सेंसेक्स 73,413.93 अंक के ऊपरी और 73,022 अंक के निचले स्तर पर रहा. हालांकि सेंसेक्स की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी लेकिन बाद में निवेशकों की मुनाफावसूली करने से यह नीचे चला गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 4.75 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 22,212.70 अंक पर बंद हुआ. हालांकि कारोबार के दौरान निफ्टी 22,297.50 अंक के रिकॉर्ड स्तर तक भी जाने में सफल रहा था. दैनिक उपभोग के उत्पाद (एफएमसीजी), दवा और वित्तीय शेयरों में बढ़त रही लेकिन आईटी एवं निजी बैंक शेयरों में गिरावट से यह खत्म हो गई. एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि निफ्टी ऊंचे स्तर पर खुला था लेकिन सुबह के सत्र की तेजी कायम नहीं रख पाया. मुनाफावसूली का जोर रहने से आखिर में यह दिन के निचले स्तर पर बंद हुआ. सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, मारुति, जेएसडब्ल्यू स्टील, टीसीएस, एसबीआई, आईटीसी और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से नुकसान में रहे.

दूसरी तरफ, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, एलएंडटी और विप्रो के शेयरों में तेजी का रुख रहा. जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज में शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार दिन में कारोबार के दौरान नए मुकाम को छूने के बाद थोड़ी देर के लिए थम गया. हालांकि बीएसई मिडकैप 0.25 प्रतिशत चढ़ गया.

जबकि स्मालकैप सूचकांक में 0.53 प्रतिशत की तेजी रही. क्षेत्रवार सूचकांकों में तेल एंव गैस खंड में 0.81 प्रतिशत और धातु खंड में 0.33 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि औद्योगिक उत्पाद खंड में 1.22 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई. कारोबार के दौरान एक समय रिलायंस इंडस्ट्रीज लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था.

# आईडियाफोर्ज की हुई अमेरिकी बाजार में इंट्री

**एजेंसी। वाशिंगटन**

भारतीय ड्रोन निर्माता कंपनी आईडियाफोर्ज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंकित मेहता ने कहा कि भारत के ड्रोन उद्योग ने पिछले 10 वर्षों में बड़ी छलांग लगाई है और कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद इसमें तेजी आई है. भारतीय ड्रोन निर्माण कंपनी आइडियाफोर्ज अमेरिकी ड्रोन बाजार में ऐसे समय में प्रवेश कर रही है जब वहां चीन में बने ड्रोन को खरीदने को लेकर अनिच्छा है. मेहता ने कहा कि मुझे लगता है कि वैश्विक महामारी से पहले ड्रोन के संबंध में नियम और कानून काफी सख्त थे. इससे पहले वे उपयोग तथा तैनाती के मामले में बहुत अधिक लचीलेपन की अनुमति नहीं देते थे. उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी के बाद से प्रौद्योगिकी को अपनाने का रास्ता खुला. अब लोग यथासंभव अधिक से अधिक ड्रोन का इस्तेमाल करना चाहते हैं.

मेहता ने कहा कि इसलिए हम प्रौद्योगिकी को अपनाने की प्रबल इच्छा रखते हैं. हम ऐसा करने के लिए बहुत अधिक नियामक समर्थन देख रहे हैं. मेहता देश में विभिन्न प्रकार के ड्रोन निर्यात करने के लिए अमेरिका के विभिन्न शहरों की यात्रा कर रहे हैं. बृहस्पतिवार को वह यहां वाशिंगटन डीसी पहुंचे. उन्होंने कहा कि आइडियाफोर्ज भारत में प्राप्त अनुभव को अमेरिकी बाजार में अपने साथ ला सकता है. मुंबई आईआईटी के एक समूह ने 2007 में आइडियाफोर्ज की स्थापना की थी.

## ब्रीफ खबरें

### चरस के साथ दो महिलाएं समेत चार गिरफ्तार

**महराजगंज।** महराजगंज जिले में भारत-नेपाल सीमा के सोनौली इलाके में दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 71 किलोग्राम चरस बरामद की गई. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चरस की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 50 करोड़ रुपये है. एसपी सौमेंद्र ने बताया कि बिहार निवासी नवी हसन मियां, गुड्डु यादव, रानी और सीमा को नेपाल सीमा से सोनौली की ओर एक कार में आते देखा गया. पुलिस ने उन्हें नियमित जांच के लिए रोका और उनके पास से चरस बरामद हुई.

### एलओसी के पास बारूदी सुरंग को नष्ट किया

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सेना के एक गश्ती दल ने सुरक्षित तरीके से एक जंग लगी बारूदी सुरंग को नष्ट कर दिया. अधिकारियों ने बताया कि मनकोट सेक्टर के बलनोई इलाके में सीमा बाड़ के पास बारूदी सुरंग पाई गई. विशेषज्ञों को बुलाया गया और बारूदी सुरंग को नष्ट कर दिया गया. अधिकारियों ने कहा कि घुसपैठ रोधी रूकावट प्रणाली के हिस्से के रूप में आगे के इलाकों में बारूदी सुरंगें हैं.

### नवी मुंबई में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी

**ठाणे।** नवी मुंबई पुलिस ने निवेश पर भारी मुनाफे का लालच देकर कई लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने यह दावा किया कि वह 'एसपीवीएस' नाम की कंपनी से जुड़े हैं और उन्होंने पीड़ितों से उनके माध्यम से शेयरों की खरीद-बिक्री में शामिल होने के लिए कहा. आरोपियों ने वादा किया था कि अगर कोई ग्राहक एक लाख रुपये का निवेश करेगा तो वह एक साल में दोगुना पैसा अर्जित कर लेगा.

### युद्ध क्षेत्र से दूर रहें भारतीय: विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को कहा कि वह रूसी सेना में सहायक कर्मियों के रूप में काम कर रहे भारतीयों की शीघ्र कार्यमुक्ति के लिए मास्को के संपर्क में है. विदेश मंत्रालय ने भारतीयों से यूक्रेन में संघर्ष क्षेत्र से दूर रहने का आग्रह किया है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का यह बयान एक खबर के बाद आया है जिसमें कहा गया है कि कुछ भारतीय संघर्ष क्षेत्र में रूसी सेना के सहायक कर्मियों के रूप में काम कर रहे हैं.

### तेंदुए के हमले से पांच महिला घायल

**देहरादून।** उत्तराखंड के टिहरी जिले के कीर्तिनगर वन क्षेत्र में तेंदुए के हमले की तीन अलग-अलग घटनाओं में पांच महिलाएं घायल हो गईं, जिसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वन विभाग को इस तरह की घटनाएं रोकने के लिए एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया. राज्य में जंगली जानवरों के हमले की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग प्रभावित इलाकों में चौबीसों घंटे सतर्क रहे.

## मैत्रेय बुद्ध की प्रतिमा



केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन की योजना के तहत भारत-भूटान सीमा पर बुरी में 113 फीट की मैत्रेय बुद्ध की मूर्ति बनाई जा रही है. -फोटो: पीटीआई

## 'पंबन रेलवे पुल' बहुत जल्द हो जाएगा तैयार: रेलवे बोर्ड अध्यक्ष

भाषा। नयी दिल्ली

रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा है कि देश की मुख्य भूमि को रामेश्वरम द्वीप से जोड़ने वाला भारत का पहला 'वर्टिकल-लिफ्ट' पुल 'पंबन' रेलवे पुल बहुत जल्द तैयार हो जाएगा. 'वर्टिकल लिफ्ट' पुल ऐसा पुल होता है जिसके मध्य भाग को ऊपर उठाया जा सकता है. वर्मा ने पुल निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करने के लिए हाल में रामेश्वरम का दौरा किया था. उन्होंने कहा कि पुनर्निर्माण कार्य बहुत अच्छे से हो रहा है और हम जल्द ही सेवाएं बहाल कर देंगे.

रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) वर्मा ने कहा कि पुल के निर्माण में आने



वाली कई चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए हमारे लोगों ने सराहनीय काम किया है. ऐसे समुद्र पर एक 'वर्टिकल-लिफ्ट' पुल का निर्माण किया जाना बहुत चुनौतीपूर्ण है जो अकसर उग्र हो जाता है. देश में यह अपनी तरह का पहला पुल है. मौजूदा रेलवे पुल को 1913 में बनाया गया था. उसे सुरक्षा की दृष्टि से 'परिचालन के योग्य नहीं' घोषित किए जाने के बाद मुख्य भूमि के मंडपम और रामेश्वरम द्वीप के बीच ट्रेन सेवाओं को 23 दिसंबर, 2022 को निलंबित कर दिया गया था.

### प. बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार ने अशांत क्षेत्र का दौरा किया

# संदेशखाली में प्रदर्शन फिर उग्र

भाषा। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में संकटग्रस्त संदेशखाली के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को सुबह फिर से विरोध प्रदर्शन हुए. पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया. शुक्रवार सुबह नाराज स्थानीय लोगों ने इलाके में जबरन जमीन हड़पने एवं महिलाओं का यौन शोषण करने के आरोपी तृणमूल कांग्रेस नेताओं की संपत्तियों में आग लगा दी. तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थानीय नेताओं के घरों में भी भीड़ ने तोड़फोड़ की. लाठियों से लैस प्रदर्शनकारियों ने संदेशखाली के बेलमाजुर इलाके में मछली पकड़ने के एक यार्ड के पास छप्पर वाले ढांचे को आग लगा दी और फरार तृणमूल नेता शाहजहां शेख एवं उनके भाई सिराज के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया. पता चला है कि जलाया गया ढांचा सिराज का था. बता दें कि संदेशखाली में स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर जबरदस्ती जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है जिसके बाद से यह जगह सुर्खियों में है. प्रवर्तन निदेशालय अधिकारियों के दल पर पांच जनवरी को भीड़ ने उस समय हमला कर दिया था जब उसने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में शाहजहां के आवास में प्रवेश करने की कोशिश की थी. शाहजहां तभी से फरार है.



#### टीएमसी नेता शाहजहां के सहयोगियों के आवासों पर ईडी के छापे

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धोखाधड़ी से जमीन हड़पने के एक पुराने मामले में तृणमूल कांग्रेस के फरार नेता शाहजहां शेख से जुड़े कारोबारियों के आवासों पर शुक्रवार को छापे मारे. एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ईडी ने हावड़ा, विजयगढ़ और बिराती सहित शहर में और उसके आसपास के पांच अलग-अलग स्थानों पर शुक्रवार को सुबह छापेमारी शुरू की. अधिकारी ने कहा कि यह छापेमारी शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी करके जमीन हड़पने के एक पुराने मामले से संबंधित है. ये लोग शाहजहां के साथ मछली के कारोबार में शामिल थे. हम कुछ विशिष्ट दस्तावेजों की तलाश कर रहे हैं. अधिकारी ने बताया कि ईडी मामले की सूचना रिपोर्ट के तौर पर आमतौर पर ईसीआईआर दर्ज करती है और यह आपराधिक मामलों में प्राथमिकी के समान होती है. अधिकारी ने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने बड़ी संख्या में केंद्रीय बलों के साथ हावड़ा के हलदरपारा में पार्थप्रतिम सेनगुप्ता नाम के मछली व्यापारी के आवास पर छापे मारे.

**पुलिस ने वर्षों तक कुछ नहीं किया:** एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि पुलिस ने वर्षों तक कुछ नहीं किया. यही कारण है कि हम अपनी जमीन और सम्मान वापस पाने के लिए सब कुछ कर रहे हैं. बाद में पुलिस इलाके में दाखिल हुई और उसने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की. कुमार अपराह्न में अशांत क्षेत्र में पहुंचे और स्थानीय लोगों से बात की. कुमार ने स्थानीय लोगों से कहा कि आप अपनी शिकायत दर्ज कराएं. हम कार्रवाई करेंगे. हम यहां पुलिस कैंप स्थापित करेंगे. लेकिन मैं आप सभी से अनुरोध करूंगा कि कृपया कानून अपने हाथ में न लें.

#### खास बातें

- दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का दिया भरोसा
- टीएमसी नेताओं की संपत्तियों में आग लगा दी

#### हम क्षेत्र में कानून का राज स्थापित करेंगे : डीजीपी

संवाददाताओं से बात करते हुए डीजीपी ने कहा कि पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी. हम क्षेत्र में कानून का राज स्थापित करेंगे. डीजीपी ने कहा कि कानून हाथ में लेने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन ने ग्रामीणों की हड़पी गई जमीन वापस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. इससे पहले डीजीपी ने बुधवार को संदेशखाली का दौरा किया था और वहां पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की थी. गुरुवार को कोलकाता लौटने से पहले वह रात भर वहीं रुके थे.

## जो खुद 'होश' में नहीं हैं, वे युवाओं को 'नशेड़ी' कह रहे हैं : पीएम मोदी

भाषा। वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग खुद 'होश' में नहीं हैं, वे युवाओं को 'नशेड़ी' कह रहे हैं. मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के करखियाव अमूल प्लांट परिसर में 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की 35 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता गांधी का नाम लिए बिना



कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार के युवराज का कहना है, जिसे सुनकर आप चौंक जाएंगे, युवराज काशी की धरती पर आकर कह रहे हैं कि काशी के नौजवान, उत्तर प्रदेश के नौजवान नशेड़ी हैं. यह कैसी भाषा है भाई. गांधी ने हाल में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान वाराणसी में कहा था कि उन्होंने कुछ युवाओं को नशे में धुत्त होकर सड़कों पर लेटे हुए और रात में नाचते हुए देखा था तथा उत्तर प्रदेश का भविष्य नशे में है. मोदी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश सभी सीटें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नाम करने वाला है. प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी को गाली देते-देते इन्होंने दो दशक बिता लिए, लेकिन अब ईश्वर रूपी जनता जनार्दन, उत्तर प्रदेश के नौजवानों पर अपनी कुंठा निकाल रहे हैं.

## भाजपा को मिले 335 करोड़ के चंदे की न्यायिक जांच हो: कांग्रेस

भाषा। नयी दिल्ली

कांग्रेस ने शुक्रवार को सरकार पर जांच एजेंसियों के माध्यम से 30 कंपनियों को ब्लैकमेल करके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 335 करोड़ रुपये का चंदा दिलवाने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को 'श्वेत पत्र' लाना चाहिए. पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि 'मोदी राज' में भाजपा को दिया गया 'अवैध चंदा' और चुनावी बॉन्ड ही कारोबारी सुगमता की गारंटी है. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र पर हफ्ता वसूली सरकार होने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच जरूरी है.

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सवाल किया कि क्या सरकार इस मामले पर 'श्वेत पत्र' लाने, बिंदुवार स्पष्टीकरण देने और उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच के लिए तैयार है? उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2018-19 से 2022-2023 में 30 कंपनियों से 335 करोड़ रुपये वसूले गए. यह हफ्ता वसूली है... रमेश के मुताबिक, इन 30 कंपनियों में से 23 कंपनियों ने वर्ष 2018 से पहले भाजपा को कोई चंदा नहीं दिया था, लेकिन 2018 के बाद इन 23 कंपनियों ने सत्तारूढ़ पार्टी को करीब 188 करोड़ रुपये का चंदा दिया.

### लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का निधन

**मुंबई।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का शुक्रवार को मुंबई के पी डी हिंदुजा अस्पताल में निधन हो गया. अस्पताल ने बताया कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री जोशी



(86) को दिल का दौरा पड़ने के बाद 21 फरवरी को अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने शुक्रवार तड़के अंतिम सांस ली. जोशी को पिछले वर्ष मई में मस्तिष्काघात के बाद भी इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जोशी सर के नाम से लोकप्रिय मनोहर जोशी अविभाजित शिवसेना से राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले पहले नेता थे और उन्होंने 1995 से 1999 तक इस पद पर सेवाएं दीं. जोशी संसद के सदस्य भी चुने गए थे.

## एयरोस्पेस में पूर्ण आत्मनिर्भरता जरूरी : एयर मार्शल आशुतोष

भाषा। नयी दिल्ली

वायुसेना उप प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने शुक्रवार को कहा कि एक राष्ट्र को औद्योगिक रूप से मजबूत बनना है और रक्षा क्षेत्र में, विशेष रूप से एयरोस्पेस के क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता जरूरी है. यहां आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने यह बात कही. उनके अनुसार, यह देखा जा रहा है कि दुनिया में हमारे आसपास हो रहे दो युद्धों के बाद आत्मनिर्भरता और अधिक महत्वपूर्ण होती जा रही है. दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित इस सम्मेलन का शीर्षक 'एनर्जाइजिंग इंडियन एयरोस्पेस इंडस्ट्री : आत्मनिर्भर भारत के लिए चुनौतियां' है. सम्मेलन में भारतीय वायु सेना के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी और रक्षा उद्योग संबंधी विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं. एयर मार्शल दीक्षित ने कहा कि हर देश आत्मनिर्भर बनना चाहता है. और हम देख रहे हैं कि...दुनिया में हमारे आसपास हो रहे इन दो युद्धों के बाद, यह और अधिक महत्वपूर्ण होता जा रहा है. उनकी टिप्पणी रूस-यूक्रेन संघर्ष और इज़राइल-हमास संघर्ष की पृष्ठभूमि में आई है. उन्होंने भारतीय वायुसेना में आत्मनिर्भरता की आवश्यकता और वर्तमान में बल के आगे बढ़ने की राह में आने वाली चुनौतियों पर जोर दिया.

### दाता के अंडाणु या शुक्राणु का उपयोग करने की होगी अनुमति

## सरोगेसी कानून के नियमों में संशोधन

भाषा। नयी दिल्ली

उच्चतम न्यायालय के सवाल उठाने के बाद सरोगेसी नियमों में एक महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है, जिसके बाद यदि पति-पत्नी में से कोई चिकित्सीय समस्या से पीड़ित है तो उन्हें दाता के अंडाणु या शुक्राणु का उपयोग करने की अनुमति होगी. न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूछा था कि वह इस संबंध में कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले नियमों में संशोधन किया है जिसमें कहा गया था कि 'सरोगेसी' (किराए की कोख) से संतान चाहने वाले जोड़ों के पास इच्छुक दाता जोड़े के अंडाणु और शुक्राणु होने चाहिए.



शीर्ष अदालत की एक पीठ ने पिछले साल दिसंबर में दो दर्जन से अधिक याचिकाकर्ताओं को सरोगेसी के माध्यम से मां बनने के लिए दूसरी महिला के अंडाणुओं का उपयोग करने की अनुमति देते हुए कहा था, ऐसे नियमों से सरोगेसी का मूल उद्देश्य ही विफल हो जाएगा. जनवरी में, न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूछा था कि कई महिलाओं के शिकायतें लेकर शीर्ष अदालत पहुंचने के बावजूद वह निर्णय क्यों नहीं ले पा रही है. केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पिछले महीने कहा था कि सरकार पिछले साल सरोगेसी कानून में लाए गए संशोधन पर पुनर्विचार कर रही है. उल्लेखनीय है कि 14 मार्च, 2023 को सरोगेसी के नियम 7 में किए गए संशोधन के बाद शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं दायर की गई थीं. नियम 7 में 'सरोगेट मां की सहमति और सरोगेसी के लिए समझौते' और पति के शुक्राणु से दाता के अंडाणुओं के निषेचन के बारे में बताया गया है.

## मछली पकड़ने वाली नाव से 350 करोड़ की हेरोइन जब्त

भाषा। वेरावल

गुजरात पुलिस ने गिर सोमनाथ जिले के वेरावल बंदरगाह के पास मछली पकड़ने वाली एक नाव से 350 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त कर चालक दल के नौ सदस्यों को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी.

अधिकारी ने बताया कि गुरुवार देर रात छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया गया. पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह जडेजा ने कहा कि एक गुप्त सूचना के आधार पर हमारी टीमों ने एक मछली पकड़ने वाली नाव पर उस समय छापा मारा जब वह वेरावल बंदरगाह के पास पहुंची. हमने 50 किलोग्राम हेरोइन बरामद की और यह कहां से आई इसकी जांच की जा रही है. वेरावल में पंजीकृत नौका पर सवार चालक दल के नौ सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है. 'एक्स' पर एक पोस्ट में गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने कहा कि जब्त किए गए मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 350 करोड़ रुपये (7 करोड़ रुपये प्रति किलोग्राम) है. सांघवी ने अपनी पोस्ट में कहा कि नशे के खिलाफ हमारे अभियान में एक और बड़ी सफलता. गुजरात पुलिस ने वेरावल बंदरगाह के नलिया गोली तट पर सीलबंद पैकेट में रखी 350 करोड़ रुपये कीमत की 50 किलोग्राम हेरोइन जब्त की.

### कॅरियर-काउंसिलिंग

# जियोलॉजी की पढ़ाई कर बना सकते है अपना कॅरियर

रजनीश प्रसाद। रांची

**एमएससी जियोलॉजी दो साल का पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री कोर्स है. जो इस क्षेत्र के व्यापक पहलुओं और इसके परस्पर जुड़े विषयों जैसे: पेलियोन्टोलॉजी, जियोग्राफी, एंथ्रोपोलॉजी आदि को शामिल करता है. जियोलॉजी में मास्टर ऑफ साइंस प्रीहिस्टोरिक टाइम्स से पृथ्वी की विभिन्न परतों के अध्ययन को शामिल करता है. समकालीन समय के लिए, यह पूरे वर्षों के विकास का भी एसेसमेंट करता है. यह छात्रों को वातावरण की विविध प्रक्रियाओं और जीवन के विकास में समझ प्रदान करता है. इसके साथ ही आप मिनरलोजी, जियोकेमेस्ट्री, पेट्रोलॉजी आदि जैसे विषयों के बारे में भी इसमें पढ़ते हैं.**



#### स्किल्स

- एक्सीलेंट एनालिटिकल स्किल
- बेसिक इंजीनियरिंग प्रिंसिपल को समझने की क्षमता
- जियोलॉजिकल एंड नेचुरल एनवायरमेंट को समझने के लिए रुचि
- मैपिंग टेक्निक
- फ्लेक्सिबिलिटी एंड वर्सेटिलिटी
- पेशेंस
- अच्छी साइंटिफिक एंड टेक्निकल स्किल्स
- अच्छी ऑब्जर्वेशन स्किल
- स्ट्रांग स्पोकन एंड रिटन कम्युनिकेशन स्किल

#### एमएससी जियोलॉजी के दौरान शामिल अन्य विषय

- जियोकेमिस्ट्री
- जियोफिजिक्स
- हाइड्रोज्योलोजी
- जियो-टेक्टोनिक्स
- क्रिस्टलोग्राफी
- नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट

#### भारतीय यूनिवर्सिटीज

- बीएचयू, वाराणसी
- एसपीपीयू, पुणे
- एमजीयू, कोट्टायम
- बनस्थली विद्यापीठ, जयपुर
- मुंबई यूनिवर्सिटी, मुंबई
- मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी, उदयपुर
- प्रेसिडेंसी कॉलेज, कोलकाता
- गॉसनर कॉलेज, रांची
- देवगिरी यूनिवर्सिटी, कोलकाता
- सेंट जेवियर्स कॉलेज

#### भारत के विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया इस प्रकार है

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)